# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-06-2022




मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरखनाथ मन्दिर में योग शिविर

# एसडीएम ने रास्ते से अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश

पाली (एसएनबी)। पाली क्षेत्र के पुण्डा गांव मे मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत पर गांव मे पहुचकर अतिक्रमण किए ग्रामीणों



को दो दिन के अन्दर अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिए। अतिक्रमण को लेकर ग्रामीण ने शिकायत किया था। जिसपर एसडीएम ने रास्ते का सीमांकन कर चिन्हित करते हुए अतिक्रमण किए ग्रामीणों को दो दिनो मे अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिए। इस दौरान नायव तहसीलदार अमित सिह,बीडीओ वृजेश यादव, थानेदार अंजुल कुमार चतुर्वेदी, कानुनगो अरविंद, लेखपाल सतेन्द्र सिह,सचिव चन्द्रशेखर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



गोरखनाथ मंदिर में प्रमुख सचिव आवास को स्मृति चिह्न भेंट करते एडीजी अखिल कुमार व प्रधान पुजारी कमलनाथ। फोटो : एसएनबी



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में योगा करते जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश व अन्य। फोटो : एसएनबी



गोरखनाथ मंदिर में योगा करते एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा व अन्य। फोटो : एसएनबी

# सीएम से फटकार मिलते ही विश्वनाथ का पुलिस ने लगाया पता



बेलीपार (एसएनबी)। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा फटकार पड़ते ही पुलिस ने बेलीपार थाना क्षेत्र के बिस्टौली खुर्द निवासी विश्वनाथ निषाद (45) वर्ष पुत्र कंता निषाद का पता लगा लिया है। बेलीपार पुलिस के मुताबिक विश्वनाथ निषाद की मौत 17 मई को कानपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी है। इतना ही नहीं उसके शव का अंतिम संस्कार भी कानपुर पुलिस ने लावारिस मानकर करा दिया है। जबकि मृतक की पत्नी चंदा कानपुर सेंट्रल से लगायत आसपास के अस्पतालों में जाकर अपने पति का पता लगाया लेकिन उसे पति के बारे में किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। पति के मौत की सूचना मिलते ही चंदा और उसके बच्चों का रोरोकर बुरा हाल है। लोगों की मांग है कि जीआरपी कानपुर के संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई होनी चाहिए क्यों कि जीआरपी यदि चंदा के पहुंचने पर उसके पति के बारे में जानकारी दी होती तो शायद लावारिस हालत में विश्वनाथ के शव का अंतिम संस्कार न कराना पड़ा होता। चंदा अंतिम समय में अपने पति का मुंह तो देख ली होती।

बेलीपार थाना क्षेत्र के बिस्टौली खुर्द निवासी वि नाथ निषाद 4 वर्ष पूर्व रोजीरोटी की तलाश में गोरखपुर से मुंबई जाकर सोफे का काम कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। घर पर पत्नी चंदा तथा उसके दो बेटे 18 वर्षीय अमन साहनी तथा 15 वर्षीय विकास अपने दादा के साथ रहते हैं। चार साल बाद 15 मई को वि नाथ ने अपनी पत्नी चंदा से घर आने के लिए ट्रेन पकड़ने की बात कही थी। रास्ते में कानपुर के पास सुल्तानपुर के रहने वाले अरविंद नामक युवक ने 17 मई को फोन कर पत्नी चंदा से बताया था कि वि नाथ की तबीयत खराब है और इन्हें कानपुर जीआरपी के पास उतार दे रहे हैं। तुम आकर ले जाना। चंदा ने पति से बात किया तो उसने चंदा को आने से मना कर बस से आने की बात कही थी। उसके बाद से मोबाइल स्विच ऑफ हो गया और फिर कोई सम्पर्क नहीं हुआ। पत्नी किसी अनहोनी की आशंका में कानपुर जीआरपी तथा आसपास के अस्पतालों में जाकर पता कि किंतु किसी भी जिम्मेदार ने वही मदद नहीं की और वह वापस लौट आई, फिर उसने बेलीपार पुलिस से पति के गायब होने की सूचना देकर तलाश करने की गुहार लगाई। जहां से उसे स्वयं पता लगाने की नसीहत देकर वापस भेज दिया गया। परेशान पत्नी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पत्र देकर पति के बारे में जानकारी करने की गुहार लगाई, किंतु फिर भी उसे निराशा ही हाथ लगी। अंततः निराश पत्नी अपने पति की तलाश में 20 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में पहुंच गई। मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के तुरंत बाद हरकत में आई बेलीपार पुलिस ने आज जीआरपी कानपुर सेंट्रल से बात कर 17 मई को अज्ञात व्यक्तियों की जानकारी मांगी तो चंदा के पति वि नाथ की अस्पताल में भर्ती होने के समय की फोटो प्राप्त हो गई। जिसे उसने पहचान लिया और उसे बताया गया इलाज के दौरान मौत के बाद पोस्टमार्टम कराकर उसका लावारिस में दाह संस्कार कर दिया गया है।

बेलीपार पुलिस के मुताबिक 17 मई को कानपुर में ही हो गयी थी मौत

इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया था भर्ती

पत्नी चंदा कानपुर सेंट्रल, आसपास के अस्पतालों में भी जाकर की थी पति की तलाश

कानपुर पुलिस ने लावारिस में करा दिया है अंतिम संस्कार

# जब जनता पुलिस के साथ खड़ी रहती है तो अपराधी उस क्षेत्र से कोसों दूर रहते हैं : विपिन टाडा

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के करमैनी घाट पर पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के अवसर पर एसएसपी विपिन ठण्डा ने कहा कि जब जनता पुलिस के साथ खड़ी रहती है तो अपराधी उस क्षेत्र से कोसों दूर भाग जाते हैं और जनसहयोग से निर्मित यह पुलिस चौकी बता रही है कि यहां कि जनता पुलिस के साथ खड़ी रहती है जिसके कारण इस क्षेत्र में हमेशा अमन चौन कायम है। उन्होंने क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता की अपेक्षा पर और जनता के सहयोग से इस जर्जर हो चुके चौकी का कायाकल्प सम्भव हो सका।

पूर्व चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह और वर्तमान में तैनात करमैनी चौकी इंचार्ज प्रभात सिंह, कांस्टेबल प्रदीप मिश्रा, नीलेश यादव, सोनू यादव, विकास वर्मा, रवि गुप्ता और क्षेत्रवासियो के अथक प्रयास से चौकी भवन का निर्माण कार्य संपन्न हो सका। उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने कहा कि थाना और चौकी का विकास वही कर सकता है जिसका क्षेत्र में पकड़ हो। इस मौके पर सीओ अजय कुमार सिंह,पीपीगंज थानाध्यक्ष दुर्गेश सिंह कैम्पियरगंज थानाध्यक्ष, रंजीत सिंह, कैम्पियरगंज विधायक प्रतिनिधि गणेश दत्त तिवारी, सुधीर पाण्डेय घनश्याम तिवारी, राकेश पाण्डेय ग्राम प्रधान कृष्णा पांडेय, रामकेवल साहनी, प्रमोद पांडेय, सतीश पांडेय, कैलाश चौरसिया, योगेंद्र निषाद, मधुसूदन गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



पुलिस चौकी का उद्घाटन करते एसएसपी डा. विपिन ताडा।

# बेटे का हत्यारा पिता अरेस्ट

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



## गुलरिहा में हुई हत्या के आरोपित पिता को मंगलवार को पुलिस ने किया अरेस्ट

### पत्नी ने ससुर और जेठ पर लगाया था हत्या का आरोप

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 June):**गुलरिहा पुलिस ने सोमई निषाद के हत्यारोपी पिता मोहित निषाद को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया लकड़ी का बांस बरामद कर लिया है. आपको बता दें कि 20 जून की शाम को जैनपुर टोला भगवानपुर निवासी 28 वर्षीय सोमई निषाद की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी. मृतक की पत्नी किरन की तहरीर पर पुलिस ने सोमई के पिता मोहित और भाई सुरेंद्र के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कराया था.

### आम तोड़ने को लेकर हुई थी हत्या

दरअसल सोमई ने दो पके आम तोड़ लिया था. यह देख उसके पिता और भाई पेड़ का सारा आम तोड़ दिए. मना करने पर दोनों ने लाठी डंडों से सोमई को बेरहमी से पीट दिया. जिससे उसकी मौत हो गई थी. जिसके बाद सोमई की पत्नी किरन ने हत्या का आरोप लगाया था और तहरीर दी थी. पत्नी किरन के अनुसार सोलई निषाद बेंगलुरु में पेंट पालिश का काम करते थे. 18 जून को ही वह घर आए थे. उनके तीन बच्चे हैं. बेटियों की उम्र 5 और 3 साल है, वहीं बेटा डेढ़ वर्ष का है.

### गले पर वार कर की थी हत्या

19 जून को श्यामसुंदर लोहे का गेट लगा रहा था. तभी उसके भाई व्यासमुनि और उसकी पत्नी ने उसकी पिटाई शुरू कर दी. इस दौरान गड़ासे से श्यामसुंदर के गले पर वार कर दिया. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी. पुलिस ने मृतक श्यामसुंद की पत्नी रमावती देवी की तहरीर पर पुष्पा, उसके पति व्यासमुनि और बेटे विवेकानंद के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था. पुलिस विवेकानंद की तलाश कर रही है.

# रिश्तों पर खून सवार

19 जून (रविवार) को पिपराइच इलाके में रिश्तों का कत्ल हुआ. यहां बड़े भाई ने

**केस 01**

अपने सगे छोटे भाई की गड़ासा मारकर हत्या कर दी. प्रॉपर्टी को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था, रविवार को बड़े भाई पर ऐसा खून सवार हुआ कि छोटे भाई की गड़ासे से मार डाला.

20 जून (सोमवार) को गुलरिहा इलाके के भगवानपुर में दो पके आम तोड़ने के

**केस 02**

विवाद में पिता और बड़े भाई ने मिलकर छोटे भाई की हत्या कर दी थी. मरने वाले युवक की पत्नी ने ससुर और जेठ पर हत्या का आरोप लगाया है. पत्नी ने आरोप लगाया कि ससुर और जेठ ने उनके पति को बेरहमी से पीटा था, जिससे उनकी मौत हो गई.

21 जून (मंगलवार) को तिवारीपुर के माधोपुर न्यू कॉलोनी में सोमवार की सुबह 22 वर्षीय विवाहिता की फंदे से लटकती

**केस 03**

डेड बॉडी मिली. जानकारी पर पहुंचे मायकेवालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया. बेटी की मौत से नाराज विवाहिता के घरवालों ने बवाल करना भी शुरू कर दिया. पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर उनका गुस्सा शांत कराया. बताया जा रहा विवाहिता के बच्चे भी थे. फॉरेंसिक जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

**i SHOCKING**

FILE PHOTO



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 June):** बीते रविवार, सोमवार और मंगलवार तीन दिन में 3 हत्याएं हुईं, जिनके खून से अपनों के ही हाथ सने हुए मिले. ये तीनों केस बानगी भर हैं. इधर लगातार जर, जोरू और जमीन के लिए रिश्तों का कत्ल हो रहा है. आए दिन प्रॉपर्टी या अन्य विवादों में भाई-भाई और पिता बेटा और पति पत्नी की हत्या कर दे रहा है. ये हत्याएं बयां कर रही हैं कि आधुनिक समय में रिश्तों की डोर कितनी कमजोर हुई है. साइकोलॉजिस्ट की मानें तो घर के बड़े-बुजुर्गों के पॉजिटिव दखल से ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती हैं.

## घर-घर के झगड़े की सबसे अधिक कंप्लेन

अभी हाल ही में गोरखनाथ मंदिर में सीएम के जनता दर्शन कार्यक्रम में सबसे अधिक प्रॉपर्टी के विवाद आए थे, जिसमें घर-घर के झगड़े सबसे अधिक थे. सीएम ने पुलिस को निर्देश भी दिया था कि प्रॉपर्टी के विवाद प्राथमिकता पर निपटाए जाएं. इसी तरह एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने लगातार ऑफिस में आ रही कम्प्लेन को देखते हुए फरियादियों का संबंधित पुलिस स्टाफ से आमना-सामना कराया. इस दौरान भी सबसे अधिक मामले प्रॉपर्टी के मिले थे.

## साइकोलॉजिस्ट की राय में इसलिए हो रही घटनाएं

- अधिक से अधिक पैसा पाने की लालसा बढ़ती जा रही है.
- एक दूसरे पर संदेह कर रहे हैं.
- डाउट होना, धोखा होना जैसी फिलिंग आने पर लोग अचानक से हो जा रहे जानलेवा.
- क्राइम होता है तो पता चलता है, उसकी सजा कितनी हुई? इसकी नहीं होती जानकारी.
- क्राइम करके पहुंच और जुगाड़ से बच जाएंगे.
- घर-घर के झगड़े में पुलिस डांट समझाकर छोड़ देती है.
- बार-बार हो रहे झगड़े को खत्म करने के लिए उठा लेते हैं गलत कदम.

## ऐसे रोक सकते हैं पारिवारिक विवाद

- अपनी मेहनत पर भरोसा रखें.
- किसी से बहुत अधिक उम्मीद ना पालें.
- किसी के लिए कुछ भी कीजिए, बदले में उसने क्या किया? इसकी उम्मीद ना पालें.
- सीनियर्स को रोल मॉडल की भूमिका में आगे आना होगा.
- घर-घर के झगड़े में पहले ही स्टेप में कड़े कदम उठाए जाएं तो लोग गलत कदम उठाने से कतराएंगे.

**GORAKHPUR CALLING!**

अगर आपके आसपास भी इस तरह के मामले हों और पुलिस कार्रवाई न कर रही हो तो हमें बताएं.

हमें व्हाट्सएप करें
**9424322370**



**घरेलू विवाद में जान लेने की प्रवृति के मामले बढ़ते जा रहे हैं. पैसे और प्रॉपर्टी की लालसा बढ़ती जा रही है. एक-दूसरे पर अब किसी को विश्वास नहीं रह गया है. सीनियर्स भी अब कुछ भी समझाने आगे नहीं आते हैं.**

**प्रो. अनुभूति दुबे,**
विभागाध्यक्ष, साइकोलॉजी डिपार्टमेंट

# चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। तिवारीपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार को चोरी की दो पहिया वाहन एक स्कूटी और एक सीडी डिलक्स बाइक बरामद किया। पकड़े गए युवकों की पहचान इमरान निवासी मिया बाजार पूरब फाटक थाना कोतवाली गोरखपुर के पास से बरामद कर सूर्यविहार ओवरब्रिज तिराहा रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया गया।



मंगलवार को आबकारी विभाग ने कच्ची शराब के ठिकानों पर छापेमारी की।

# कच्ची की ठिकानों पर छापे, शराब बरामद

गोरखपुर। डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीमों ने मंगलवार की सुबह कच्ची के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 125 लीटर कच्ची शराब के साथ इसके परिवहन के लिए प्रयुक्त हो रही बाइक को भी बरामद किया गया है। विभाग के प्रवर्तन अभियान सेक्टर दो के आबकारी निरीक्षक राकेश त्रिपाठी एवं मिथिलेश ने कच्ची शराब के संदिग्ध स्थलों पर छापेमारी की।

# छत की कुंडी से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

बेलीपार। बेलीपार थाना क्षेत्र के भरवल ग्राम में सोमवार रात 22 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में छत की कुंडी से लटककर आत्महत्या कर लिया। भरवल निवासी दिनेश निषाद अपने बड़े अखिलेश के साथ मुंबई में रह कर पेंट पॉलिश का काम करता था। इसी साल 22 अप्रैल को अखिलेश की शादी हुई थी। शादी के लिए सभी लोग मुम्बई से घर आए हुए थे।

# पिटाई से मौत मामले में दो पर केस दर्ज

**फॉलोअप**

- आरोपित पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बेटा अभी फरार
- गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में दो आम को लेकर हुई थी पिटाई

**भटहट, हिन्दुस्तान संवाद।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में दो आम को लेकर पिता के साथ मिलकर एक भाई ने अपने छोटे भाई की बेरहमी से पिटाई कर दी। पिटाई से घायल युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पिता व भाई के खिलाफ धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) मुकदमा दर्ज करते हुए मंगलवार को आरोपी पिता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के जैनपुर निवासी रामरतन निषाद को रविवार को आम तोड़ने को लेकर उसके पिता मोहित निषाद एवं भाई सुरेंद्र निषाद से विवाद हो गया था। आरोप है कि पिता व भाई ने मिलकर रामरतन निषाद की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी थी। मृतक की पत्नी किरन देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रविवार को साझे के एक पेड़ के आम को तोड़कर आपस में हिस्सा लगाया गया था। उसके कुछ देर बाद शाम लगभग पांच बजे पेड़ पर बचे दो आम को उसका पति तोड़ लाया था। उसी तोड़े हुए दो आम को लेकर उनके पिता और भाई ने मिलकर लाठियों से उसके पति को बुरी तरह से पीट दिया। सोमवार सुबह लगभग पांच बजे पति की मौत हो गई। पत्नी ने इसकी सूचना अपने मायके वालों को देने के साथ ही गुलरिहा पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुलरिहा पुलिस ने आरोपित पिता मोहित को मंदिर बाजार रोड से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपित के पास से मारपीट में प्रयुक्त एक डंडा बरामद करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# प्रेमिका के चक्कर में आपस में भिड़े दो युवक पहुंचे हवालात

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र के भटहट कस्बे में मंगलवार को एक प्रेमिका के चक्कर में दो युवक आपस में भिड़ गए। कहासुनी के बीच देखते ही देखते दोनों में जमकर मारपीट होने लगा। इसी बीच प्रेमिका ने डायल 112 को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया।

बताया जा रहा है कि महराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला जो तीन बच्चों की मां है, उससे श्यामदेउरवां निवासी एक व्यक्ति से नजदीकी संबंध लगभग पांच सालों से चल रहा है। इसी बीच पिछले छह माह से महिला का संबंध गुलरिहा क्षेत्र के लंगड़ी गुलरिहा निवासी एक व्यक्ति से कायम हो गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

हरपुर बुदहट। पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया, आरोपी युवक हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के प्रानपुर का निवासी है। उसके ऊपर नाबालिग लड़की ने गोरखपुर महिला थाने में कुछ दिन पूर्व दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। आरोपी लॉ का स्टूडेंट है। गीडा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि हरपुर बुदहट क्षेत्र के प्राणपुर निवासी सन्तोष ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और फिर दूसरी लड़की से शादी कर लिया।

प्रशंसा | होमगार्ड जवान हैं हरीलाल निषाद, पति के इलाज के लिए ओपीडी में जाते समय गेट पर गिरा पर्स लौटाया

# होमगार्ड ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

हि इनसे सीखें

गोरखपुर, हिन्दुस्तान संवाद। इंसान की नियति ठीक हो तो धन और ऐश्वर्य मायने नहीं रखता। अच्छे विचार और दूसरों के सुख-दुख की परख ही हर किसी को महान बनाती है। ऐसी ही मिसाल पेश की है जिला अस्पताल में तैनात होमगार्ड हरीलाल निषाद ने। उन्होंने मंगलवार को तीमारदार महिला के गहने और रुपए रखा बैग अस्पताल में पड़ा मिला। उन्होंने खोजकर उसके मालकिन को बैग लौटा दिया। होमगार्ड हरीलाल के इस नेक काम की हर कोई तारीफ कर रहा है।

- महिला का गहने और रुपए रखा बैग अस्पताल में गिरा था
- 10300 रुपये, एंड्रॉयड मोबाइल और सोने की एक अंगूठी रखी थी

ट्रांसपोर्टनगर निवासी मुरलीधर पिछले कुछ महीने से बीमार चल रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल के डॉक्टर ने उन्हें इलाज के लिए बुलाया था। 46 वर्षीय मुरलीधर की पत्नी सुमित्रा देवी उन्हें साथ लिए जिला अस्पताल पश्चिमी गेट पर पहुंचीं। इस दौरान उनका पर्स गिर गया।

सुरक्षा के लिहाज से तैनात होमगार्ड जवान हरीलाल की अचानक नजर पड़ी। हरीलाल ने पहले तो कुछ लोगों से पूछताछ कर पर्स के मालिक को जानना चाहा। लेकिन पता नहीं चलने पर वह बैग खोलकर देखे तो उसमें नकदी 10300 रूपए, एंड्रॉयड मोबाइल और सोने की एक अंगूठी रखी थी। उन्होंने ओपीडी में पूछताछ शुरू की तो पर्स की असली मालकिन सुमित्रा देवी सामने आ गई। हरीलाल ने पुष्टि के बाद पर्स को सुमित्रा देवी के हवाले कर दिया। वहां मौजूद सभी लोगों ने होमागार्ड के इस ईमानदारी पर बधाईयां दी। अधिकारियों ने भी इस कार्य पर प्रशंसा की।



मंगलवार को जिला अस्पताल में रुपये और गहने रखे पर्स सुमित्रा देवी को लौटाते होमगार्ड जवान हरीलाल निषाद। • हिन्दुस्तान

# थाने की 'दुराचारी सभा' से दबंग हिस्ट्रीशीटरों की पेशी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। हिस्ट्रीशीटर बदमाशों पर सख्ती के साथ ही उन्हें कानून का पाठ पढ़ाने के लिए जिले के सभी थानों में बीते एक महीने से 'दुराचारी सभा' हो रही है। प्रत्येक रविवार को होने वाली इस सभा में इलाके के 25 प्रतिशत दुराचारी (हिस्ट्रीशीटर) बुलाए जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने अब तक चार सभाएं कर ली है लेकिन अभी भी कई हिस्ट्रीशीटर थाने नहीं पहुंचे हैं।

सफेदपोश का चोला ओढ़कर घूम रहे इलाके के दबंगों व हिस्ट्रीशीटरों ने पुलिस के बुलावे को अभी तक नजरअंदाज किया है। वैसे जो हिस्ट्रीशीटर थाने नहीं पहुंच रहे हैं, उनके जमानतदारों को बुलाने का आप्सन भी अफसरों ने दिया है लेकिन इसी के साथ थानेदार की कार्यशैली और इलाके में पकड़ का पैमाना भी चेक किया जा रहा है। अगर जमानतदार भी थाने नहीं पहुंचे तो फिर थानेदार से लेकर बीट सिपाही तक की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा होना तय है।

**जमीन पर दरी बिछाकर बैठा रही पुलिस, भाग रहे हिस्ट्रीशीटर:** दरअसल, एक महीने पहले एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने जिले के सभी थानेदारों को टॉस्क दिया था कि वह अपने इलाके के सभी हिस्ट्रीशीटर को थाने पर बुलाकर उनका न सिर्फ सत्यापन करें बल्कि किसी तरह के अपराध में शामिल होने पर उन्हें कार्रवाई की हिदायत भी दें।

## गोरखपुर जिले में 1505 हिस्ट्रीशीटर

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, जिले में कुल 1505 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 135 निष्क्रिय हैं। कुछ उम्र के उस पड़ाव पर हैं कि वे अपराध नहीं कर सकते तो कइयों ने अपराध से तौबा कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 1370 हिस्ट्रीशीटर अब भी सक्रिय हैं। इनमें से 125 को पुलिस जेल भेज चुकी है।

> अलग-अलग 'दुराचारी सभा' में अब तक कितने हिस्ट्रीशीटर आए और कितने नहीं आए, इसकी समीक्षा की जाएगी। जो नहीं आए हैं, उनके जमानतदार बुलाए जा रहे हैं। वे भी नहीं आए तो जमानत निरस्त कराने सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी, गोरखपुर

# प्रभारी जेडी व एसपीओ होंगे बर्खास्त

## वाराणसी से आए अपर निदेशक अभियोजन ने दिनभर की जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज होने के बाद निलंबित हुए प्रभारी जेडी अभियोजन अशोक वर्मा व एसपीओ रणविजय को बर्खास्त करने की तैयारी शुरू हो गई है।शासन के निर्देश पर मंगलवार की दोपहर में जेडी कार्यालय पहुंचे वाराणसी के अपर निदेशक अभियोजन राजेंद्र शर्मा ने दिन भर जांच की।कर्मचारियों का बयान दर्ज करने के साथ ही कार्यालय में रखे कई दस्तावेज अपने कब्जे में लिए।शासन का सख्त रुख देख पुलिस ने भी कार्रवाई तेज कर दी है।

दोपहर 12.30 बजे वाराणसी के अपर निदेशक अभियोजन राजेंद्र शर्मा कचहरी स्थित संयुक्त निदेशक अभियोजन के कार्यालय पहुंचे।गैंगस्टर के आरोपितों से रुपये लेकर फाइल लौटाने के आरोपित प्रभारी जेडी रहे अशोक वर्मा और एसपीओ रणविजय की कार्यप्रणाली के बारे में कर्मचारियों से जानकारी ली।सबका बयान दर्ज करने के साथ ही सपा नेता कपिलमुनि यादव व उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पुलिस द्वारा भेजी गई फाइल और अभियोजन अधिकारियों द्वारा लगाई गई आपत्ति से जुड़ा दस्तावेज अपने कब्जे में लिया।अपर निदेशक अभियोजन तीन घंटे तक कचहरी में रहे।

### पीएसी कमांडेंट को विधिक सलाह देने की भी हो रही जांच

उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए जिले के एक युवक पर मुकदमा दर्ज था।सत्यापन में यह बात सामने आने के बाद उसका प्रशिक्षण रोक दिया गया था।जिलाधिकारी की अनुमति के बिना ही प्रभारी जेडी रहे अशोक वर्मा ने पीएसी कमांडेंट को विधिक सलाह देते हुए युवक का प्रशिक्षण कराए जाने की सलाह दी थी।जानकारी होने पर तत्कालीन जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने अशोक वर्मा से स्पष्टीकरण मांगने के साथ ही कार्रवाई के लिए अपर मुख्य गृह सचिव को पत्र लिखा था।अपर निदेशक अभियोजन वाराणसी राजेंद्र शर्मा इस मामले की भी जांच कर रहे हैं।

**मूल पते पर भेजा गया निलंबन का आदेश :** प्रभारी जेडी रहे अशोक वर्मा व एसपीओ रणविजय के निलंबन का आदेश जिलाधिकारी ने उनके मूल पते पर भेजवा दिया है।मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही दोनों अधिकारी कार्यालय नहीं आ रहे।

**सीओ ने वादी से मांगा स्टिंग का मूल वीडियो:** अभियोजन अधिकारियों के रुपये लेने का वीडियो बनाने वाले रामगढ़ताल के कजाकपुर निवासी दीपक यादव से सीओ कैंट ने मूल वीडियो मांगा है। दीपक ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराने के दौरान पुलिस को जो वीडियो दिया है उसमें वर्दी में दिख रहे व्यक्ति और उसका चेहरा छिपाया गया है। सीओ कैंट श्यामदेव बिंद ने बताया कि मूल वीडियो मिलने के बाद साफ होगा कि कार्यालय में कौन-कौन लोग थे। सभी लोगों का बयान दर्ज होगा।

# गोरखनाथ मंदिर में 500 लोगों ने शिविर में किया योगाभ्यास

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में बीते 15 जून से चल रहे योग शिविर और कार्यशाला का मंगलवार की सुबह सामूहिक योगाभ्यास के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर एक साथ 500 लोगों ने योगाभ्यास किया, जिनमें पंजीकृत योग प्रशिक्षुओं, मंदिर प्रबंधन के लोगों के अलावा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह, जीडीए के उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह आदि शामिल रहे। मंदिर प्रबंधन के द्वारिका तिवारी और वीरेंद्र सिंह की भी उपस्थिति रही।

योगाभ्यास का कार्यक्रम सुबह साढ़े पांच बजे गुरु श्रीगोरक्षनाथ योग संस्थान के योग प्रशिक्षक योगी सोमनाथ द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराने से शुरू हुआ। सुबह 6:40 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मैसूर से आनलाइन जुड़े। योगाभ्यास कर रहे लोगों ने उनका संबोधन सुनने के बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। अंत में प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखिल कुमार और मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ ने योग प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र दिया।

## सेंट्रल बैंक का चिकित्सा शिविर

**गोरखपुर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की ओर से क्षेत्रीय कार्यालय में निश्शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एके राणा, डा. अरुण श्रीवास्तव, डा.शिवानंद सिंह, डा.अजित प्रताप सिंह और डा.सोना घोष ने बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों की चिकित्सीय जांच की। जरूरतमंद लोगों को मुफ्त दवाइयां दी गईं। इस दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख एलबी झा, विनोद तिवारी, परविंदर भाटिया, संदीप जायसवाल, पीएन लाल, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# चोरी की स्कूटी व बाइक के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर : तिवारीपुर थाना पुलिस ने चोरी की स्कूटी व बाइक के साथ कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले आरोपित को सोमवार की रात गिरफ्तार किया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित इमरान कोतवाली क्षेत्र के मिया बाजार का रहने वाला है। मुखबिर की सूचना पर तिवारीपुर पुलिस ने सूर्य विहार तिराहा के पास सोमवार की रात को गिरफ्तार किया। (जासं)

# भ्रामक मैसेज करने वाला गिरफ्तार, सपा नेता पर भी कार्रवाई

**जासं. भटहट** : भटहट कस्बे में 18 जून को अग्निपथ योजना के विरोध में युवकों ने धरना प्रदर्शन करने के साथ ही सड़क जाम कर दिया था। सपा नेता मनमोहन यादव ने प्रदर्शन का वीडियो फेसबुक पर शेयर कर युवाओं को उकसाने का प्रयास किया था। गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार की सुबह मनमोहन यादव को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। जंगल अयोध्या प्रसाद गांव के सुभाष भारती ने वाट्सएप ग्रुप पर मैसेज शेयर किया था कि कई युवकों ने जान दे दी है। एसएसपी के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# साइबर अपराधियों से जुड़े हैं मोबाइल चोरों के तार

**जासं, गोरखपुर** : पूर्वांचल व आसपास के जिलों से चोरी हुए मोबाइल का इस्तेमाल झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के साइबर अपराधी कर रहे हैं। मोबाइल चुराने वाले गिरोह के सरगना व सदस्यों से पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली है। एक साइबर अपराधी 20 से 30 मोबाइल फोन व सिमकार्ड रखता है। झारखंड के साहबगंज जिले के रहने वाले मोबाइल चोर गिरोह के तार साइबर अपराधियों से जुड़े हैं।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

हरपुर बुदहट : दुष्कर्म तथा मारपीट के आरोप में हरपुर–बुदहट पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपित संतोष कुमार थाना क्षेत्र के प्रानपुर का रहने वाला है। थाने के उप निरीक्षक उदयभान सिंह ने बताया कि सुबह वह वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले थे। दबिश देकर घर के सामने से गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# समझिए योग की माया, निरोगी बनी रहेगी काया

## आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महानगर में विभिन्न जगहों पर आयोजित हुए योग शिविर, सभी वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक किया योगाभ्यास

आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरक्षनगरी योग के रंग में रंगी नजर आई। दो साल बाद लोगों ने कोरोना महामारी के साये से उबरते हुए खुले आसमान के नीचे योगाभ्यास किया। घर, पार्क, क्रीड़ा मैदान और प्रतिष्ठान तक योग की धूम रही। बच्चे हों या बुजुर्ग, महिलाएं हों या पुरुष सभी ने बढ़ चढ़कर योग शिविरों में भाग लिया। योग गुरुओं ने लोगों को प्राणायाम सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। साथ ही योग की मुद्राओं के लाभ के बारे में बताया। कहा कि समझिए योगा की माया, निरोगी बनी रहेगी काया...

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में व बाहर परिसर में लगभग पांच सौ लोगों ने योगाभ्यास किया।

साप्ताहिक योग शिविर के पंजीकृत योग प्रशिक्षुओं, गोरखनाथ मंदिर के अधिकारी व कर्मचारी, संस्कृत विद्यापीठ के आचार्यगण व छात्रगण कि साथ ही एडीजी अखिल कुमार, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह, गोरखपुर विकास प्राधिकारी के उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा, द्वारिका तिवारी व वीरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी भी योग शिविर में मौजूद रहे।



गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करते डीएम, एडीजी, एसएसपी, जीडीए उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य। संवाद

आयुष विभाग की ओर से महंत दिग्विजयनाथ पार्क और रामगढ़ताल स्थित जेट्टी पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जहां एडीएम एफआर राजेश कुमार व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लोगों ने योगाभ्यास किया।

पूर्वोत्तर रेलवे कार्मिक विभाग की ओर से मुख्यालय व तीनों मंडलों के प्रमुख स्टेशनों, प्रशिक्षण केंद्रों, डीजल लॉबी में योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यालय स्थित सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रमुख विभागाध्यक्षों, महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं, वरिष्ठ रेल अधिकारियों और उनके परिजनों ने योग प्रशिक्षक नेहा पटेल व संजय पांडेय के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया।

पूर्वोत्तर रेलवे बालक व बालिका इंटर कालेज के साथ ही सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी योगाभ्यास किया। योग आधारित वीडियो क्लिप का प्रसारण पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य स्टेशनों पर किया गया।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने कला संकाय पोर्टिको में योगाभ्यास कर निरोगी काया का मंत्र लिया। कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. केशव सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार सहित विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारियों के साथ एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स और एनसीसी के वालंटियर्स मौजूद रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला व सत्र न्यायालय में योग कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। जनपद न्यायाधीश के नेतृत्व में जिला कारागार में योग कार्यक्रम हुआ। शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंगल देव सिंह, प्रभारी सचिव प्रभात त्रिपाठी के साथ वरिष्ठ जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर आदि मौजूद रहे।



प्रमुख सचिव आवास को एडीजी व योगी कमलनाथ ने स्मृति चिह्न दिया। संवाद



गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित योग शिविर में कुलपति प्रो. राजेश सिंह, प्रो. अजय शुक्ला, प्रो. विनय सिंह व अन्य ने योगाभ्यास किया। संवाद

बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में योग शिविर का आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में मंत्री धीरेंद्र कुमार द्विवेदी, हेमंत कुमार मिश्र, रंजीत दुबे, भूपेंद्र धर दुबे, नफीस अख्तर, पीके दुबे, ललिता पांडेय, सतीश पांडेय, सत्य प्रकाश पांडेय, विशाल त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, राज कुमार, राकेश गिरी आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

**हरपुर बुदहट।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

जानकारी के मुताबिक, गीडा इलाके की नाबालिग लड़की ने महिला थाने में केस दर्ज कराया था। आरोप था कि शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया और गर्भपात भी करा दिया। बाद में शादी से इनकार कर जान से मारने की धमकी देने लगा था। मंगलवार को पुलिस ने दर्ज केस के आरोपी संतोष को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

# हत्या की कोशिश करने वाली महिला पकड़ी गई

गुलरिहा। इलाके से कमलेश नामक बालक का अपहरण कर उसके हत्या के प्रयास में वांछित चल रही महिला को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया।

पकड़ी गई महिला की पहचान उतरासोत गांव निवासी गुड्डी के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, चिलुआताल के उतरासोत गांव निवासी कमलेश (13) के पिता महेंद्र ने गांव के अलगू को 80 हजार रुपये उधार दिया था। पिता महेंद्र व मां कैलाशी की मौत हो गई। इसके बाद कमलेश पिता के दिए रुपये मांगने लगा।

यह बात अलगू को नागवार लगी तो अलगू अपनी पुत्री गुड्डी और उसके दोस्त शमशाद उर्फ सोनू के साथ मिलकर 18 नवंबर 2020 को ननिहाल जा रहे कमलेश का अपहरण कर लिया और बंधक बनाकर जमकर पिटाई करने के बाद बेहोशी की हालत में मरा समझकर सिसईघाट के पास छोड़कर फरार हो गए थे। ब्यूरो

# बेटे की हत्या के आरोपी पिता को जेल भेजा

**भटहट।** गुलरिहा इलाके के भगवानपुर गांव के जैनपुर टोले में आम तोड़ने के विवाद में युवक सोलई (29) की पीटकर हत्या करने के आरोपी पिता मोहित को पुलिस ने जेल भिजवा दिया। पुलिस सोलई की पत्नी की तहरीर पर पिता और भाई पर गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज की थी।

भगवानपुर निवासी सोलई रविवार शाम घर के बरामदे में बैठे थे। वे दो पका आम तोड़कर खा रहे थे। आरोप है कि इसके बाद सोलई के पिता मोहित निषाद, भाई सुरेंद्र निषाद पहुंचे और पेड़ से सारा आम तोड़ने लगे। जिस पर सोलई ने उन्हें मना किया। आरोप है कि इसके बाद पिता और भाई ने सोलई की पिटाई कर दी। वह घायल अवस्था में घर पर ही थे। सोमवार की भोर में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# हत्या की कोशिश का आरोप लगाया

**भटहट।** मंगलवार शाम महिला ने युवक पर गला दबाकर जान से मारने का कोशिश करने का आरोप लगाते हुए गुलरिहा थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला का पति बाहर रहता है। महिला के अनुसार उसका संबंध पड़ोसी युवक से चार साल से चल रहा है। पति जब बाहर से घर वापस आ गया तो महिला ने अपने प्रेमी को फोन करने तथा मिलने से मना कर दिया। महिला का आरोप है कि इससे नाराज प्रेमी तथा उसका दोस्त गांव से बुलाकर बाइक पर बैठाकर भटहट ले आया। कहीं सुनसान जगह पर ले जाकर दोनों ने गला दबाकर मारने का कोशिश की। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 22-06-22

# तीन के विरुद्ध मारपीट सहित लूट का केस

मदनपुर (एसएनबी)। मदनपुर पुलिस ने तीन के विरुद्ध मारपीट सहित लूट का मुकदमा दर्ज किया है। तीनों आरोपियों ने दो दिन पूर्व शाम को एक कार सवार को मारपीट कर रुपये व सोने की चेन लूट लिया था। पीड़ित के तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा कायम किया है। हरनही गांव निवासी भुवनेश्वर सिंह पुत्र स्व. श्रीराम सिंह इण्टर कालेज गनियारी में लिपिक हैं। वह अपने कार से रविवार की शाम 7.30 बजे विद्यालय के काम से अपने घर से निकले थे। वह नेतवार पानी की टंकी के पास पहुंचे तो उनके गांव का एक व्यक्ति नशे में सड़क पर पड़ा मिला। उन्होंने नशे की हालत में पड़े हुए व्यक्ति को सड़क से किनारे किया। उस दौरान गाड़ी का फाटक खुला हुआ था। आरोप है कि उसी समय तीन लोग उनकी गाड़ी के पास आये और उसमें रखा 25 हजार रुपये व विद्यालय के आफिस लूट लिये। विरोध करने पर उन लोगों ने मारापीटा। साथ ही गले से 18 ग्राम की सोने की चेन भी छिन ली। यहीं नहीं आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। बुरी तरह से घायल भुवनेश्वर सिंह को प्रा. स्वा. केन्द्र महेन ले जाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 392, 323, 506 के तहत अमित यादव पुत्र कौशल, देवानन्द पुत्र बृद्धिचन्द, पंकज पुत्र राजेश के विरुद्ध मुकदमा कायम किया है।

हिन्दुस्तान दि० 22-6-22

# फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दे रही है दबिश


फॉलोअप

बरहज, हिन्दुस्तान संवाद। अग्निपथ स्कीम का विरोध करने वाले फरार व नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। दो दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए 18 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। बवाल में शामिल 16 नामजद आरोपियों को पुलिस चिन्हित कर चुकी है। चिन्हित लोगों पर विविध धारा में केस दर्ज करने के बाद से पुलिस की गठित टीमें फरार आरोपियों की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है।

पुलिस की गठित चार टीम ने सोमवार रात लवरछी, रगरगंज, मेहियवां, कपरवार, नौकाटोला, बारा दीक्षित, बढ़ौना हरदो, सोनाड़ी, महेन समेत कई गांवों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। बावजूद पुलिस को सफलता हाथ नहीं लग सकी।

पूरी रात संभावित स्थानों दी गई दबिश के बाद टीम को कुछ हाथ नहीं लगा। मंगलवार अल सुबह एसओ जयशंकर मिश्र फोर्स के साथ दर्जनों गांवों में पहुंचे।

देर शाम तक दी गई दबिश के बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से दूर रहे। बताया जा रहा है कि नामजद आरोपी गांव छोड़ फरार चल रहे हैं। गांवों में उनका कुछ पता नहीं चल रहा है। पुलिस उनके रिश्तेदारों के वहां भी दबिश दे रही है।





रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम, तहसील व ब्लॉक मुख्यालय और माध्यमिक व परिषदीय विद्यालयों में हुआ योग

# जिले में लाखों लोगों ने किया योगाभ्यास

**आयोजन**

[illegible]



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में दीप प्रज्वलित कर योग दिवस की शुरुआत करते हुए [illegible] • हिन्दुस्तान

**06** बजे सुबह से शुरू हुआ कार्यक्रम

**15** मिनट तक स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग जरूरी

- डीएम, एसपी, सीडीओ, सीएमओ समेत कर्मचारियों ने भी किया योग
- गैर सरकारी संगठनों, कई संस्थाओं ने किया योग का आयोजन

## यूट्यूब पर हुआ स्टेडियम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

योगाभ्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल पर हुआ। इसके लिए कैमरे के जरिए प्रसारित किया गया। मंच के दक्षिण तरफ एक लैपटॉप पर [illegible] कैमरा लगाया गया था। इसकी मॉनीटरिंग डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजीव मिश्र स्वयं करते रहे।

## कामना के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन

योगाभ्यास पूर्ण होने के बाद सभी ने एक साथ सर्व कल्याण की कामना की। वैदिक मंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा ... मंत्र का उच्चारण करते हुए सभी के कल्याण की कामना की गई। योग दिवस के कार्यक्रम का समापन स्टेडियम में हुआ।

## विभिन्न तरह के योगासनों का अभ्यास करवाया

[illegible]

## योगाभ्यास शिविर का आयोजन हुआ

[illegible]

## रोवर्स रेंजर्स और एनएसएस ने किया योगाभ्यास

[illegible]

## 1300 एनसीसी कैडेट ने किया योग

देवरिया। आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर [illegible] उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी से संबद्ध 14 विद्यालयों के 1300 एनसीसी कैडेटों ने योग किया। [illegible]

## विद्यालयों व संस्थाओं में भी हुआ योग

देवरिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न संस्थाओं और विद्यालयों में योगाभ्यास किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। [illegible]

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया गया योग दिवस

**आयोजन**

गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गौरीबाजार में भी स्कूल, कालेजों व अन्य संस्थाओं में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। [illegible]

नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी [illegible]

## लोगों ने योग कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

भटनी। क्षेत्र में गांव गांव हर घर लोगों ने विश्व योग दिवस योगासन कर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। सरकारी, गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों पर भी लोगों ने योगासन किया। [illegible] आदि स्थानों पर एकत्रित लोगों ने योग गुरुओं के कुशल निर्देशन में योग किया।

बीडीओ, एडीओ पंचायत अम्बिका प्रसाद ने कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया।

इस दौरान लोगों ने वृक्षासन, ताड़ासन, उष्ट्रासन, वज्रासन, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम योग का अभ्यास किया ताकि निरोग रह सकें। योग को प्रतिदिन करने के लिए संकल्प लिया।

दैनिक जागरण दि० - 22-6-22

# दो बदमाश गिरफ्तार, लूटी गई चेन भी बरामद

जासं, **गौरीबाजार**: गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर स्थित मझना नाले के समीप से पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मंगलवार की भोर में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूट की चेन व अन्य सामान बरामद किया। दोनों को जेल भेज दिया गया।

उप निरीक्षक महेंद्र मोहन मिश्र पुलिस टीम के साथ गौरीबाजार थाना क्षेत्र के मझना नाला के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच गोरखपुर की तरफ से एक बाइक पर सवार दो युवक आते हुए नजर आए। पुलिस टीम ने बाइक सवारों को रोक लिया और कागजात मांगा। पुलिस के कागजात मांगते ही बाइक सवार भागने लगे। पुलिस टीम ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम मुकेश व सूरज राठौर बताया। वह गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के बदुरहिया के रहने वाले हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि 17 जून को गोरखपुर से बाइक से लौट रहे कतरारी के धर्मेंद्र व उनकी पत्नी पानमती से पर्स लूट लिया था।



पुलिस की गिरफ्त में बदमाश • जागरण

दैनिक जागरण दि० 22-6-22

# महिला की हत्या में छह आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

- बघौचघाट क्षेत्र के मोतीपुर में पांच दिन पूर्व मारपीट में महिला की हुई थी मृत्यु
- फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तार को पुलिस दे रही दबिश

जासं, पथरदेवा: मारपीट में दौरान हुई महिला की मृत्यु के मामले में फरार चल रहे छह आरोपितों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी आरोपित जेल भेज दिए गए। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में पुरानी रंजिश में पांच दिन पूर्व मारपीट हो गई। जिसमें आयशा खातून की मृत्यु हो गई। मृतका के पित अतिउल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने 13 नामजद व 12 अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सुबह पुलिस ने आरोपित शमशाद, महिबुल्लह, अबर्तुन खातून, जैदा खातून, नूरजहां, शाहजंहा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष उपेंद्र मिश्र ने बताया कि जल्द ही अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दैनिक जागरण दि० 22-6-22



# योग करें, निरोग रहें का दिया संदेश

रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह (बाएं) पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • आनंद मणि

दैनिक जागरण दि०-22.6-22

# रेलवे स्टेशन पर बम निरोधक दस्ता अलर्ट

## शहर के सार्वजनिक जगहों पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस व पीएसी तैनात



सदर रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च करती जीआरपी • जागरण



सदर रेलवे स्टेशन पर जांच करती विध्वंस निरोधक टीम • जागरण

**जागरण संवाददाता, देवरिया**: अग्निपथ योजना के विरोध को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट है। सदर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की जांच के लिए बम निरोधक दस्ते के साथ एंटी सबोटाज चेक टीम (विध्वंस निरोधक टीम) पहुंची। टीम ने पूरे परिसर की जांच की। कोई व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु नहीं मिला। रेलवे स्टेशन की निगरानी में पीएसी, पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ पूरे दिन लगी रही। सार्वजिक जगहों पर भी पीएसी व पुलिस मुस्तैद रही। बम निरोधक दस्ते को अलर्ट किया गया है।

अग्निपथ के विरोध में जनपद में युवाओं के विरोध को देखते हुए पुलिस अधिकारी मंगलवार की सुबह सदर रेलवे स्टेशन पहुंचे। एसपी संकल्प शर्मा के अलावा एएसपी डा.राजेश सोनकर व सीओ श्रीयश त्रिपाठी पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में पैदल मार्च किया। बिहार की तरफ से आने वाली ट्रेनों की जांच की गई। पुलिस को शक था कि युवा भोर में ट्रेनों के माध्यम से देवरिया आ सकते हैं। पुलिस लाईंस से एंटी सबोटाज चेक टीम ने संदिग्ध वस्तुओं की सघन जांच की। कहीं से कोई वस्तु संदिग्ध नहीं मिली।

पुलिस व पीएसी ने सुबह पैदल मार्च किया। शहर के सुभाष चौक, कलेक्ट्रेट गेट, रोडवेज आदि जगहों पर बड़ी संख्या में पीएसी तैनात की गई। रोडवेज परिसर में भी पीएसी के जवानों की पैनी नजर थी। इसके अलावा भटनी, सलेमपुर, भाटपाररानी, नूनखार, गौरीबाजार, लार रोड आदि रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। रेलवे स्टेशनों पर आने वाली ट्रेनों की जांच की गई। हर स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर है।

### तीन ट्रेनें रहीं निरस्त

देवरिया: अग्निपथ योजना को लेकर हो रहे बवाल को देखते हुए कई ट्रेनें निरस्त हो गई थी। मंगलवार से अधिकांश ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया। हालांकि सिवान-गोरखपुर, गोरखपुर-सिवान, छपरा-गोरखपुर, गोरखपुर-छपरा पैसेंजर ट्रेन तथा आम्रपाली एक्सप्रेस निरस्त रही। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

"रेलवे स्टेशन के साथ अन्य सभी सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस व पीएसी की तैनाती की गई है। इसके अलावा गांव स्तर पर भी पुलिस टीम को सतर्क किया गया है। अभिसूचना इकाई को भी सक्रिय किया गया है। संदिग्ध लोगों की निगरानी की जा रही है। उपद्रव करने वालों को किसी भी स्तर पर छोड़ा नहीं जाएगा।

**संकल्प शर्मा**, पुलिस अधीक्षक

दैनिक जागरण दि०-22-6-22

# तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

जासं, करौंदी बाजार: पुलिस ने मंगलवार को कुशमौनी से दो पिकअप में छह गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। साथ तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।बरियारपुर थानाध्यक्ष मनोज प्रजापति क्षेत्र भ्रमण पर थे। तभी कुशमौनी में गोवंश लदे दो पिकअप बैकुंठपुर के रास्ते बिहार जा रहे थे। चालक पुलिस को देखते ही तेज रफ्तार से गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस ने गाड़ी का पीछा कर दोनों पिकअप को पकड़ लिया, जिसमें कुल छह गायें लदी थीं। पुलिस दोनों गाड़ियों को लेकर थाने आई। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। पुलिस ने शनि सिंह पुत्र मोहन सिंह ग्राम माहासांड थाना सहजनवां जिला गोरखपुर, श्याम लाल पुत्र शिववचन निवासी नोनिया छापर थाना भोरे गोपालगंज, शम्भू पटेल पुत्र रामसेवक पटेल ग्राम सिसवा थाना भोरे गोपालगंज व दुर्गेश शाह पुत्र रामजीत ग्राम दमकियां थाना भोरे जिला गोपालगंज को गिरफ्तार कर लिया।

**मेला से खरीद कर ला रहे थे गोवंश:** बरियारपुर थानाक्षेत्र के करौंदी चौकी इंचार्ज अनिल यादव व हल्का दारोगा जयप्रकाश दुबे महुआपाटन पुलिस बूथ पर गाड़ियों की जांच कर रहे थे। तभी गोवंशीय पशुओं से भरी पिकअप आकर रुकी, जिसमें तीन दुधारू गाय व तीन बछड़े लदे थे। पिकअप का चालक ने मेला से खरीदने के कागजात भी दिखाए। पुलिस देर रात तक छानबीन में जुटी है।


TRICITY REGULATORY COMMISSION
(Old Headquarter), Harmu Housing Colony, Ranchi-834002
.org email:info@jserc.org

LATION OF TENDER BID

21 inviting bid for consultancy
om capable and experienced
is hereby cancelled due to

By order
(Rajendra Prasad Nayak)
Secretary

अमर उजाला दि० 22-06-22

# महिला की हत्या के छह आरोपी गिरफ्तार

बघौचघाट। मोतीपुर गांव में शनिवार को मारपीट में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने 13 नामजद आरोपियों में मंगलवार को छह को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव के शमशाद व अतिउल्लाह के घर से पुरानी रंजिश में मारपीट हो गई थी, जिसमें अतिउल्लाह की पत्नी आयशा (50) की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई थी। अतिउल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने 13 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। संवाद

अमर उजाला दि० 22-06-22

# बरहज में लौटी रौनक, चहल-पहल बढ़ी

## अग्निपथ योजना के विरोध में बवाल के बाद तीन दिनों तक फीका था माहौल, गांव वालों का कम हो गया था आना-जाना

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। नगर में अग्निपथ योजना के विरोध में हुए बवाल के बाद तीसरे दिन मंगलवार को बाजार में रौनक दिखाई दी। लोगों की चहलकदमी बढ़ने से बाजार गुलजार हो गया था। घटना के बाद से आसपास के गांवों के लोग बरहज आने से कतरा रहे थे। इससे बाजार की रौनक फीकी हो गई थी।

सुबह से नियत समय से दुकानें खुलने लगीं। मंगलवार की बंदी के बाद भी खुली दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ थी। जो शाम तक दिखी। आसपास के गांवों से जरूरत के सामानों की खरीदारी के लिए लोगों के आवाजाही से बाजार की रौनक देखी गई।

रविवार की सुबह नौ बजे अग्निपथ योजना के विरोध में उपद्रवियों ने बरहज में जमकर बवाल काटा था। करीब डेढ़ घंटे तक मचे तांडव में मनबढ़ों ने पुलिस वैन का शीशा, पेट्रोल पंप, पशु चिकित्सालय का शीशा और बाइक आदि तोड़ दिया था। बवाल के बाद से दुकानें बंद हो गई थीं। दूसरे दिन दुकान खुलने के बाद ग्राहक कम आए। माहौल को देखते हुए लोग जरूरत के सामानों की खरीदारी के लिए बरहज आना मुनासिब नहीं समझ रहे थे। बवाल से दो दिन तक बाजार फीका होने से कारोबारियों को काफी चपत लगी है।





बवाल के तीसरे दिन लौटी बाजार की रौनक और मुस्तैद पुलिस। - संवाद न्यूज एजेंसी



सुभाष चौक पर मुस्तैद पुलिस व पीएसी के जवान। संवाद

**ट्रेनों की शुरू हुई आवाजाही, लौटी रौनक** : सलेमपुर। अग्निपथ योजना के विरोध में आंदोलन के चलते बंद ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। मंगलवार से बरहजिया समेत बंद कई ट्रेनों की आवाजाही शुरू हो गई। इसके चलते रेलवे स्टेशन पर यात्री अब पहुंचने लगे हैं। हालांकि सुरक्षा को लेकर प्लेटफार्म पर आरपीएफ के जवान तैनात रहे। सहायक स्टेशन मास्टर राकेश बिहारी ने बताया कि ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। बुधवार से सभी ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही पुलिस

पुलिस फरार चल रहे आरोपियों के घर दबिश दे रही है। पुलिस कुछ के रिश्तेदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सोमवार की रात पुलिस ने पैना, मेहियवां, लवरछी, कपरवार, नौकाटोला, बेलडांड़ आदि गांवों में दबिश दी। इससे गांवों में हड़कंप रहा। हालांकि पुलिस की ओर से जारी तस्वीर को लेकर आरोपी भूमिगत हो गए हैं। वहीं अज्ञात में नाम दर्ज होने के भय से अधिकांश युवा खिसक लिए हैं। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि हालात सामान्य हैं। धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### शपथ पत्र भरवा रही पुलिस

अग्निपथ योजना के विरोध में हुए बवाल को लेकर पुलिस अलर्ट है। हालात से निपटने के लिए सतर्कता बढ़ाने के साथ पुलिस गांवों के जिम्मेदारों, कोचिंग संचालकों आदि से शपथ पत्र भरवा रही है। जबकि संचालकों और जिम्मेदारों से युवाओं को कानून हाथ में लेने से रोकने के लिए समझाने के लिए निर्देश दे रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-06-2022




मंगलवार को समउर बाजार में सीएससी संचालक से बातचीत करते पुलिस कर्मी।

# पुलिस ने सीएससी में कैमरे लगाने के दिए निर्देश

**समउर बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** सीएससी संचालकों से बढ़ रही लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पटहेरवा पुलिस ने कमर कसते हुए बार्डर क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के साथ ही सभी संचालन केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे एक सप्ताह के भीतर लगाए जाने का निर्देश दिया है।

साथ ही ज्यादे ट्रांजेक्शन वाले जगहों पर बैंक की तरह सुरक्षा देने के साथ ही बैंक से रकम लाते समय संचालक की मांग पर सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने को लेकर पुलिस ने सभी संचालन केंद्रों की जांच कर उन्हें निर्देशित किया। अपराधियों के निशाने पर सराफा व्यवसायियों के बाद सीएससी केन्द्र व उनके संचालक होते जा रहे हैं। सोमवार की शाम तरयासुजान थाना क्षेत्र में सीएसपी संचालक से हुई सात लाख रुपये की लूट के बाद पटहेरवा पुलिस ने अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए अपनी रणनीति तैयार करते हुए मंगलवार को थाने के बिहार बार्डर क्षेत्र में स्थित बैंकों व सीएससी केंद्रों की सघन जांच करने के साथ ही सभी सीएससी संचालकों को एक सप्ताह के भीतर अपने अपने केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का सख्त निर्देश दिया। इसके साथ ही जिन केन्द्रों पर ज्यादे ट्रांजेक्शन होते हैं वहां बैंक की तरह पुलिस सुरक्षा देने की भी तैयारी करने के साथ बैंक से केन्द्र तक मोटी रकम निकालकर ले जाने के दौरान सीएससी संचालकों द्वारा पुलिस से सुरक्षा की मांग किये जाने पर सुरक्षा कराया जाना भी अब इनकी प्राथमिकता में है।

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

पनियहवा। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में सोमवार की देर रात पुलिस ने केस दर्ज कर मंगलवार की दोपहर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय एक किशोरी गांव से बाहर सरेह में मक्का के खेत में घास काटने गई थी। इस दौरान उसे अकेले देख गांव के ही एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। देर रात किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक की गिरफ्तारी में जुट गई। मंगलवार की भोर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# लुटेरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**फॉलोअप**

- सीएससी कर्मचारी को चाकू मार कर लूट का मामला
- बदहवास कर्मचारी नहीं बता पा रहा वारदात के बाद लुटेरे किधर भागे

**सिसवा नाहर, हिन्दुस्तान संवाद।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव ओझवलिया के पास सीएससी कर्मचारी को चाकू मारकर हुई लूट के मामले में लुटेरों की तलाश में पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है मगर अभी तक सुराग हाथ नहीं लग सके हैं।

बदहवास कर्मचारी यह नहीं बता पा रहे हैं कि वारदात के बाद लुटेरे किस तरफ भागे। इस मामले में सीएससी संचालक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को सीएससी संचालक विनोद तिवारी ने तरयासुजान पुलिस को तहरीर दी कि मेरा पंजाब नेशनल बैंक का सीएससी सिसवा नाहर बाजार में चलता है। सोमवार को सीएससी के दो कर्मचारी अरविंद पटेल व नीरज चौहान पंजाब नेशनल बैंक तमकुही रोड से 7 लाख 5 हजार रुपये निकालकर मोटरसाइकिल से सिसवा नाहर आ रहे थे। इस दौरान शाम साढे पांच बजे के करीब ओझलिया के पास बाइक सवार तीन लुटेरे पहुंचे। बाइक पर पीछे बैठे अरविंद पटेल को पेट में चाकू मारकर लुटेरे रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। इसकी सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंच घायल कर्मचारी को इलाज हेतु तरयासुजान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत तमकुहीराज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर अरविंद की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में एसओ कपिलदेव चौधरी ने बताया सीएससी संचालक विनोद तिवारी की तहरीर पर तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसओ ने कहा कि घटना को लेकर बदहवास सीएससी कर्मचारी यह नहीं बता पा रहे हैं कि वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे किस दिशा की तरफ भागे। इसलिए तमकुहीरोड पीएनबी से लगायत घटनास्थल के बीच में लगे एक-एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को गहनता से देख लुटेरों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

2 वर्ष पूर्व भी थाने से महज 1 **किमी दूरी पर हुई थी लूट की घटना: सिसवा नाहर।** 13 जनवरी 2020 को तरयासुजान थाने से महज 1 किमी दूरी पर स्थित हॉस्पिटल के समीप सीएससी संचालक से लुटेरों ने 1 लाख 84 हजार रुपये लूट लिया था। उस समय संजीव कुमार गुप्ता पुत्र मोतीलाल गुप्ता दोमाठ में पूर्वांचल बैंक के सीएससी संचालित करते थे। तरयासुजान पूर्वांचल बैंक से184000 रुपये निकाल हॉस्पिटल के पास पहुंचे की दो बाइक सवार 5 बदमाशों ने रिवाल्वर के बट से मुंह पर वार करें मूर्छित कर दिया व रुपये से भरा बैग लूट ले गए।

**ासुजान में सीएससी कर्मचारी को चाकू मार कर लूट का मामला, तरयासुजान की ही तर्ज पर कुशीनगर एवं सुकरौली में भी सीएससी में हुई थी लूट**

# ...हीं आने से बढ़ता जा रहा है सीएससी लुटेरों का मनोबल

- कुशीनगर व सुकरौली में भी सीएससी से हुई थी बड़ी लूट
- लूट की तीनों घटनाओं को नकाबपोश लुटेरों ने दिया है अंजाम

सीएससी में भी लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लूट की इन तीनों घटनाओं नकाबपोश लुटेरे शामिल थे। सीएससी संचालक कह रहे हैं कि पहले हुए लूट की घटनाओं का खुलासा हो गया होता तो तरयासुजान में लूट की तीसरी घटना नहीं होती। कसया थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे फोरलेन पर कुशीनगर के पश्चिम झुंगवा कट के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र पर 22 दिसंबर 2021 को पहुंचे छह नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर पांच लाख रुपये लूट कर बाइकों से सवार होकर हेतिमपुर की तरफ पिस्टल लहराते व फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। विशंभरपुर निवासी सीएससी संचालक संतोष तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था मगर अभी तक इस घटना का खुलासा नहीं हो सका है। जबकि वर्ष 2018 में 10 दिसंबर को दिन दहाड़े हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर रेडिएंट एजेंसी के कैशवैन से हुए 1.70 करोड़ की लूट की घटना के बाद से जिले में कुशीनगर सीएससी में हुई लूट की सबसे बड़ी घटना थी। कुशीनगर सीएससी में हुए लूट का अभी खुलासा नहीं हुआ था कि 25 जनवरी को लुटेरों ने हाटा कोतवाली क्षेत्र के फोरलेन पर जोलहिनिया चौराहे पर स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र पर दिनदहाड़े लूट की घटना का अंजाम देकर पुलिस को एक और चुनौती दे दी। हाटा पिड़रा गोविन्द टोला निवासी लल्लन चौहान की फोरलेन पर स्थित जोलहिनिया चौराहे पर निजी मकान है। घटना के दिन संचालक लल्लन चौहान अपने दुकान में बैठे हुये थे। हाटा की तरफ से दो बाइक से पहुंचे चार बदमाशों ने फोरलेन पर बाइक खड़ा कर दिये व चारों बदमाशों ने रेलिंग फांदकर ग्राहक सेवा केन्द्र के अंदर दाखिल हुये। अन्दर पहुंचते ही ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक को लुटेरों ने असलहा दिखा काउंटर में रखा डेढ लाख लूट कर गोरखपुर की तरफ भाग निकले।

प



ने पर
पहुंचे
र कर
न पर
ला से
देवी,
, पप्पू
लाज
बगैर

# नवविवाहिता से शादी करने पर थाने से मुक्त हुआ युवक

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** नवविवाहिता को शोषण करने के आरोपी युवक को उसकी जिद के आगे हार माननी पड़ी। खड्डा थाने में उसने नवविवाहिता को पत्नी का दर्जा दिया, तब जाकर उसे थाने से मुक्ति मिली। पति के कमाने जाने के बाद नवविवाहिता को पड़ोसी युवक परीक्षा दिलाने के लिए बाइक पर बैठाकर ले जाता था।

इस दौरान युवक ने नवविवाहिता को शादी करने का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया तथा कुछ दिन उसे भगाकर बाहर लेकर साथ रहा तथा बाद से वह उसके घर छोड़ कर गायब हो गया था। नवविवाहिता की तहरीर पर खड्डा पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया था। महराजगंज जिले के निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी वर्ष 2021 के मई महीने में खड्डा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद नवविवाहिता का पति बाहर कमाने चला गया।

इस दौरान नवविवाहिता का परीक्षा आ गया तो ससुराल पक्ष के रजामंदी से बगलगीर युवक ने नवविवाहिता को बाइक से परीक्षा दिलाने के लिए ले जाने लगा। इस दौरान दोनों में सम्पर्क बढ गया और युवक ने नवविवाहिता से पत्नी बनाने का आश्वासन देते हुए उससे सम्बंध स्थापित कर लिया। एक दिन मौका देख युवक नवविवाहिता को ससुराल से भगा ले गया तथा कुछ महीना तक साथ में रखने के बाद उसके मायके जिला महराजगंज में ले जाकर छोड़ दिया।

# खेत में गई किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

- गांव के ही युवक ने दिया घटना को अंजाम
- मां की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**जासं, पनियहवा:** क्षेत्र के एक गांव में खेत में गई किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मंगलवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घटना सोमवार शाम की है।

घटना के समय शाम को छह बजे 15 वर्षीय किशोरी गांव से कुछ दूरी पर अपने खेत में गई थी। खेत में मक्के की फसल तैयार है। स्वजन धान की रोपाई करने दूसरे खेत में गए थे। आरोप है कि किशोरी को अकेले देख गांव का ही एक युवक खेत में आ गया और उसे सुनसान जगह पर खींचकर ले गया तथा दुष्कर्म किया। घटना बाद किशोरी घर गई, शाम को लगभग सात बजे खेत से घर पहुंचे स्वजन तो पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। रात में ही पीड़िता की मां बेटे के साथ थाने गई और आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपित संजय यादव को मंगलवार को पनियहवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। सीओ संदीप वर्मा ने बताया कि आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**महिला से छेड़खानी,शिकायत**

**पडरौना:** नगर में एक महिला से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। महिला ने तहरीर देकर इसकी जानकारी दी। कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। पीड़िता के अनुसार मंगलवार को सुबह सात बजे के आसपास वह बड़ी नहर की पटरी से टहल कर घर लौट रही थी, पीछे से आए युवक ने उसे पकड़ लिया। विरोध करने पर युवक ने दुर्व्यवहार किया और धमकी दी। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# इंटरनेट मीडिया पर सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट से बचें

**गोड़रिया :** विशुनपुरा क्षेत्र के जंगल विशुनपुरा के गोसाईं पट्टी बाजार में मंगलवार दोपहर एसएचओ नरेन्द्र प्रताप राय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। विशुनपुरा एसएचओ ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट से बचना चाहिए। उन्होंने युवाओं को अग्निवीर योजना के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि विरोध में उपद्रव से बचना चाहिए। ग्राम प्रधान कपिल देव गुप्ता, कमरुद्दीन अंसारी, मनोज चौहान, भैरव गुप्ता, शंकर कुशवाहा, अमरनाथ गुप्ता, खलीलुल्लाह अंसारी, हासन, रतन निषाद, छोटेलाल यादव, सैफ अली आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। (जासं)

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

**जासं, पडरौना :** अग्निपथ योजना के विरोध को देखते हुए जिले की पुलिस चौकसी बरत रही है। मंगलवार को एसपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा इंतजाम की जानकारी ली और युवाओं को योजना के फायदे बताए। युवाओं को भ्रमित करने वाले शरारती तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसपी ने नगर में पैदल गश्त कर रेल, बस स्टेशन तथा पेट्रोलपंपों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। गश्त के दौरान सड़क पर मिले युवाओं से बात की और सेना में भर्ती की योजना अग्निपथ के फायदे बताए। कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं के हित में है। वे किसी के बहकावे में न आएं। गलत करने वालों को सख्त संदेश दिया। कहा कि युवाओं को भ्रमित करने वाले शरारतीतत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, कोतवाल निर्भय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पडरौना नगर के सुभाष चौक पर पैदल मार्च करते बाएं से एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह व सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ● जागरण

## पैदल गश्त पर पुलिस अधिकारी व सिपाही कर रहे युवाओं को जागरूक

जिले में रेल, बस स्टेशन तथा पेटोलपंप के अलवा कसया, खड्डा, कप्तानगंज, पनियहवा, हाटा, सेवरही, तरयासुजान सहित बिहार तथा देवरिया व महराजगंज जनपदों से लगने वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। रामकोला, दुदही, फाजिलनगर, तुर्कपट्टी समेत जिले के अन्य स्थानों, नगर पंचायतों, तहसील मुख्यालयों पर भी फोर्स तैनात की गई है। शापिंग माल समेत अन्य व्यावसायिक केंद्रों, सरकारी दफ्तरों के आसपास भी सतर्कता बरती जा रही है। संवेदनशील जगहों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।

**युवाओं ने सौंपा ज्ञापन, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप:** नगर में कांग्रेस नेता मोहम्मद जहीरूद्दीन के नेतृत्व में युवाओं ने बीडीओ कार्यालय पहुंच राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक पाटेश्वरी चौबे को सौंपा। ज्ञापन में युवाओं ने अग्निपथ योजना को युवाओं के साथ छल बताया है। कहा है कि इससे सेना में सेवा करने वाले युवाओं के समक्ष अनिश्चितता कायम हो गई है। सरकार योजना को शीघ्र वापस ले। कसया, हाटा, फाजिलनगर, सेवहरी, कप्तानगंज में भी कांग्रेस के यूथ विंग द्वारा योजना के विरोध में ज्ञापन सौंप इसे वापस लिए जाने की मांग की।

> **युवाओं को भ्रमित करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारियों को पैदल गश्त के दौरान युवाओं को जागरूक करने तथा योजना के फायदे बताने के निर्देश दिए गए हैं।**
>
> **धवल जायसवाल**, एसपी

## एक सप्ताह में सीसी कैमरा लगाएं केंद्र संचालक

**समउर बाजार :** सीएसपी संचालकों से हो रही लूट की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने न केवल सभी केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे एक सप्ताह में लगाने का निर्देश दिया है बल्कि ज्यादा ट्रांजेक्शन वाली जगहों पर बैंक की तरह सुरक्षा देने के साथ ही बैंक से रकम लाते समय संचालक की मांग पर सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने की भी योजना बनाई है। एसएचओ पटहेरवा ने समउर बाजार, गंगुआ बाजार, रामकोला चट्टी व पिपरा कनक आदि बाजारों में सीएससी संचालकों को जागरूक कर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया।

## बैंक व ग्राहक सेवा केंद्रों की जांच

**जासं, पटहेरवा :** क्षेत्र के बैंक व ग्राहक सेवा केंद्रों की पटहेरवा पुलिस ने गहन जांच की तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों को कड़े निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरा हमेशा चालू रखें, समय समय पर इसकी जांच भी करते रहे। कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। एसआइ आकाश सिंह के नेतृत्व में निकले पीएसी के जवानों ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों से कहा कि ज्यादा कैश लाने व ले जाने के लिए पुलिस को सूचना दें।

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से लूट के मामले में करीबियों पर शक

- **संचालक के संपर्क में रहे लोगों से हुई पूछताछ**
- **घटना के पर्दाफाश के लिए लगाई गई स्वाट टीम**

**जासं, पडरौना :** तरयासुजान इलाके में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुई लूट की घटना में पुलिस को किसी करीबी पर ही शक है। शुरुआती जांच में इस तरह के संकेत मिलने के बाद पुलिस का मानना है कि घटना में संचालक के करीबियों का हाथ होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। घटना के शीघ्र पर्दाफाश के लिए स्वाट टीम को भी लगाया गया है। घटना के दूसरे दिन जांच में किसी परिचित का हाथ होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

बता दें कि दनियाड़ी कुर्मी टोला निवासी अरविंद पटेल सिसवा नाहर में ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। तमकुहीरोड में पंजाब नेशनल बैंक से सात लाख पांच हजार रुपये निकालकर अपने परिचित नीरज संग बाइक से वे घर लौट रहे थे। तमकुही-सिसवा नाहर मार्ग पर गोपालपुर बाजार के पास ओवरटेक कर पीछे से आए बाइक सवार तीन युवकों ने रोका तथा नीरज से बैग को छीनने लगे। अरविंद ने जब इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर चाकू से प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। बदमाश बैग लेकर बिहार की तरफ फरार हो गए। अरविंद को घायल देख राहगीरों ने बाजार के दुकानदारों को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस आ गई। बदमाशों की तलाश में जगह-जगह वाहनों की जांच भी हुई। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि लूटकांड के पर्दाफाश के लिए लगाईं गईं टीमें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहीं हैं। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।


अहिरौली बाजार थाना परिसर में योग करते पुलिसकर्मी। संवाद

# संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो पुलिस को दें जानकारी




**उजारनाथ।** पटहेरवा पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न बैंक व ग्राहक सेवा केंद्रों की जांच की। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर केंद्र के संचालकों को सीसीटीवी कैमरा हमेशा चालू रखने और संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस को तत्काल जानकारी देने के निर्देश दिए। पुलिस ने मंगलवार को उजारनाथ, करमैनी, पटहेरवा आदि स्थानों पर संचालित बैंक व ग्राहक सेवा केंद्र की जांच की। पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरा, गेट पर लगे गार्ड के संबंध में जानकारी ली। एसआई आकाश सिंह ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण के लिए लोगों को पुलिस का सहयोग करना होगा। पुलिस की तरफ से जारी निर्देशों का पालन किया जाए तो इस तरह की घटनाओं से निजात मिल सकेगी। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**छितौनी।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र में किशोरी से रेप के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को वह कहीं भागने की कोशिश में था। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने कार्रवाई की। हनुमानगंज के एसओ संतोष यादव ने बताया कि आरोपी संजय यादव के खिलाफ किशोरी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया था। संवाद

# पुलिस ने सीसी फुटेज खंगाली बदमाशों का लगा रही सुराग

## चाकू मार सीएसपी कर्मचारी से सात लाख पांच हजार रुपये लूटने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/तमकुहीराज।** तरयासुजान थाना क्षेत्र गोपालपुर बाजार के पास सीएसपी कर्मचारी अरविंद पटेल के पेट में चाकू मार कर सात लाख पांच हजार रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज किया है। बदमाशों का सुराग लगाने में पुलिस मशक्कत कर रही है।

सीएसपी संचालक व मठिया श्रीराम निवासी विनोद तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में शामिल बदमाशों तक पहुंचने की कोशिश में लगी पुलिस बैंक में लगे सीसी कैमरे सहित अन्य जगहों की फुटेज खंगाल रही है। पीड़ित कर्मचारी को चिकित्सकों ने खतरे से बाहर बताया है। घायल अरविंद पटेल कई वर्षों से सीएसपी संचालक विनोद तिवारी के साथ काम कर रहे हैं। अरविंद उनके सबसे भरोसेमंद कर्मचारी बताए जाते हैं। वह लगातार छह साल से बैंक जाकर रकम का लेनदेन कर रहे थे।

इस बारे में एसओ तरयासुजान कपिलदेव चौधरी ने कहा कि घटना में शामिल बदमाशों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के जरिए की जा रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### इससे पहले भी हुई थी लूट

सोमवार को सीएसपी संचालक अरविंद पटेल को चाकू मारकर हुई लूट की घटना से पहले भी क्षेत्र में ऐसी वारदात हो चुकी है। इससे सीएसपी संचालकों में भय बना हुआ है। एक वर्ष पूर्व तरया हंसराज कोरड़ा निवासी सीएसपी संचालक संजीव गुप्ता तरयासुजान कस्बा स्थित ग्रामीण बैंक से एक लाख 82 हजार रुपये निकाल कर दोमाठ बाजार स्थित अपने सेंटर पर जा रहे थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरयासुजान के पास तीन बदमाशों ने असलहे के बल पर सारी रकम लूट ली थी। इस घटना में दो बदमाश पकड़े गए थे।

अमर उजाला फॉलोअप

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-06-2022

# भाई की हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा कस्बे के मालवीय नगर निवासी कैलाश वर्मा की गोली मारकर हत्या के मामले में आरोपी उसके बड़े भाई शिव वर्मा को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सोमवार की सुबह संपत्ति विवाद को लेकर शिव वर्मा मालवीय नगर स्थित आवास पर पहुंचा। वहां छोटे भाई कैलाश वर्मा से कहासुनी के बाद उसने पिस्टल से गोली मार दी। इस घटना के बाद पूरा मोहल्ला स्तब्ध है। संपत्ति बंटवारे को लेकर हुए हत्याकांड से अफरा-तफरी मच गई। सोमवार की देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। सभी की आंखें नम हा गई थीं। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि भाई को गोली मारने वाले शिव वर्मा के पास से पिस्टल, मैगजीन व गोली बरामद हुई थी। मृत कैलाश वर्मा के पिता की तहरीर पर आरोपी शिव वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी शिव वर्मा को जेल भेज दिया गया है। विवेचना की जा रही है।

## किशोरी को भगाने के आरोपी पर केस

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर गांव के ही युवक पर उसकी किशोरी को भगाने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। महिला ने 14 जून को थाने में एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को भगा लिया। किसी तरह उसकी बेटी वहां से भागकर घर आई और आपबीती सुनाई। एसओ रामकृष्ण यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**नौतनवा।** नौतनवा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि अमिरख उर्फ अनीश निवासी रतनपुर वांछित चल रहा था। उसे मंगलवार की सुबह रतनपुर चौराहे से गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरा आरोपी राजकुमार निवासी सम्पतिहा पूर्व के मामलों में दर्ज मुकदमें में फरार चल रहा था। मंगलवार की सुबह सम्पतिहा गांव के निकट से गिरफ्तार किया गया है।







# निरोग रहने के लिए एक लाख लोगों ने किया योग

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : स्पोर्ट्स स्टेडियम, विद्यालयों, गांवों, तहसीलों व संस्थाओं में किया गया योगाभ्यास







[illegible]



### योग शिक्षक समेत आठ लोगों को नोडल अधिकारी ने किया सम्मानित

[illegible]





MY EDUCATION HEL
FUTURE BEGINS WIT
लिब्रस Classes TET P लेखपाल - U TGT-P BANK SSC RLY
Mob. : 9451518751, 945151
दैनिक जागरण मेडिकल हेल्प

# अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जासं,सिंदुरिया :** किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज की है। यह कार्रवाई अपहृत किशोरी की मां की तहरीर पर की गई है। अपहृत किशोरी की मां ने तहरीर में आरोप लगाया है, कि गांव के ही आरोपित द्वारा पिछले दिनों उसकी लड़की को बहल-फुसलाकर भगा ले गया। इस मामले में जब आरोपित के घर जाकर पता किया तो आरोपित के घर वाले उग्र हो गए । थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि अपहृता की मां की तहरीर पर आरोपित सूरज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**दो वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल :**
**नौतनवा:** पुलिस ने मंगलवार को दो वारंटी को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर कोर्ट प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज है।

# भाई के हत्यारोपित को भेजा गया जेल

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** मालवीय नगर वार्ड में सोमवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर छोटे भाई की गोली मारकर हत्या के आरोपित बड़े भाई शिव वर्मा को पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि शिव वर्मा सोमवार की सुबह 8:30 बजे मालवीय नगर में पिता से भूमि बंटवारे को लेकर बातचीत करने आया था, जिसको लेकर दोनों में नोकझोंक होने लगी।



नौतनवा थाना में गिरफ्तार हत्यारोपित के साथ पुलिस टीम ● सौ : पुलिस

छोटे भाई कैलाश के समझाने पर उससे उलझ गया। दोनों के बीच हुई हाथापाई में शिव ने कैलाश को पीठ पर गोली मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पिता विश्वनाथ वर्मा की तहरीर पर आरोपित शिव पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# भवानीपुर हत्याकांड का तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पनियरा:** भवानीपुर के कुर्मी टोले पर 10 जून को भूमि विवाद को लेकर संतोष सिंह की उनके पट्टीदारों द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें पनियरा पुलिस ने नामजद विजय कुमार सिंह, पृथ्वी सिंह व अजीत सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपित विजय कुमार सिंह व पृथ्वी सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपित अजीत सिंह फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने तीसरे हत्याभियुक्त अजीत सिंह को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जासं,सिंदुरिया :** किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज की है। यह कार्रवाई अपहृत किशोरी की मां की तहरीर पर की गई है। अपहृत किशोरी की मां ने तहरीर में आरोप लगाया है, कि गांव के ही आरोपित द्वारा पिछले दिनों उसकी लड़की को बहल-फुसलाकर भगा ले गया। इस मामले में जब आरोपित के घर जाकर पता किया तो आरोपित के घर वाले उग्र हो गए । थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि अपहृता की मां की तहरीर पर आरोपित सूरज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : गांव से शहर तक उत्साह के साथ लोगों ने किया योगाभ्यास

**जागरण टीम, महाराजगंज :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग उत्साहपूर्वक जगह-जगह योग किए। फरेंदा, नौतनवा, निचलौल सहित अन्य जगह पर लोग बढ़े उत्साह के साथ योग दिवस के दिन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार विश्व योग दिवस पर मंगलवार को नौतनवा इंटर कालेज खेल मैदान में प्रशिक्षक डा. प्रियंका वर्मा ने एनसीसी व एनएसएस के छात्र-छात्राओं समेत तमाम लोगों को योगाभ्यास कराया। इसमें सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, शीर्षासन सहित अन्य योग क्रियाएं कराई गईं। डा. प्रियंका ने बताया कि हमें सुबह उठकर प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठाना चाहिए। प्राणायाम को नियमित करने से अनेक लाभ हैं। इससे मानसिक संतुलन व बुद्धि का विकास और शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज, राजीव गांधी पीजी कालेज, नौतनवा इंटर कालेज, महात्मा बुद्ध इंटर कालेज अड्डा बाजार, कमला राइ नारायण इंटर कालेज केवटली, विश्वनाथ इंटर कालेज रतनपुर के कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य डा.जय प्रकाश त्रिपाठी, प्रधानाचार्य जन्मेजय सिंह, मेजर जगदीश यादव, राधेश्याम सिंह, राजाराम जायसवाल, रामरूप जायसवाल, हवलदार दीपक थापा, राजवीर सिंह, कमलेश मणि त्रिपाठी, अरविंद पांडेय, अमरावती जायसवाल, सर्वजीत सिंह, प्रेमसागर चौधरी, तुल बहादुर थापा, व्यास कुमार शर्मा, अखिलेश प्रजापति उपस्थित रहे। एसएसबी 66 वीं वाहिनी सोना चौकी पीटीथान समेत अन्य चौकियों पर योगासन का आयोजन किया गया। कार्यवाहक कमांडेंट बरुण कुमार, उप कमांडेंट अभिनव कुमार सिंह, प्रवीन कुमार नाथ, अंकुर बडोनी, मिलिंद बहुगुणा उपस्थित रहे। इसी प्रकार चेयरमैन गुड्डू खान, ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया, नंदलाल जायसवाल, भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल ने योग करने के लिए लोगों को उत्साहित किया।

आनंदनगर संवाददाता के अनुसार कस्बे के मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवाल, उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य, तहसीलदार राम अनुज त्रिपाठी ने योगाभ्यास किया। एसडीओ अधिकारी एलके गौड़, अवध प्रकाश सिंह, राम सजन गुप्ता, सभासद महेश लोहिया, राम जतन जायसवाल, प्रमोद शर्मा, आशीष जायसवाल, कमलेश शर्मा उपस्थित रहे। परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कालेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. अशोक धारतीय ने कहा कि मन, शरीर एवं आत्मा को सामंजस्य में सजने ही योग है। डा. शशिकांत वर्मा, डा. हिमानी, डा. निशा, डा. रेखा सिंह, डा. शिवानी, डा. सुधा उपस्थित रहीं। प्राथमिक विद्यालय रतनपुर खुर्द में आरएसएस के चंद्रकला द्विवेदी के नेतृत्व में योगाभ्यास हुआ। प्रेम नारायण पांडेय ने लोगों को योगाभ्यास कराया। दुर्गा प्रसाद यादव, रामाशीष यादव, रामाज्ञा पासवान, कमला यादव, उमेश पासवान, राजेश यादव मौजूद रहे।

लक्ष्मीपुर संवाददाता के अनुसार लक्ष्मीपुर ब्लाक परिसर में योगाभ्यास किया गया। खंड विकास अधिकारी लक्ष्मीपुर अमरनाथ पांडेय, एडीओ पंचायत प्रमोद यादव सहित काफी लोग मौजूद रहे। महात्मा बुद्ध इण्टर मिडिएट कालेज, भागीरथी कृषक इण्टर मिडिएट कालेज, क्षेत्रीय वन कार्यालय लक्ष्मीपुर, सरदार पटेल इंटर कालेज, मार्कराज जूनियर हाई स्कूल में योग मनाया।

परसामलिक संवाददाता के अनुसार रतनपुर स्थित किसान नव जनता इंटरमीडिएट कालेज परिसर में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लाककर्मियों, शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। बीडीओ रामकुमार यादव की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया ने सभी को योगाभ्यास कराया।

निचलौल संवाददाता के अनुसार तहसील भवन में एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में मंगलवार को तहसील कर्मियों एवं अधिवक्ताओं ने योग किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन राजा रतनसेन स्मारक इंटरमीडिएट कालेज में एसीजे कानपुर कविता गुप्ता योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और योग किया। डा. अरुण कुमार जायसवाल, सतीश सिंह, कृष्ण कुमार गौड़, संजय यादव, हिमांशु गुप्ता, जितेंद्र कुमार मौर्य उपस्थित रहे। नारायणी नदी के किनारे टेलवाल पर रेंजर सुनील कुमार राव सहयोगियों के साथ योग शिविर लगाकर योग कराया। ब्लाक में खंड विकास अधिकारी डा. पंडरीनाथ कुशवाहा अपने सभी ग्राम विकास अधिकारियों के साथ योग कराया।

सिसवा संवाददाता के अनुसार कस्बा में लोगों ने योग कर स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा ली। रामाशीष यादव, संजय पांडेय, दिलीप जायसवाल, गिरजेश जायसवाल, अमित पुरी, अमरनाथ खरवार, सीता कुमार जालान, संजना सिंह, दीपा जायसवाल, अन्नपूर्णा, आशुतोष अवस्थी, जितेंद्र शर्मा, कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। घुघली संवाददाता के अनुसार होप एंड हेल्प वेलफेयर सोसायटी व शिशु विद्यालय जूनियर हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नौतनवा इंटर कालेज परिसर में विभिन्न आसनों को सिखातीं डा.प्रियंका वर्मा • जागरण



फरेंदा के मिनी स्टेडियम में योग करते लोग • जागरण



जिला स्टेडियम में योग करते जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार, सीडीओ शील सिंह सोमवंशी व एसपी डा. कौस्तुभ • जागरण



धनेवा-धनेई स्थित स्टेडियम में योग करने के लिए उमड़ी भीड़। संवाद













# गांव से लेकर शहर तक योग की मची रही धूम

## योगाभ्यास के प्रति लोगों में दिखा उत्साह, निरोग रहने के सीखे गुर, स्टेडियम में डीएम संग लोगों ने किया योग

संवाद न्यूज एजेंसी

महाराजगंज। [illegible]





[illegible]





[illegible]

### जिला जेल में हुआ योगाभ्यास

[illegible]

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने किया योग

[illegible]



[illegible]









[illegible]



[illegible]



[illegible]





भारत स्वाभिमान ट्रस्ट को पुरस्कार


पुलिसकर्मियों ने किया योग



एसपी ने भी किया योगाभ्यास

# एक वारंटी का चालान हुआ

पनियरा। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि उमेश निवासी कुआंचाप टोला कोटिया को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# साधू का शव बरामद

ठूठीबारी। कस्बे में रहने वाले एक साधू का शव मंगलवार सुबह किसी ने ठूठीबारी काली मंदिर परिसर में देखा तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। लोगों के अनुसार काले वस्त्र में त्रिशूल लेकर यह साधु कस्बे और बार्डर क्षेत्र में अक्सर दिखाई देते थे। ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी संजय दूबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। संवाद

# किशोरी को भगाने पर केस दर्ज

मिठौरा। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक ग्राम की किशोरी को गांव का ही एक युवक भगा ले गया था। किशोरी युवक के पास घर चली आई। उसकी मां ने 14 जून को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज कर लिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष सिंदुरिया रामकृष्ण यादव ने दी। संवाद

# तीसरा हत्यारोपी गिरफ्तार

**पनियरा।** बीते 10 जून को ग्राम सभा भवानीपुर गांव में जमीन की रंजिश में संतोष सिंह (55) की हत्या हुई थी। इसमें तीन आरोपियों के खिलाफ पनियरा थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस मामले में वांछित अजीत सिंह निवासी भवानीपुर कुर्मी टोला को मंगलवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि संतोष की हत्या में शामिल आरोपी विजय सिंह व पृथ्वी सिंह को पहले गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि तीसरे आरोपी अजीत सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस काफी खोजबीन कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अजीत सिंह को मुजुरी के पास गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया। संवाद

# केस दर्ज नहीं करने का आरोप

**चौक बाजार।** क्षेत्र के परासखाड़ के पूरब बगीचे में लटकते मिले कपड़ा व्यवसायी के शव के मामले में मृतक व्यवसायी के पिता परशुराम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। मृतक पिता परशुराम ने बताया कि तीन दिन बाद भी पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# 30 बोरी यूरिया बरामद

**परसा मलिक।** थाना क्षेत्र के रेहरा गांव के पास से मंगलवार को पुलिस ने गश्त के दौरान 30 बोरी यूरिया खाद बरामद कर लिया। तस्कर यूरिया खाद छोड़कर मौके से फरार हो गए। यह जानकारी थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने दी। उन्होंने बताया कि बरामद यूरिया कस्टम को सौंप दिया गया। संवाद

# छोटे भाई की हत्या करने के आरोपी को जेल

## पिता की तहरीर पर शिव के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां।** संपत्ति विवाद में अपने ही सगे छोटे भाई को गोली मारकर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारोपी पर नौतनवां पुलिस ने मंगलवार को पिता विश्वनाथ वर्मा की तहरीर पर हत्या एवं आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में चालान कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बताते दें कि कस्बे के मालवीय नगर वार्ड में सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे कैलाश वर्मा और उनके बड़े भाई शिव वर्मा से पुराने संपत्ति विवाद को लेकर कुछ कहासुनी हो गई थी। इस घटना के दौरान ही

### संपत्ति के विवाद में मार दी थी गोली

कैलाश के बड़े भाई शिव वर्मा ने पिस्टल से उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शिव को पकड़कर उसकी पिटाई की और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौतनवां में भर्ती कराया। यहां से कैलाश की हालत नाजुक देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल पर उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

इधर पुलिस अभिरक्षा में आरोपित की दवा इलाज के बाद उसके पास से पिस्टल, कारतूस व मैगजीन बरामद कर लिया गया था। मामले में आरोपित एवं मृतक के पिता विश्वनाथ वर्मा ने थाने में तहरीर देकर अपने ही पुत्र पर दूसरे पुत्र की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ में जुटी हुई थी।

मंगलवार को प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद गिरफ्तार आरोपी शिव निवासी बिस्मिल नगर कस्बा नौतनवां का हत्या एवं आर्म्स एक्ट की धारा के तहत न्यायालय में चालान किया गया, यहां से न्यायिक अभिरक्षा में अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने दी।

# स्वस्थ शरीर व असीम ऊर्जा का स्रोत है योग : डीएम



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते डीएम, योग करते डीएम, एसपी, सीडीओ, योग करते न्यायिक अधिकारी व आईटीएम की छात्राएं। फोटो : एसएनबी

**महराजगंज आनन्दनगर(एसएनबी)।** आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मानवता के लिए योग थीम पर जनपद मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश में 58 हजार ग्राम पंचायतों, 14 हजार नगरीय वार्डों व 3 हजार अन्य स्थानों सहित 75 हजार स्थलों में 3.5 करोड़ लोगों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के तहत जनपद में व्यापक पैमाने पर योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मिनी स्टेडियम धनेवा-धनेई में किया गया जिसमें नोडल अधिकारी व वरिष्ठ आईएएस एस रंगाराव, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल व अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार , सीएमओएकेश्रीवास्तव सहित आला अफसर सम्मिलित हुए। स्टेडियम में योगाभ्यास कार्यक्रम के अतिरिक्त तहसील मुख्यालयों, विकासखंड मुख्यालयों, विभिन्न इंटर एवं डिग्री कालेजों सहित ग्राम पंचायतों में भी योगाभ्यास का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सबसे पहले लोगों ने प्रधानमंत्री के योग के विषय मे दिए गए संबोधन को सुना। इसके बाद सभी लोगों ने प्रातः 7 से 7.45 बजे तक योगाभ्यास किया। उपस्थित लोगों ने भुजंगासन, मकरासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार, शीतली प्राणायाम, सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। संचालन योग प्रशिक्षक कृष्णमुरारी सिंह ने किया गया और शुभम द्विवेदी, रानी चड्ढा, विपुल भारद्वाज और यजुर्वेद ने सहयोग किया। जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि /नोडल अधिकारी वरिष्ठ आईएएस एस रंगाराव को स्मृति चिन्ह भेंट

हाल में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति के बैनर तले विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में योग शिक्षक कृष्ण मुरारी सिंह विपुल भारद्वाज व उत्कर्षा मल्ल द्वारा योग प्राणायाम, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, वक्रासन, नटराज आसन, अनुलोम विलोम सहित तमाम योग क्रियाएं करायी गयीं। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गायत्री शक्तिपीठ के अलावा नेशनल कैडेट कोर के जवान योग किये। इस दौरान डा. भरत ठाकुर श्रीवास्तव, डा. रश्मि श्रीवास्तव, रमाशंकर गुप्त, नागेंद्र मल्ल, विमल कुमार पाण्डेय, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला संयोजक विन्ध्यवासिनी सिंह, गिरीजेश यादव, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, महेंद्र जायसवाल, पवन कुमार मिश्रा, मनोज मल्लाह, उपेन्द्र जायस्वाल, नगर प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता, बी.डी यादव , केदारनाथ गुप्ता, राम दुलारे, राजकुमार संजय सिंह कन्हैया ,छोटे लाल गुप्ता, संत कुमार वर्मा, राजेश कुमार, सुनील कुमार, कैलाशनाथ गुप्ता सहित सैकड़ों योग साधकों ने योग किया। हमारे पुरैना प्रतिनिधि के अनुसार घुघली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर में नवनिर्मित मनरेगा पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीडीओ घुघली अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित कर्मचारियों व आम जनमानस को तकरीबन सवा घंटा योगाभ्यास कराया। इसी तरह ग्राम पंचायत मठिया में पंचायत भवन, देवहीं, परसौनी बुजुर्ग, रामपुर बल्डीहा, बासपार मिश्र, शितलापुर, करमही, पिपरिया करंजहा सहित अन्य गांवों में योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास लगभग हर जगह किया गया परंतु बसंतपुर में कराया जा रहा योगाभ्यास स्वयं बीडीओघुघली श्री श्रीवास्तव नेकराया । इस अवसर पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सौरभ चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी



योग करते नपा अध्यक्ष व अन्य, बसंतपुर में योग करते बीडीओ और सहयोगी व सिन्दुरिया थाने पर योग करते पुलिस कर्मी। फोटो : एसएनबी

योग जागृति फाउण्डेशन के अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यक्रम संचालक संजय कुमार यादव, संयोजक कृष्ण कुमार गोंड़, भृगुति यादव, धन्नू चौहान, रामजी कुशवाहा, डा. जितेन्द्र मौर्य, पी मंडल, राजेश वर्मा, प्रदीप जायसवाल, अजय जायसवाल व धीरज वर्मा आदि माहजूद रहे। अंगिरा शिशु ज्ञान मंदिर विद्यालय में बच्चों ने प्रधानाचार्य नन्द कुमार शर्मा की मौजूदगी में योगाभ्यास किया। स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल में बच्चों के संग प्रधानाचार्य कंचन चौरसिया, रवि प्रताप सिंह आदि स्कूल स्टाफ ने योगाभ्यास किया। वन क्षेत्र निचलौल के बैठवलिया बीट के टेलपहल पर योग दिवस का अयोजन कर ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के साथ विभागीय लोगों ने सामूहिक योग किया। इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी राकेश चन्द्र यादव, वन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार राव, वन दरोगा अभिषेक सिंह, राम सुधार, अवधेश पासवान व आशीष सिंह आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय इंटर कालेज वाली मे एनसीएसी कैडेट्स के साथ कालेज स्टाफ ने योगाभ्यास किया। इस दौरान प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर अग्रवाल, अनिल प्रजापति व विजय कुमार आदि मौजूद रहे। सीएचसी निचलौल में योगाभ्यास के दौरान प्रभारी डा. अंकित सिंह, डा. अंजनी सिंह, डा. उमेश सिंह सहित सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा। थाना परिसर में सीओ सुनील दत्त दुबे व थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह की मौजूदगी में योगाभ्यास किया। **ठूठीबारी** प्रतिनिधि के अनुसार होप एंड हेल्प वेलफेयर सोसायटी, कामन सर्विस सेंटर व शिशु विद्यालय जूनियर हाईस्कूल के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे रहे। आदित्य मिश्रा व नीरज सोनी ने प्राणायाम आदि कराया। स्वामी विवेकानंद इण्टर मीडिएट कालेज व ग्राम पंचायत के रैन बसेरा परिसर में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामप्रधान अजय कुमार, प्रधानाचार्य अंबरीश त्रिपाठी, मोहन प्रसाद चौधरी, नवरत्न निगम, दुर्गा प्रसाद गुप्त, कृष्ण मोहन रौनियार, संदीप, अजय श्रीवास्तव, ओमकार वर्मा व अनंत रौनियार आदि मौजूद रहे। सिसवा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल के योग शिविर में छात्र छात्राएं व कालेज स्टाफ ने हिस्सा लिया। महात्मा गांधी इंटर कालेज के ग्राउंड में प्रधानाचार्य मृगेंद्र सिंह, पूर्व पीटीआई छेदी प्रसाद, मदन पांडेय, मोनू रावत, नरेंद्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, राधा वर्मा, राजन विश्वकर्मा व उमाशंकर जायसवाल आदि ने योगाभ्यास किया। श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में छट्ठीलाल, अमरनाथ खरवार, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल, संदीप सोनी, दीपक सिंह, हरिद्वार मद्धेशिया व अमित पुरी आदि ने हिस्सा लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डा. ईश्वरचंद्र विद्यासागर, डा. मनोज कुशवाहा,मनोज दुबे, आशुतोष पटेल, नंदिनी सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-06-2022

# अश्लील टिप्पणी का केस

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने महिलाओं व लड़कियों पर अश्लील टिप्पणी पर केस दर्ज किया है। थाने के एसआई मिर्जा वहीद बेग की तहरीर पर सुलतान निवासी कस्बा वाल्टरगंज और दीपक निवासी पलाने थाना वाल्टरगंज पर कार्रवाई की गई है।

# दहेज के लिए तीन महिलाओं का उत्पीड़न, एफआईआर

बस्ती, हिसं। महिला थाना और गौर पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिताओं के उत्पीड़न के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा कायम किया है।

महिला थाना में तहरीर देकर कोतवाली मनहनडीह निवासी वंदना पांडेय ने आरोप लगाया है कि झूठ बोलकर उनकी शादी की गई। ससुराल में दहेज की मांग की गई। पुलिस ने पति विवेक, ससुर निवासी मनहनडीह समेत सात ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कर किया है। महिला थाने में नगर थाना के पिपरा गौतम निवासी ज्योति पांडेय ने आरोप लगाया है कि ससुराल में पति व जेठानी ने पांच लाख रुपये की मांग की। इसे पूरा न कर पाने पर मारपीट कर अपशब्द कहा गया। पुलिस ने पति हरिशंकर व जेठानी गायत्री उर्फ गुड़िया पर डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। गौर थाने में मुंडेरवा की महिला ने बताया है कि उसकी शादी मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी कुलदीप उर्फ अजय उर्फ प्रेमजीत से हुई है। पति ने उसकी बहन से शादी कर ली। पुलिस ने पति के अलावा तीन ननद समेत चार पर केस दर्ज किया है।

## पारिवारिक विवाद में मारपीट, नौ पर केस

नगर बाजार। नगर बाजार निवासी मोहम्मद कासिम ने आरोप लगाया है कि पारिवारिक विवाद को लेकर शकीना, मोहम्मद आलम, निजाम, अनस, साजू उर्फ कलाम, शबनम बानो, सरफराज, यासमीन व ताहिर अली अपशब्द कह रहे थे। मना करने पर एक राय होकर दरवाजे पर चढ़ गए और लाठी-डंडे से मारापीटा। बीच-बचाव में बहन साहिदा, शमा, मुब्सरा व गुड़िया उर्फ शोएबा घायल हो गई। पुलिस ने मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# चार पर गैंगस्टर

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने चार आरोपितों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शैलेश सिंह ने बताया कि मोहित, विक्रम, अतुल व पिंकी के खिलाफ 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# नगदी-जेवरात चोरी

बस्ती। कोतवाली में गांधीनगर स्थित बभनगावां निवासी इन्द्रासनी ने बताया कि 18 जून को विपक्षी चैनल को काटकर अंदर घुस गए। अलमारी में रखा नौ लाख 80 हजार रुपया, जेवर आदि सामान ले गए। कोतवाल ने बताया कि पुरानी बस्ती के मंगल बाजार निवासी मणिलाल, प्रिंस, अंशू, अमर व बन्टू पर केस दर्ज किया है।

# घरेलू सामान में लगाई आग, तीन नामजद

नगर बाजार। नगर थाना क्षेत्र के बढ़नी में पुरानी रंजिश को लेकर छत पर रखे गृहस्थी के सामान में आग लगाने का मामला सामने आया है। छत पर मौजूद दिव्यांग बालिका फलक और उसे बचाने गई उसकी मां सरिता भी आग से झुलस गई।

नगर थाना क्षेत्र के बढ़नी निवासी विजय कुमार मिश्र ने तहरीर में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कंचन मिश्रा पत्नी प्रदीप कुमार, सूरज व राज उर्फ वीरू घर के छत पर रखे सामान में आग लगा दिया। छत पर रखी कापी, किताब, बिस्तर, पंखा आदि जल गया। विपक्षियों ने धमकी दिया कि अगर तुम लोग घर छोड़कर नहीं गए तो सभी को जला देंगे। थानाध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नंदलाल हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू बरामद

- जेल में बंद हत्यारोपित को छह घंटे की रिमांड पर लेकर लाया गया था थाने
- पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को उतारा था मौत के घाट

**सल्टौआ (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के बहुचर्चित नंदलाल हत्याकांड के मुख्य आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। इसी चाकू से गला रेत कर नंदलाल को मौत के घाट उतारा गया था।

प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि जेल में बंद हत्यारोपित नासिर को सोमवार को छह घंटे की रिमांड पर लेकर थाने लाया गया था। उसकी निशानदेही पर सोनहा थानांतर्गत हलुआ-खोड़ारे मार्ग पर स्थित लकड़ी के पुल के निकट झाड़ियों में फेंका गया चाकू बरामद कर लिया गया। उसके खिलाफ 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पर्जीकृत कर लिया गया है। सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग उर्फ दरियापुर जंगल के तुलसीपुर टोला निवासी नंदलाल गुप्ता (32) पुत्र लौटू गुप्ता की 25 मई 2022 की रात हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया था कि उसकी पत्नी कंचन ने अपने प्रेमी नासिर निवासी तिलया थाना खोड़ारे जनपद गोंडा के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतारा था। चाकू से गला रेतकर हत्या करने के बाद शव के कई टुकड़े कर आरोपी नासिर ने उसे अपने गांव के पास सीवान में स्थित कुएं में फेंक दिया था। आरोपी पत्नी कंचन की गिरफ्तारी के बाद मुंबई से नासिर को भी पुलिस ने दबोच लिया था। इस हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू बरामद नहीं हो सका था। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि चाकू बरामद कर लिया है।

# धोखाधड़ी कर निकाले गए 90 हजार वापस कराए

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के साइबर सेल की टीम ने एइपीएस सिस्टम (आधार इनेबिल पेमेंट सिस्टम) के जरिए धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति के बैंक खाते से निकाले गए 90 हजार रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है।

खातेदार राम उग्रह निवासी रमवापुर पोस्ट पकरी धौरहरी थाना मुंडेरवा ने एसपी आशीष श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों ने 17 फरवरी से 12 मार्च 2022 के मध्य 90 हजार रुपये निकाल लिया।

एसपी ने प्रार्थना-पत्र का तत्काल संज्ञान लेते हुए साइबर सेल प्रभारी मजहर खान, कांस्टेबल मोहन यादव, दीपक कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, घनश्याम यादव, संदीप कुमार की टीम को साइबर अपराध के इस मामले की जांच सौंपी। साइबर टीम की जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता के भारतीय स्टेट बैंक के खाते से एइपीएस सिस्टम के माध्यम से 10-10 हजार रुपये नौ बार में कुल 90 हजार रुपये की निकासी की गई है। जिसके संबंध में थाना मुंडेरवा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि आरोपी जालसाज की तलाश की जा रही है।

**17** फरवरी से 12 मार्च 2022 के मध्य 90 हजार रुपये निकाल लिया

- आधार इनेबिल पेमेंट सिस्टम के जरिए नौ बार में निकाले गए थे रुपये
- मुंडेरवा थाने में मुकदमा दर्ज कर जालसाज की चल रही है तलाश

# चार पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा

- मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- दुबौलिया थाने के सांड़पुर भरवटिया गांव की घटना

**जासं, दुबौलिया, बस्ती** : दुबौलिया थाने के एक गांव में निमंत्रण से लौट रहे कुछ युवकों के बीच आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ी तो दोनों पक्ष के बीच मारपीट होने लगी। बीच-बचाव करने आए एक अधेड़ को गंभीर चोट लग गई। उन्हें सीएचसी हरैंया ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

सांड़पुर भरवटिया गांव निवासी बाबा तथा उनके चचेरे भाई गप्पू तथा गांव के ही अमित पड़ोस में रामदीन चौहान के घर निमंत्रण पर गए थे। सोमवार की देररात 10 बजे निमंत्रण से आते समय किसी बात को लेकर अमित और बाबा में कहासुनी हो गई जो बाद में मारपीट में बदल गई। इसी बीच अमित के पिता 50 वर्षीय हनुमान मौके पर पहुंच गए। बीच बचाव के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आईं।

मौके पर पहुंचे परिवारीजन हनुमान को इलाज के लिए सीएचसी हरैंया ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मारपीट में बाबा और गप्पू को भी चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया की मृतक हनुमान की पत्नी प्रभावती देवी की तहरीर पर चार लोगों भोला पुत्र मनोहर, बाबा पुत्र परशुराम, रविंद्र पुत्र धर्मराज, गप्पू पुत्र सुखराम के विरुद्ध मारपीट, गैर इरादतन हत्या की धारा में का मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपित बाबा एवं गप्पू को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

## नंदलाल के हत्यारोपित की निशानदेही पर चाकू बरामद

भानपुर, बस्ती : सोनहा थाने के परसा खुर्द बुजुर्ग उर्फ दरियापुर जंगल के तुलसीपुर टोला निवासी नंदलाल गुप्ता की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। 25 मई की रात पत्नी कंचन व उसके प्रेमी नासिर निवासी तिलया थाना खोड़ारे जनपद गोंडा ने चाकू से गला रेतकर नंदलाल की नृशंस हत्या कर दी थी। शव को बोरे में रखकर हत्यारोपित ने तिलया गांव के कुएं में फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने दोनों हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया था। मौके पर हत्यारोपित के पास से चाकू बरामद नहीं हुआ था। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि हत्यारोपित नासिर को मंगलवार को रिमांड पर लेकर थाने लाया गया। उसकी निशानदेही पर हलुआ खोड़ारे मार्ग पर स्थित लकड़ी के पुल के निकट झाड़ियों में फेंका गया चाकू बरामद कर लिया गया है।

# दस प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : मंगलवार को विकास भवन के पास एकत्र होकर अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए सरकार के विरोध में नारेबाजी करने वालों की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली कोतवाल संजय कुमार, चौकी प्रभारी सिविल लाइन सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए। वहीं प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही तहसीलदार सदर चंद्रभूषण ने पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे लोगों का ज्ञापन लिया। वहीं दूसरी तरफ मामले में पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

कोतवाल ने बताया कि भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाइएफआइ) के बैनर तले जिलाध्यक्ष कुमार कार्तिकेय त्रिपाठी की अगुवाई में कुछ लोग अग्निपथ योजना के विरोध में नारे लगा रहे थे। जिले में निषेधाज्ञा लागू है, जिसका इन लोगों ने उल्लंघन किया।



सदर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ता ● सौ.स्वयं

इसके पहले सोमवार को अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर एपीएनपीजी कालेज के सामने विरोध प्रदर्शन की तैयारी में जुटे कोचिंग संचालक समेत पंद्रह लोगों को पुलिस ने पोस्टर और बैनर के साथ गिरफ्तार किया था। ऐसे में पुलिस मंगलवार को भी अलर्ट मोड में थी। जैसे ही सूचना मिली कि विकास भवन के पास अग्निपथ योजना के विरोध में भारत की जनवादी नौजवान सभा के बैनर तले कुछ लोग एकत्र हुए हैं और वे नारेबाजी कर रहे हैं पुलिस पहुंच गई। कोतवाल ने बताया कि धारा 144 के उल्लंघन में जिलाध्यक्ष कुमार कार्तिकेय त्रिपाठी, जिला मंत्री नवनीत कुमार यादव, शिवचरन, शेषमणि, प्रमोद, सुंदरी, मोहन, हीरालाल, रामप्रकाश व जोगेंद्र कुमार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रकम हड़पने व अपशब्द कहने के आरोप में केस

**जागरण संवाददाता, गोटवा, बस्ती :** नगर थाना क्षेत्र के पोखरा निवासी प्रभुनाथ सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे शुभम सिंह से उसके मित्र आनंद यादव निवासी साऊंडीह (बेलभरिया जंगल) थाना गौर ने किसी काम से 20 हजार रुपये उधार लिया था। आरोप लगाया कि बाद में आनंद यादव ने खाते में एक लाख 50 हजार रुपये और मंगवा लिया। इसके बाद जब दी गई रकम मांगी गई तो आरोपित और उसके घरवाले अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि आनंद यादव सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत चार पर कार्रवाई

**बस्ती:** हर्रैया पुलिस ने चार आरोपितों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह बनाकर आर्थिक, भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए संगठित अपराध करने के आरोप में पुलिस ने मोहित गुप्ता निवासी तेलियाडीह थाना कप्तानगंज, विक्रम निवासी पिपरी थाना दुबौलिया, अतुल निवासी नरायनपुर तिवारी व पिंकी निवासी पिनेसर पर गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया गया है। (जासं)

# फसल काटने के मामले में तीन पर मुकदमा

**बस्ती :** वाल्टरगंज थाने के चंदोखा गांव के प्रधान विश्वनाथ सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सरकारी जमीन की पैमाइश राजस्व टीम द्वारा कराई गयी थी। इसकी नीलामी कर धन को सरकारी खाते में जमा होना था, मगर फसल को कुछ लोगों द्वारा चोरी से काट लिया गया। पुलिस ने मामले में चाईबारी गांव निवासी शिवाजी सिंह उर्फ राजू, रामप्रसाद व महेंद्र विक्रम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)









# स्वस्थ तन-मन के लिए योग करने स्पोर्ट्स स्टेडियम में उमड़े लोग

## विश्व योग दिवस पर जिलेभर में आयोजित किए गए कार्यक्रम, योग के जरिये निरोगी रहने का दिया संदेश, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण














# न्यायाधीशों ने योग किया, निरोगी रहने का दिया संदेश











# अश्लील टिप्पणी पर केस

**बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस ने महिलाओं व लड़कियों पर अश्लील टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एसआइ मिर्जा वहीद बेग की तहरीर पर सुल्तान राइनी निवासी कस्बा वाल्टरगंज और एसआइ विजय कुमार की तहरीर पर दीपक चौधरी निवासी पलाने थाना वाल्टरगंज पर मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# गुमशुदा महिला को पुलिस ने परिवार से मिलाया

वाल्टरगंज। थानाक्षेत्र के सिहबरा गांव में भटकते दिखी महिला को पुलिस की मदद से उसका परिवार मिल गया। मऊ जनपद से उसके परिवार के लोग यहां पहुंचे और हंसी-खुशी उसे अपने साथ ले गए।

एसओ योगेश सिंह ने बताया कि पहचान सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार गुमशुदा महिला सुनीता को उनके परिवार वालों की सुपुर्दगी में दिया गया। परिवार के लोगों का कहना है कि मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण कुछ दिन पहले वह भटककर गायब हो गई थीं। सोमवार को देर शाम सिहबरा गांव के लोगों ने यूपी-112 पर पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक महिला भटककर पहुंची है। इस सूचना पर

## मऊ जिला के थाना रानी गंज खुरहट की निवासी है महिला

पहुंचे एसओ गांव में पहुंचे और रात्रि होने के कारण रात में देखभाल के लिए उस महिला को ग्राम चौकीदार सिहबरा प्रेमचन्द की पत्नी श्रीमती बुलाकर सुपुर्द किया गया। सुबह चौकीदार प्रेमचन्द अपनी पत्नी श्रीमती उस महिला को लेकर थाने पर पहुंचे। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी पूजा सिंह ने पूछताछ कर जानकारी हासिल की। महिला ने अपने पति का नाम राजकुमार, ससुर का नाम पल्टन व पुत्र का नाम अतुल कुमार राजभर निवासी ग्राम खुरहट थाना रानी गंज जिला मऊ बताया। संवाद

# अश्लील टिप्पणी करने वालों पर केस

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने महिलाओं व लड़कियों पर अश्लील टिप्पणी करने वालों पर केस दर्ज किया है। थाने के एसआई मिर्जा वहीद बेग की तहरीर पर सुलतान राइनी निवासी कस्बा वाल्टरगंज और एसआई विजय कुमार की तहरीर पर दीपक कुमार चौधरी निवासी पलाने थाना वाल्टरगंज पर यह कार्रवाई की गई है। संवाद

# जनवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष समेत 10 कार्यकर्ताओं पर मुकदमा

**बस्ती।** अग्निपथ योजना के विरोध के क्रम में शहर में मंगलवार को विकास भवन के पास सरकार विरोधी नारेबाजी की गई।

कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष कुमार कार्तिकेय त्रिपाठी के नेतृत्व में अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ लोग निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए नारेबाजी कर रहे थे। दस लोगों पर केस दर्ज किया गया है जिसमें जिलाध्यक्ष कार्तिकेय त्रिपाठी, जिला मंत्री नवनीत यादव, शिवचरन, शेषमणी, प्रमोद, सुंदरी, मोहन, हीरालाल, रामप्रकाश व जोगेन्द्र का नाम शामिल हैं। संवाद

# चार पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने चार आरोपितों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह बनाकर अपने व अपने गिरोह के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए



**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग दिवस का उद्घाटन करते सांसद हरीश द्विवेदी, प्रभारी डीएम डॉ.राजेश प्रजापति व एसपी आशीष श्रीवास्तव। इस अवसर पर अधिकारियों ने योग से निरोग रहने का संदेश भी दिया। -*संबंधित खबर व फोटो पेज छह पर*

# छह घंटे की रिमांड पर लिया गया मुख्य आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

## सोनहा पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया

### नंदलाल की पत्नी पर प्रेमी नासिर से मिलकर हत्या का आरोप

**बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र के बहुचर्चित नंदलाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी नासिर को पुलिस ने मंगलवार को छह घंटे की रिमांड पर लिया। इस दौरान उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू को बरामद किया गया।

प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि जेल में बंद हत्यारोपी नासिर की निशानदेही पर सोनहा थानाक्षेत्र के हलुआ-खोड़ारे मार्ग पर स्थित लकड़ी के पुल के निकट झाड़ियों में फेंका गया चाकू बरामद कर लिया गया। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग उर्फ दरियापुर जंगल के तुलसीपुर टोला निवासी नंदलाल गुप्ता (32) की 25 मई की रात हत्या कर दी गई थी। इसका खुलासा हुआ तो पता चला कि नंदलाल की पत्नी ने अपने प्रेमी नासिर निवासी तिलया थाना खोड़ारे जनपद गोंडा के साथ मिलकर उसकी गला रेतकर हत्या कर दी थी। शव को आरोपी नासिर बाइक पर लादकर अपने गांव लेकर चला गया। वहां के एक कुएं में शव को फेंकने के बाद वह मुंबई चला गया था। पुलिस ने नंदलाल की पत्नी कंचन को गिरफ्तार कर पूछताछ की और उसके बयान के आधार पर उसके प्रेमी नासिर को मुंबई से गिरफ्तार कर उसके बताने पर गांव के कुएं से शव बरामद किया गया था।

इस हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू बरामद नहीं हो सका था। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर हत्यारोपी नासिर की रिमांड मांगी गई थी। सोमवार की सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक की छह घंटे की रिमांड स्वीकृत हुई। उसे थाने पर लाकर पूछताछ की गई और फिर उसकी निशानदेही पर हलुआ खोड़ारे मार्ग पर स्थित लकड़ी के पुल के निकट झाड़ियों में फेंका गया चाकू बरामद कर लिया गया।

# चार पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने चार आरोपितों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह बनाकर अपने व अपने गिरोह के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए संगठित अपराध करने के आरोप में मोहित गुप्ता निवासी तेलियाडीह थाना कप्तानगंज, विक्रम निवासी पिपरी थाना दुबौलिया, अतुल निवासी नरायनपुर तिवारी थाना हर्रैया व पिंकी निवासी पिनेसर थाना हर्रैया के खिलाफ 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# साइबर सेल ने खाते में 90 हजार वापस कराए

**बस्ती।** पुलिस की साइबर सेल की टीम ने एइपीएस सिस्टम (आधार इनेबिल पेमेंट सिस्टम) के जरिए धोखे से बैंक खाते से निकाले गए 90 हजार रुपये खाते में वापस कराने में कामयाबी हासिल की है। रुपये वापस पाने के बाद खातेदार के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

इस संबंध में खातेदार राम उग्रह निवासी रमवापुर पोस्ट पकरी धौरहरी थाना मुंडेरवा ने एसपी आशीष श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें कहा गया कि उसके बैंक खाते से अज्ञात जालसाजों ने 17 फरवरी से 12 मार्च के मध्य 90 हजार रुपये निकाल लिया। एसपी ने प्रार्थना-पत्र का तत्काल संज्ञान लेते हुए साइबर सेल प्रभारी मजहर खान, कांस्टेबल मोहन यादव, दीपक कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, घनश्याम यादव, संदीप कुमार की टीम को साइबर अपराध के एस मामले को सुलझाने का टास्क सौंपा।

साइबर टीम की जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता के भारतीय स्टेट बैंक के खाते से एइपीएस सिस्टम के माध्यम से 10-10 हजार रुपये नौ बार में कुल 90 हजार रुपये की निकासी की गई है। जिसके संबंध में थाना मुंडेरवा में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था।

साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि आरोपी के बारे में छानबीन की जा रही है। संवाद

# मारपीट में पांच लोग घायल, नौ के विरुद्ध मुकदमा

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर बाजार में पारिवारिक विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मारपीट व बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नगर बाजार निवासी मोहम्मद कासिम ने तहरीर में आरोप लगाया है कि पारिवारिक विवाद को लेकर शकीना पुत्री अल्ताफ, मोहम्मद आलम, निजाम, अनस, साजू उर्फ कलाम, शबनम बानो पत्नी आलमगीर, सरफराज, यासमीन पत्नी शाकिर अली व ताहिर अली अपशब्द कह रहे थे। मना करने पर उक्त सभी लोग लाठी-डंडे लात मुक्कों से मारने लगे। बीच बचाव करने आई हमारी बहन साहिदा खातून, शमा खातून, मुब्सरा खातून व गुड़िया उर्फ शोएबा खातून को भी मारपीट कर घायल कर दिया जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। संवाद

# छत पर रखे सामान में लगाई आग, तीन नामजद

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़नी में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही तीन लोगों ने छत पर रखे गृहस्थी के सामान में आग लगा दी। छत पर मौजूद दिव्यांग बालिका फलक और उसे बचाने गई उसकी मां सरिता भी आग से झुलस गई। छत पर रखा सारा सामान भी जल गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के बढ़नी निवासी विजय कुमार मिश्र ने तहरीर में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कंचन मिश्रा पत्नी प्रदीप कुमार, सूरज व राज उर्फ वीरू घर के छत पर रखे सामान में आग लगा दिए। जिससे छत पर रखी कापी, किताब, बिस्तर, पंखा आदि जल गया। विपक्षियों ने धमकी दिया कि अगर तुम लोग घर छोड़कर नहीं गएतो सभी को जलाकर मार देंगे। संवाद

# मकान का ताला तोड़कर सामान चुराने का आरोप, मुकदमा

बस्ती। कोतवाली थानांतर्गत गांधीनगर के शालीमार मार्केट स्थित मकान नंबर 32 से दिन दहाड़े ताला तोड़कर सामान निकाल लिए जाने का मामला सामने आया है। मकान की मालकिन इंद्रावती गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों पर मामला दर्ज किया है। इंद्रासनी ने बताया कि वे कूल्हे का ऑपरेशन कराकर रिश्तेदार के यहां रह रही हैं। मकान पर कब्जे की नियति से मणिलाल वर्मा उर्फ मोतीलाल, प्रिंस सोनी, अंशू सोनी, अमर सोनी, बंटू सोनी ने दरवाजा तोड़कर लगभग नकदी व सोने चांदी के आभूषण, फर्नीचर आदि लेकर चले गए। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने घर से सामान ले जाते हुए आरोपियों का वीडियो भी बनाया है। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में पांच गिरफ्तार

पैकोलिया। थानाक्षेत्र के चेतरा गांव के तीन सगे भाइयों और बेलघाट के दो लोगों को पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि थानाक्षेत्र के चेतरा गांव निवासी रामकिशोर, रामकरण  राधा रमण और बेलघाट गांव निवासी सूरज व कमलेश शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे। उक्त लोगों को शांतिभंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। संवाद

# वांछित गिरफ्तार

पैकोलिया। चोरी व जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित हर्रैया थानाक्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर एक आंबेडकर नगर निवासी माता प्रसाद गौड़ उर्फ मोनू को पैकोलिया पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घाटमपुर से उसे गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध पैकोलिया के अलावा हर्रैया तथा परशुरामपुर थाने में कई मामले दर्ज हैं। संवाद

# सरकारी जमीन पर लगी फसल काटने पर मुकदमा

बस्ती। वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर ग्राम प्रधान चंदोखा ने बताया है कि सरकारी जमीन की पैमाइश राजस्व टीम ने की थी। इस भूमि में लगी गेहूं की फसल को ग्राम पंचायत के सुपुर्दगी में दिया गया था। नीलामी कर धन सरकारी खाते में जमा होना था। आरोप है कि चाईबारी निवासी शिवाजी सिंह उर्फ राजू, रामप्रसाद व महेन्द्र विक्रम ने फसल को चोरी से काट लिया और अनाज उठा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# सैन्य जमीन पर तीसरे डैंपनर निर्माण की सेना ने दी अनुमति

## डोगरा रेजीमेंट के कंपनी कमांडर की मौजूदगी में किया गया जमीन का चिह्नांकन

संवाद न्यूज एजेंसी



विक्रमजोत विकास क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव कल्याणपुर के पास सैन्य पड़ाव में डैंपनर निर्माण के लिए किया गया जमीन का चिह्नांकन । संवाद

**विक्रमजोत।** क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में कटान रोकने के लिए तीसरे डैंपनर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को डैंपनर निर्माण के लिए बाढ़ खंड व डोगरा रेजीमेंट के बीच सहमति बनी। कल्याणपुर गांव के पास करीब 12 एकड़ भूमि का प्रयोग आजादी से पहले सैन्य छावनी के रूप में होता था। जिसे आज भी सैन्य पड़ाव के रुप में जाना जाता है। इस जमीन का डोंगरा रेजीमेंट फैजाबाद को मालिकाना हक प्राप्त है।

जमीन के कुछ हिस्से में करीब दर्जन भर परिवार घर बनाकर रह रहे हैं। सरयू नदी कटान करते हुए आबादी के करीब पहुंच गई है। बाढ़ के कहर से आबादी को बचाने के लिए डैंपनर का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। दो साल पहले कटान रोकने के लिए सैन्य जमीन पर डैंपनर निर्माण का काम बाढ़ खंड ने शुरू किया था। लेकिन, सेना ने इसे रोकवा दिया। मंगलवार को डोगरा रेजीमेंट के कंपनी कमांडर संजय सिकार्की व राजेश कुमार के नेतृत्व में सैनिकों व अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड दिनेश कुमार की उपस्थिति में डैंपनर निर्माण के लिए सहमति बनी। इसके लिए जगह का चिह्नांकन किया गया। बाढ़ खंड अवर अभियंता अतुल

### डैंपनर निर्माण से पड़ाव व संदलपुर गांव को मिलेगी कटान से राहत

कुमार ने बताया कि निर्माणाधीन तटबंध के अंदर बसे ग्रामीणों के घरों को कटान से बचाने के लिए पड़ाव क्षेत्र में डैंपनर का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। ग्रामीणों की समस्याओं के मद्देनजर रक्षा मंत्रालय से डैंपनर निर्माण की अनुमति मांगी गई थी। सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में निर्माण स्थल का चिह्नांकन किया गया। आधिकारिक पुष्टि होने के बाद डैंपनर निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। तीसरे डैंपनर निर्माण से पड़ाव व संदलपुर गांव को कटान से राहत मिलेगी।

# दोस्त बनकर हड़प लिए पौने दो लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ धोखे से रुपये लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर थाना क्षेत्र के पोखरा निवासी प्रभुनाथ सिंह ने नगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि हमारे पुत्र शुभम सिंह से आनन्द यादव निवासी साऊडीह (बेलभरिया जंगल) थाना गौर से मित्रता है। शुभम सिंह के मित्र आनन्द यादव ने उसे विश्वास में लेकर किसी काम से बीस हजार रुपये उधार ले लिया। उसके बाद फिर एक दिन आनंद यादव ने अपने खाते में एक लाख पचास हजार रुपये मंगवा लिया और कहा कि जल्द ही रुपये वापस कर देंगे।

लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी वह रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। इस तरह बकाया एक लाख 70 हजार रुपये हड़प लिए। मांगने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। संवाद

# में लग गई सेंध

## ौरा बाजार में एसबीआई पोखरनी शाखा का मामला



पर पहुंची पुलिस। संवाद

ल्लवारी
कारियों
नी टीम
नरीक्षण
टेज की
लगभग
ल्लवारी

विनय चौहान, एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम प्रभारी गजेन्द्र सिंह व सर्विलांस टीम ने भी निरीक्षण किया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में जिस समय सेंध कटी हुई दिख रही उसी समय वह बैंक के सामने निरीक्षण कर रहे थे। ऐसा लगता है कि पुलिस का सायरन बजने के कारण चोर भाग गए जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। सीओ ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ व घटना स्थल पर मिले सबूत के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मामले का शीघ्र ही अनावरण किया जाएगा।

# छह घंटे की रिमांड पर लिया गया मुख्य आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

### सोनहा पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया

### नंदलाल की पत्नी पर प्रेमी नासिर से मिलकर हत्या का आरोप

**बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र के बहुचर्चित नंदलाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी नासिर को पुलिस ने मंगलवार को छह घंटे की रिमांड पर लिया। इस दौरान उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू को बरामद किया गया।

प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि जेल में बंद हत्यारोपी नासिर की निशानदेही पर सोनहा थानाक्षेत्र के हलुआ-खोड़ारे मार्ग पर स्थित लकड़ी के पुल के निकट झाड़ियों में फेंका गया चाकू बरामद कर लिया गया। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग उर्फ दरियापुर जंगल के तुलसीपुर टोला निवासी नंदलाल गुप्ता (32) की 25 मई की रात हत्या कर दी गई थी। इसका खुलासा हुआ तो पता चला कि नंदलाल की पत्नी ने अपने प्रेमी नासिर निवासी तिलया थाना खोड़ारे जनपद गोंडा के साथ मिलकर उसकी गला रेतकर हत्या कर दी थी। शव को आरोपी नासिर बाइक पर लादकर अपने गांव लेकर चला गया। वहां के एक कुएं में शव को फेंकने के बाद वह मुंबई चला गया था। पुलिस ने नंदलाल की पत्नी कंचन को गिरफ्तार कर पूछताछ की और उसके बयान के आधार पर उसके प्रेमी नासिर को मुंबई से गिरफ्तार कर उसके बताने पर गांव के कुएं से शव बरामद किया गया था।

इस हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू बरामद नहीं हो सका था। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय ने बताया कि कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर हत्यारोपी नासिर की रिमांड मांगी गई थी। सोमवार की सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक की छह घंटे की रिमांड स्वीकृत हुई। उसे थाने पर लाकर पूछताछ की गई और फिर उसकी निशानदेही पर हलुआ खोड़ारे मार्ग पर स्थित लकड़ी के पुल के निकट झाड़ियों में फेंका गया चाकू बरामद कर लिया गया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-06-2022

## एएसपी के अगुवाई में पुलिस लाइन्स में पुलिसकर्मियों ने किया योग

सिद्धार्थनगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन्स अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने योग योगाभ्यास किया। योग शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वास्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर सीओ बांसी देवी गुलाम, सीओ राणा महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक मय स्टफ, वाचक अपर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस कार्यालय के सभी पुलिस कर्मियों ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास किया गया। इसके अलावा जनपद के सभी थानों पर आयोजित योग शिविर में पुलिस कर्मियों ने योगा किया।


संक्षिप्त खबरें

# चोरी के दो घटनाओं में चार गिरफ्तार

खेसरहा (एसएनबी) । चोरी के दो अलग-अलग घटनाओं में शामिल रहे चार अभियुक्तों को खेसरहा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। मामले का खुलासा चोरों की गिरफ्तारी के बाद उनके कबूलनामे से हुआ। पुलिस के अनुसार कुर्थिया चौकी क्षेत्र व थाना क्षेत्र में हुई छिटपुट चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की रात्रि गस्त बढ़ा दी गई थी। रात्रि गस्त के दौरान बीती रात लक्ष्मीगंज चौराहे के पास गश्ती जवानों को देखकर भागने वाले चार संदिग्धों को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर पुलिस ने चार अदद टुल्लू पम्प भी बरामद किया। अभियुक्तों ने अपना नाम व पता सोनू पासवान पुत्र संतराम पासवान, रविन्द्र पासवान पुत्र राजाराम पासवान, प्रदीप पासवान पुत्र संतराम पासवान साकिन कठमोरवा थाना खेसरहा तथा चौथे अभियुक्त ने अपना पता ओमप्रकाश हरिजन पुत्र कृपाशंकर हरिजन साकिन चिउटहा थाना खेसरहा बताया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़े गए चारों अभियुक्तों को मुअसं 65/2022 धारा 380,457,411 आईपीसी व मुअसं 66/22 धारा 379, 411 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। उनके पास से 4 अदद मोटर ( टुल्लु पम्प) की बरामदगी की गयी । पुलिस टीम में उनि उपेन्द्र सिंह, उनि शिवकुमार यादव, उनि संजीत कुमार संह, कां मनमोहन यादव, कां विनोद चौरसिया शामिल रहे।

# क्राइम ब्रांच और पुलिस ने की शिक्षण संस्थान पर छापेमारी

**डुमरियागंज/शाहपुर (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित एक शिक्षण संस्थान पर दिल्ली से आई क्राइम ब्रांच टीम और स्थानीय थाने की पुलिस द्वारा छापेमारी करने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस इस जांच को लेकर कुछ बताने से इंकार कर रही है। पुलिस ने जांच चलने की बात कही है। फिलहाल छापेमारी की इस कार्रवाई से आस-पास के शिक्षण संस्थानों व कलेज से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम रमवापुर उर्फ नेबुआ स्थित श्री राम सूरत आटीआई कलेज पर सोमवार की रात लगभग 9 बजे डुमरियागंज थाने की पुलिस ने 2 वाहनों और भारी पुलिस बल के साथ पहुंची जिसके बाद वहां हड़कम्प मच गया। जानकारी के मुताबिक दिल्ली से आई क्राइम ब्रांच की टीम ने छापा मारा है। वहीं जानकारों की माने तो आईटीआई कलेज बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से चला था। जहां पर देर रात तक क्राइम ब्रांच की टीम दस्तावेज और कागजात खंगालने में जुटी रही और संस्थान के जिम्मेदार लोगों से पूछताछ भी की और कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी हासिल किए है। जन चर्चा है की छापेमारी के दौरान वहां पर मौजूद दो कर्मचारियों को पुलिस ने सरकारी गाड़ी में बैठाकर थाने भी ले आई है। छापेमारी की इस कार्रवाई का पुलिस व टीम द्वारा कोई खुलासा नहीं किया गया है। इस संबंध में डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बतायाा कि ईस मामले में अभी कुछ नहीं बता सकते। जांच प्रक्रिया चल रही है। उच्चाधिकारियों द्वारा जो दिशा निर्देश मिलेगा उसी के मुताबिक कार्यवाही की जाएगी।



योग करते पुलिसकर्मी



# पुलिस लाइन में हुआ योगाभ्यास

रिजर्व पुलिस लाइंस में एएसपी सुरेश चंद्र रावत की अगुवाई में योगाभ्यास कराया गया। एएसपी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। देवी गुलाम, राणा महेंद्र प्रताप सिंह समेत पुलिस जवानों की सहभागिता रही। इसके अलावा सभी थानों पर योग कार्यक्रम हुए।

# 24 घंटे के अंदर करें शिकायतों का निस्तारण

- एएसपी ने त्रिलोकपुर थाने के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश
- सात दिन के अंदर लगाएं पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन की जांच रिपोर्ट

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने सोमवार की शाम त्रिलोकपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि यदि समझौता होता है तो उसकी प्रविष्टि जीडी में भी दर्ज करें।

उन्होंने कहा कि बीट पुलिस अधिकारी अपनी बीट से भ्रमण में प्राप्त सूचना को थाने के रजिस्टर में दर्ज करें। पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन की जांच रिपोर्ट सात दिन के अंदर ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सी प्लान ऐप में अभी 12-13 लोग प्रत्येक गांव से जुड़े हैं।

उन्होंने जिले के सभी थानेदारों को निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव से 25- 25 संभ्रांत व्यक्तियों को सी प्लान ऐप से जोड़ें ताकि जनता से सूचनाओं का आदान-प्रदान तेजी से हो सके। उन्होंने थाने पर पुलिस कर्मियों व एसआई का सम्मेलन भी किया। इस दौरान सीओ डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर विद्याधर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने मंगलवार की शाम त्रिलोकपुर थाने का औचक निरीक्षण किया।

# एडीजी का आगमन आज

सिद्धार्थनगर। एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार 22 जून को जिले में आएंगे। वे यहां निरीक्षण व अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 22 जून को पुलिस लाइंस में जन-सुनवाई कार्यक्रम में 11:30 से 12:30 बजे तक जनता की समस्याओं को सुनेंगे।

# आईटीआई कॉलेज में पुलिस की छापेमारी

भनवापुर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव में स्थित एक आईटीआई कॉलेज में सोमवार की रात डुमरियागंज पुलिस व दिल्ली पुलिस की एक टीम ने छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस कॉलेज के अंदर जाकर छानबीन की और वहां से कुछ दस्तावेज व आईटीआई कॉलेज से जुड़े कुछ लोगों से पूछताछ करने के बाद उन्हें थाने लाई। चर्चा है कि कॉलेज बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था, फर्जी तरीके से कागजात बनाए जाते थे।

# वकीलों की हड़ताल से काम प्रभावित

डुमरियागंज। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उप निबंधक कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए व हाल ही में संगठन के पूर्व अध्यक्ष इंद्रमणि पांडेय पर हुए हमले में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कलमबंद हड़ताल पर रहे। इससे तहसील परिसर व उप निबंधक कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा।

अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आम जनता की भलाई को देखते हुए आंदोलन किया जा रहा है। 17 जून को ही चेतावनी दी गई थी बावजूद जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिले के सभी अधिवक्ता जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# फर्जी डिग्री बनाने वाले गिरोह पर पुलिस की नजर




आइटीआइ कालेज पर पहुंची पुलिस की टीम • जागरण

**जासं,सिद्धार्थनगर** : डुमरियागंज में फर्जी डिग्री व अंकपत्र बनाने वाले गिरोह पर पुलिस की नजर टिकी है। मंगलवार देर शाम जनपद की एसओजी व थाना पुलिस ने रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव में स्थित एक शिक्षण संस्थान पर छापेमारी की। संस्थान के सभी दस्तावेज व कागजात की जांच की। पूछताछ के लिए दो युवकों को भी थाने पर बुलाया है। हालांकि अभी पुलिस इस मामले में खुलकर कुछ नहीं बता रही है। डुमरियागंज थाना रमवापुर उर्फ नेबुआ में स्थित एक निजी आइटीआइ कालेज में देर शाम करीब आठ बजे संयुक्त टीम ने दबिश दी। दिल्ली में भी इस संस्था के मुख्य शाखा पर मुकदमा पंजीकृत होने की चर्चा होती रही। सूत्रों के अनुसार बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से आइटीआइ संचालित किया जा रहा था। यहां से फर्जी डिग्री व अंकपत्र भी जारी किया गया है। महानगरों में यह मामला पकड़ में आने के बाद जनपद की पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने बताया कि एक शिक्षण संस्थान पर छापेमारी की कार्रवाई हुई है। यहां से फर्जी अंकपत्र व डिग्री जारी होने की सूचना मिली थी। दो लोगों को पूछताछ के लिए थाने पर ले जाया गया है। पूरे मामले की

# मोटर के साथ चार धराए, जेल

घोसियारी, सिद्धार्थनगर : चोरी के पानी के मोटरों संग पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सभी खेसरहा थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव के निवासी है। सभी के कब्जे से पानी के चार मोटर बरामद हुए हैं। आरोपितों में ग्राम कठमोरवा निवासी सोनू पुत्र संतराम पासवान, रविन्द्र पासवान पुत्र राजाराम पासवान प्रदीप पासवान पुत्र संतराम व चिउटहा निवासी ओम प्रकाश पुत्र कृपाशंकर शामिल हैं। इनकी पूरी गैंग है जो रात के अंधेरे में घर के अंदर घुस जाती है और सिर्फ मोटर पंप पर हाथ साफ कर फरार हो जाती है।

# सी-प्लान :एप से जोड़े जाएं 25 लोग

जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर : अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने सोमवार की देर शाम त्रिलोकपुर थाने का औचक निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं को देखा। अभिलेखों का गहनता पूर्वक जांच की तो थाना कार्यालय, भवन, बैरक आदि का भी निरीक्षण किया। उप निरीक्षकों एवं पुलिस कर्मियों के सम्मेलन में उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए।



त्रिलोकपुर थाने के परिसर में लगे उपकरण देखते एएसपी सुरेश चंद्र रावत ● जागरण

- एएसपी ने किया त्रिलोकपुर थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश
- चरित्र प्रमाण-पत्र सत्यापन की रिपोर्ट सात दिन के अंदर कराएं पूरा

एएसपी ने कहा कि सी-प्लान में अभी 12-13 लोग प्रत्येक गांव से जुड़े हुए हैं। इसमें गंभीरता दिखाई जाए और जनपद के सभी थानों को दिए गए निर्देश के क्रम में त्रिलोकपुर थाने में भी प्रत्येक गांव से 25-25 संभ्रांत व्यक्तियों को सी-प्लान एप से जोड़ा जाए ताकि जनता से सूचनाओं का आदान-प्रदान तेजी से हो सके। पासपोर्ट व चरित्र प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की रिपोर्ट सात दिन के अंदर पूरा करने संबंधित निर्देश दिए। कहा कि सत्यापन के नाम पर अधिक दिन तक लोगों को न दौड़ाया जाए। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे में निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। यदि समझौता होता है तो उसकी प्रविष्टि जीडी में भी दर्शाएं। बीट पुलिस अधिकारी भ्रमण के दौरान प्राप्त सूचना को थाने के रजिस्टर में अंकित करें। थाने पर नियुक्त पुलिसकर्मियों व उपनिरीक्षकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए एएसपी ने कहा कि जनता से मित्रवत संवाद बनाएं, जिससे किसी को भी थाने में आकर अपनी बातें कहते के लिए डर महसूस न हो। जो भी समस्याएं आएं, उसको त्वरित निस्तारित करें। औचक निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज अजय श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक विद्याधर कुशवाहा सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हत्यारोपित दो युवकों को आजीवन कारावास

जासं, सिद्धार्थनगर : अपर जिलाजज प्रथम शकीलुर्रहमान की अदालत ने हत्या के मामले में फैसला सुनाया। दो आरोपितों को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। तीसरी महिला आरोपित को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए बरी किया है। अभियुक्त का नाम हबीबुर्रहमान व मोहम्मद रफीक है। बरी होने वाली आरोपित रैतुना है।

अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ईश्वर चंद्र दुबे ने बताया कि 27 मार्च 2014 को पथरा बाजार थाना के ककरापोखर गांव निवासी महमूद की चाकू मारकर हत्या हुई थी। स्वजन मोहम्मद मुस्तफा ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपपत्र दाखिल करते हुए पूरे मामले को दर्शाया। न्यायालय ने सभी साक्ष्य व गवाहों के बयान के आधार पर आरोपितों को दोषसिद्ध पाया।

**कुर्सी फिसलने से सीओ घायल:** सिद्धार्थनगर, पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को प्रतीक्षारत सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह कुर्सी फिसलने से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर व चेहरे पर चोट आई हैं। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह पूर्व में सदर व शोहरतगढ़ सर्किल में तैनात रहे। छह माह पूर्व उनका तबादला सैफई हुआ था। इसके बाद तीन दिन पूर्व दोबारा जनपद में तैनाती हुई।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर दी गई जानकारी

**जोगिया :** मंगलवार को ब्लाक सभागार में अग्निशमन विभाग द्वारा ब्लाक कर्मचारियों व ग्रामीणों को अग्नि सुरक्षा को लेकर तरीका बताया गया । अग्नि शमन अधिकारी नसिरुद्दीन खां ने बताया कि तीन कारणों से अग्नि दुर्घटना होती है। लापरवाही, भूल व अज्ञान। अग्नि सुरक्षा को लेकर 27 बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी मनोज, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल कयूम, फायर मैन रामश्रृंगार ,चालक दीनदयाल, फायर मैन रामवचन यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। (जासं)

## नाबालिग से छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार


**बांसी :** 15 वर्षीय नाबालिग को छेड़ने में एक आरोपित को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित युवक रवींद्र पास कोतवाली के ग्राम डड़िया विशुनपुर का निवासी है। उक्त आरोपित बीते एक पखवारे से आते जाते नाबालिग को छेड़ता रहता था। सोमवार की सुबह जब वह घर से कुछ दूर स्थित सिवान में गई तो वह उसे पकड़ लिया, और अश्लील हरकत करने लगा। उसके शोर मचाने पर आरोपित वहां से भाग गया। घर पहुंच पीड़ित ने आप बीती स्वजन को बताया। पिता ने कोतवाली पहुंच कर पुत्री के बताए अनुसार पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया। (जासं)

# गैंगस्टर पकड़ा गया

बर्डपुर। मोहना पुलिस ने सोमवार देर शाम को एक गैंगस्टर को 110 गोली नशीली दवा और पांच मोबाइल फोन के साथ पकड़ा है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। एसओ मोहाना संतोष सिंह के मुताबिक उसने अपनी पहचान क्षेत्र के हरदासपुर गांव के टोला फागुजोत निवासी अजीज के रूप बताई। वहीं, एक अन्य आरोपी बृजकिशोर उर्फ भोला निवासी कुंइचवर को पकड़ा गया। संवाद

# नियमित योग करने से व्यक्ति रहेगा निरोग

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : स्टेडियम में आबकारी राज्य मंत्री के साथ शामिल हुए दो हजार लोग



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्टेडियम में योग करते मुख्य अतिथि आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल, सांसद जगदंबिका पाल (बाएं) सदर विधायक श्यामधनी राही, बांसी विधायक जय प्रताप सिंह एवं शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा • जागरण






योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल व योग करते डीएम संजीव रंजन,एसपी यशवीर सिंह व सीडीओ • जागरण



योग करती माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय की छात्राएं • जागरण



योग करते भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव,जिपंअ प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह • जागरण



पुलिस लाइन परिसर में योग करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत • जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला स्टेडियम में आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल की मौजूदगी में जिले के सांसद, विधायक, अधिकारी और कर्मचारियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। करीब दो हजार लोगों ने योग कर उसे जीवन में उतारने का संकल्प लिया। स्टेडियम में सुबह छह बजे से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। सुबह सात से आठ बजे तक कतारबद्ध होकर सभी ने योग के विभिन्न आसन के जरिए बीमारी से बचाव के उपाय भी जाने।

आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा कि नियमित योग से व्यक्ति निरोग रह सकता है। योग को जीवन का हिस्सा बनाएं। बीमारी भाग जाएगी। इसकी क्रियाएं हमारी मन मस्तिष्क को निरोग बनाती हैं। सांसद जगदंबिका पाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि अमृत महोत्सव की कड़ी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री को लाइव सुनने का भी अवसर मिला। आज के दिन ही नहीं 365 दिन योग करना चाहिए। योगा ट्रेनर डा. राकेश त्रिपाठी ने योग से विभिन्न बीमारियों को ठीक करने के बारे में अवगत कराया। योग गुरु वीपी राहुल ने भी योग के गुर सिखाए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव, सदर विधायक श्यामधनी राही, बांसी के विधायक जय प्रताप सिंह, शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह, डीएम संजीव रंजन, एसपी डा. यशवीर सिंह, सीएमओ डा. अनिल कुमार चौधरी, सीडीओ जयेन्द्र कुमार सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रीवा, स्कंध, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, हस्तपादासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन,, सेतु बंधासन, प्राणायाम आदि आसन में योग किया। ग्राम पंचायत व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी सामूहिक योग का कार्यक्रम आयोजित हुआ। योग की फोटो विभागीय पोर्टल के साथ ही आयुष मंत्रालय के पोर्टल व एप के माध्यम से अपलोड किया। संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डा. अशोक कुमार व डीडीओ शेष मणि सिंह ने किया।

**जेल में कैदियों ने भी किया योग :** विश्व योग दिवस पर जिला कारागार में कैदियों ने भी सामूहिक योग किया। जेल में 836 कैदी निरुद्ध हैं। इनमें 594 विचाराधीन कैदी हैं, इनमें 29 महिला और 565 पुरुष शामिल हैं। 241 दोष सिद्ध कैदी में 15 महिला व 226 पुरुष शामिल हैं।

**विश्वविद्यालय में भी मना योग :** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षक व कर्मचारियों ने योग किया। कुलपति ने कहा कि योग ने वैश्विक स्वरूप ग्रहण कर लिया है। कुलसचिव राकेश कुमार ने कहा योग से तो मनुष्य निरोगी हो रहे हैं। वित्त अधिकारी अजय सोनकर, डाप. सत्येंद्र दुबे, सूचना जनसंपर्क अधिकारी डा. अविनाश प्रताप सिंह, एनसीसी अधिकारी प्रज्ञेस नाथ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज में प्राचार्य डा. अभय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षक, छात्र व छात्राओं ने योग किया। एनसीसी कैडेट व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। डा. शक्ति जायसवाल, देव दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे। सिद्धार्थ शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थान करौंदा मसिना में संस्थान के चेयरमैन ओपी सिंह, प्राचार्य डीएन यादव व उप प्राचार्य शैलेंद्र चौबे के नेतृत्व में बच्चों ने हिस्सा लिया।

# भाकियू अंबावत गुट ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांसी।** भाकियू (अंबावत गुट) ने मंगलवार को एसडीएम प्रमोद कुमार को 19 सूत्री मांगपत्र सौंपा है। उसमें संगठन के प्रवक्ता कपिलदेव राय ने कहा कि राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा बांसी के प्रबंधक, सहायक अधिकारी व इनके पत्नी की संपत्ति की जांच कराई जाए। उन्होंने आरोप लगाया है कि शाखा प्रबंधक और उनके सहयोगी प्रतिदिन बस्ती जनपद से आते-जाते हैं। इससे बैंक का कार्य प्रभावित होता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष यार मोहम्मद चौधरी, मंडल प्रवक्ता हाजी रुआब अली, तहसील अध्यक्ष रहमत अली, इंद्रजीत, बरकत मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस ने शिक्षण संस्थान पर छापा मारा

डुमरियागंज। थानाक्षेत्र के एक गांव स्थित एक शिक्षण संस्थान पर दिल्ली से आई क्राइम ब्रांच टीम और स्थानीय थाने की पुलिस को छापा करने का मामला सामने आया है। हालांकि, पुलिस इस जांच को लेकर कुछ बताने से इनकार कर रही है।

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के एक आईटीआई में सोमवार रात लगभग 9 बजे डुमरियागंज थाने की पुलिस दो वाहनों के साथ पहुंची।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली से आई क्राइम ब्रांच की टीम ने दस्तावेज और कागजात खंगालने में जुटी रही। कार्रवाई के दौरान वहां पर मौजूद दो कर्मचारियों को पुलिस ने सरकारी गाड़ी में बैठाकर थाने ले आई। इस संबंध में डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी कुछ नहीं बता सकते हैं। संवाद



पुलिस लाइंस में योग करते अधिकारी। विज्ञप्ति



शोहरतगढ़ में सीओ व थानाध्यक्ष के नेतृत्व योग करते पुलिस कर्मी। संवाद

# जिला बदर चाकू के साथ गिरफ्तार

बर्डपुर। कपिलवस्तु पुलिस ने जिला बदर होने के बाद अपने घर पर मौजूद एक आरोपी को चाकू के साथ दबोच लिया।

कोतवाल कपिलवस्तु सूर्यप्रकाश सिंह ने बताया कि बर्डपुर नंबर सात के टोला तेनुहवा निवासी अकबाल जिला बदर अपराधी है।

मंगलवार को वह अपने घर पर पाया गया। उसे चाकू के साथ पकड़ लिया गया। पूछताछ करने के बाद उसे भेज दिया गया। संवाद

# शिकायतों का 24 घंटे में करें निस्तारण : रावत

## एएसपी ने किया त्रिलोकपुर थाने का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** एएसपी सुरेश चंद रावत ने सोमवार की देर शाम त्रिलोकपुर थाने का निरीक्षण किया। थाने की व्यवस्था को देखा और महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एएसपी सुरेश चंद रावत ने कहा कि यदि किसी मामले में समझौता होता है तो उसकी प्रविष्टि जीडी में भी करें। बीट पुलिस अधिकारी अपनी बीट से भ्रमण में प्राप्त सूचना को थाने के रजिस्टर में अंकित करें। थाने पर नियुक्त पुलिसकर्मियों व उपनिरीक्षक का सम्मेलन किया। उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण की बात कही। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन की जांच रिपोर्ट सात दिन के अंदर पूर्ण करके रिपोर्ट करें।

थाना त्रिलोकपुर में भी प्रत्येक गांव से 25-25 संभ्रांत व्यक्तियों को मोबाइल एप से जोड़ें। कहा कि थाने पर आने वाले हर फरियादी की समस्या को सुनकर उसका निस्तारण करें। इस दौरान सीओ डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर विद्याधर कुशवाहा मौजूद रहे।



त्रिलोकपुर थाने का निरीक्षण करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-06-2022

## उत्सव के रूप में पुलिसकर्मियों ने मनाया योग

**दिवस :** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में 'आजादी का अमृत महोत्सव' की भावना के अनुरूप' 8वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुए पुलिस लाइन्स परेड ग्राउण्ड में पुलिस कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। एसपी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव, सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, सीओ धनघटा रामप्रकाश, सीओ मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर आदि के आस-पास गश्त चेकिंग की। बालिकाओं, छात्राओं, महिलाओं को थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# एसपी ने पांच एसआई के कार्यक्षेत्र बदले

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पांच एसआई के कार्य क्षेत्र बदल दिए हैं।

एसपी ने बताया कि दुधारा थाने पर तैनात अमित चतुर्वेदी को चौकी प्रभारी बौरव्यास व शशिकान्त तिवारी को चौकी प्रभारी बनकसिया की जिम्मेदारी दी गइ। धर्मसिंहवा थाने में तैनात सादिक अली को कोतवाली खलीलाबाद, बेलहर में तैनात राजकुमार, राजाराम को महुली थाने पर तैनात किया गया।

एसपी के साथ ही पुलिस कर्मियों ने किया योग: अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने योग किया। पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री राजीव कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ,धनघटा ,मेंहदावल आदि मौजूद रहे। इसके आलवा सभी आठ थानों पर भी शिविर का आयोजन हुआ।

# 16 पर एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**धनघटा :** गरथवलिया में सोमवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर 16 लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में गरथवलिया निवासी संगीता देवी पत्नी हरिकेश ने लिखा है उनके घर के सामने की जमीन पर डीजे रखा था। गांव के बालिंदर आदि लोग उसे उठाकर ले जाने लगे, मना करने पर सभी ने घर में घुसकर मारपीट किया। पुलिस ने मंजू देवी, सीमा , नैना, निखिल, नंदिनी, शिवा, राज मन, चंद्रभूषण, प्रकाश, बलिंदर, रामप्रीत, सूरज, शिवम, इमिरता, इंद्रेश, झिनकू सहित 16 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में योग को शामिल करें

## डीएम, एसपी, एडीएम, सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों व लोगों ने इंटर कालेज में योग किया

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**



हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज में योग करतीं डीएम दिव्या मित्तल व अन्यकर्मी



योग करते एसपी सोनम कुमार व अन्य लोग • जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को सुबह छह बजे से सात बजे तक जिला, तहसील व ब्लाक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के कर्मी व अन्य लोगों ने योग किया। पूरे जनपद में हजारों लोगों ने योग कर निरोग रहने का प्रयास किया। हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज-खलीलाबाद में डीएम, एसपी, एडीएम वित्त एवं राजस्व, सीडीओ सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों, रोटरी क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों, शिक्षकों व बच्चों ने योग किया। विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए 14 से 20 जून तक ब्लाकों, गांवों व अन्य जगहों पर 3.29 लाख लोगों ने योगाभ्यास किया था।

सांसद प्रवीण निषाद, विधायक अंकुर राज तिवारी, अनिल त्रिपाठी, गणेश चौहान, नगर पालिका खलीलाबाद के चेयरमैन श्यामसुंदर वर्मा समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों के साथ योग किया। डीएम दिव्या मित्तल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज-खलीलाबाद में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। नियमित रूप से योग करने पर शरीर स्वस्थ रहता है। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि योग करने से व्यक्ति का न केवल फिटनेस ठीक रहता है अपितु वह निरोग रहते हैं। एडीएम मनोज कुमार सिंह और एएसपी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि विश्व के विभिन्न देशों के लोग शरीर को स्वस्थ रखने

- तहसील व ब्लाक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में कर्मियों व अन्य लोगों ने किया योग
- 14 से 20 जून तक ब्लाकों, गांवों व अन्य जगहों पर 3.29 लाख लोगों ने किया था योगाभ्यास

के लिए योग कर रहे हैं। सीडीओ सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि योग करने पर व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से ठीक रहते हैं। इस अवसर पर डीडीओ सुधम्मा प्रसाद, उपायुक्त मनरेगा जीशान रिजवी, डीपीआरओ राजेंद्र प्रसाद, रोटेरियन व एचआर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह, डा. पीसी त्रिपाठी, डा. देवेंद्र नारायण मिश्र, राज रतन सिंह, एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंशुमान मिश्र, योग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. हरिश कुमार सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, महिला पुलिस कर्मी, स्काउट गाइड, एनसीसी की छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे। वहीं गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) दिवाकर पाण्डेय, बिजली विभाग के एक्सईएन आरके सिंह, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, बिजली विभाग के अवर अभियंता अमित सिंह, औद्योगिक संघ के अध्यक्ष अरविंद पाठक, रवींद्र नाथ मिश्र,धीरज मिश्र, चंदन पाण्डेय, अजय यादव, गोविंद सिंह, गुरनाम सिंह, संतोष गुप्त, योग प्रशिक्षक संदीप मिश्र आदि लोगों ने योग किया।

खलीलाबाद शहर के गोला बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सर्वदानंद पाण्डेय, रामजी गुप्त, महेश गुप्त आदि लोगों ने योग किया। भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनीता अग्रहरि के साथ अन्य लोगों ने खलीलाबाद शहर के आदर्श होटल में योग किया।

**न्यायालय परिसर व जिला कारागार में भी योग किया गया** : विश्व योग दिवस पर न्यायालय परिसर में प्रशिक्षक कन्हैया लाल ने सुबह छह बजे से सात बजे तक योग कराया। अपर जनपद न्यायाधीश व प्रभारी जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ठ, अपर जिला जज दिनेश प्रताप सिंह, सिविल जज व प्रभारी सीजेएम महेंद्र कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरिकेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रभात कुमार दूबे, सिविल जज जूनियर डिविजन एफटीसी मो.फराज के साथ न्यायालय के कर्मी, पराविधिक स्वयं सेवकों आदि लोगों ने भाग लिया। प्रभारी सीजेएम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ जिला कारागार में कैदियों के साथ योग किया।

# फरार वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने मंगलवार को फरार वारंटी विसौवा गांव निवासी कृष्णमति पत्नी विद्या प्रकाश को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके घर पर होने की सूचना मिलने पर उप निरीक्षक नरेंद्र तिवारी, कांस्टेबल सुरेश प्रताप यादव, महिला कांस्टेबल नेहा पाल व आकृति सिंह गांव में पहुंची थी। (जासं)

# शांतिभंग की आशंका में 18 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने मंगलवार को शांति भंग की आशंका में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सात, दुधारा पुलिस ने छह्, धनघटा पुलिस ने तीन तथा बेलहरकला पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। (जासं)

# घायल पिता-पुत्र समेत चार लोगों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी मंगलवार को सूचना मिलने पर धनघटा के गरथवलिया गांव में पहुंचे। मारपीट में घायल हुए इस गांव के हरिकेश पुत्र रामसमुझ, इनके बेटे कुंदन व धर्मवीर तथा रवींद्र को एंबुलेंस से सीएचसी हैंसर बाजार में इलाज के लिए दाखिल करवाया। (जासं)

# अग्निपथ के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने वाले व्यक्ति को भेजा जेल

**जासं, संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मंगलवार को ऊनखास ओनिया गांव निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस व्यक्ति ने साथियों के साथ अग्निपथ योजना के विरोध में नेदुला चौराहे के पास हाईवे को सोमवार को जाम कर दिया था। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को कोतवाली खलीलाबाद थाना के ऊनखास ओनिया गांव निवासी अजय गौड़ पुत्र रवींद्र 50-60 साथियों के साथ मिलकर नेदुला चौराहे के पास गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया था। इसकी वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। जनपद में धारा 144 लागू है। बिना अनुमति के रैली, पदयात्रा,विरोध-प्रदर्शन करने पर मनाही है। इस व्यक्ति ने इसका उल्लंघन करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किया था। मुकामी पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम खत्म हुआ था। पुलिस ने इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

# 28 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने मंगलवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से विभिन्न सरकारी अस्पताल, बैंक शाखा परिसर, चौराहा, तिराहा आदि स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 39 वाहन चालकों से 28 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# बरामद हुई 70 बोटा सागौन की लकड़ी

जासं, धनघटा : पौली–शनिचरा मार्ग पर सोमवार की रात पुलिस कर्मियों ने गश्त के दौरान प्रतिबंधित सागौन की लकड़ी बरामद किया। ट्रैक्टर–ट्राली पर लादकर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। कागजात नहीं मिलने को लेकर पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्राली व लकड़ी को सीज करने के साथ ही ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। धनघटा थाने पर तैनात उप निरीक्षक उदय शंकर द्विवेदी हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त के लिए निकले थे। मार्ग पर एक ट्रैक्टर–ट्राली आती दिखी। उन्होंने रोककर इस पर लदे सामान के बारे में पूछा तो चालक वसीउर्रहमान विचलित हो गया। पुलिस कर्मियों ने जाकर देखा तो ट्राली पर सागौन का 70 बोटा लदा मिला।

# पीएम आवास में शराब दुकान चलने की जांच शुरू

## आबादी के बीच में दुकान को लेकर लोगों में आक्रोश, पीएम आवास का नहीं हो सकता व्यावसायिक उपयोग

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल कस्बे के रुईहट्टा मोहल्ले में लाभार्थी के प्रधानमंत्री आवास में शराब की दुकान चलने के मामले की मंगलवार को तहसीलदार निशा श्रीवास्तव ने जांच की। शराब की दुकान की रूपरेखा व संचालन के दृष्टिकोण से दुकानदार से बात की। इसके साथ ही डूडा कार्यालय के कर्मियों ने भी जांच किया है। जागरण ने मंगलवार को पेज तीन पर प्रधानमंत्री आवास में संचालित हो रही शराब की दुकान शीर्षक के साथ प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। ग्रामीणों ने शराब की दुकान आबादी के बीच में होने व प्रधानमंत्री आवास में शराब की दुकान चलने का आरोप है। जागरण में प्रकाशित खबर का उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया। अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है। जांच अधिकारी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। फिलहाल प्रधानमंत्री आवास में शराब की दुकान चलने व आबादी के बीच में दुकान चलने को लेकर लोगों में आक्रोश है। पीओ डूडा परमिंदर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास का व्यवसायिक उपयोग नहीं किया जा सकता।

इस पूरे मामले की जांच डूडाकर्मियों को भेजकर कराया जा रहा है। अगर अनियमितता पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**जागरण प्रभाव**

- तहसीलदार ने की जांच, आबकारी विभाग से मांगी गाइडलाइन
- जागरण में प्रकाशित खबर का उच्चाधिकारियों ने लिया संज्ञान


प्रधानमंत्री आवास में संचालित हो रही शराब की दुकान


मेंहदावल कस्बे में शराब की दुकान पर जांच के लिए पहुंची तहसीलदार निशा श्रीवास्तव • जागरण

> यह मामला कई विभागों से जुड़ा हुआ है। जांच करने के बाद सभी संबंधित विभागों से स्पष्टीकरण आख्या व गाइडलाइन, शराब की दुकान के आवंटन व शर्तों के बारे में भी जानकारी मांगी गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। मामला सही पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> निशा श्रीवास्तव, तहसीलदार मेंहदावल

# चार महिलाओं समेत 16 के खिलाफ केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**धनघटा।** क्षेत्र के गड़थौलिया गांव में सोमवार शाम जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस मामले में मंगलवार को पुलिस ने चार महिलाओं समेत 16 लोगों के खिलाफ बलवा, चोरी, मारपीट व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

संगीता पत्नी हरिकेश का आरोप है कि गांव निवासी निखिल से जमीन का विवाद लंबे समय से चल रहा है। सोमवार शाम उस जमीन पर कब्जा करने की नीयत से निखिल अपने साथियों और परिजनों के साथ पहुंचे। कब्जा करने से रोकने पर मारपीट करने लगे। पति हरकेश, धर्मवीर समेत आठ लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ केडी सिंह ने बताया कि इस मामले में बलवा, चोरी,मारपीट व दलित उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मंजू, सीमा, नैना, निखिल, नंदिनी समेत 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# किशोरी को भगाने में तीन पर केस

**संतकबीरनगर।** कोर्ट के आदेश पर धनघटा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का केस दर्ज किया है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि दो मई को पट्टीदारी की लड़की और उसके भाई के सहयोग से बगल गांव का युवक बेटी को फुसलाकर बेटी को भगा ले गया। पट्टीदारी की लड़की और उसके भाई से पूछताछ किया तो वे अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दिए। दोनों ने बेटी को बगल गांव के युवक के साथ भगा देने की बात कहीं। आरोप है कि बेटी घर से नकदी और जेवरात भी साथ ले गई है। एसओ धनघटा को 13 मई को प्रार्थना पत्र दिया। आरोप है कि जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो मजबूरन कोर्ट की शरण लिया। एसओ केडी सिंह ने बताया कि तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया है। ब्यूरो

# हाईवे जाम करने वाला गिरफ्तार

## अग्निपथ योजना का विरोध करने वालों पर दर्ज किया गया है मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** अग्निपथ योजना के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया।


कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास कुछ लोगों ने अग्निपथ योजना के विरोध में जाम कर दिया था। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। इस मामले में चौकी इंचार्ज नवीनमंडी रजनीश राय की तहरीर पर तीन नामजद समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी मामले के नामजद आरोपी अजय गौड़ निवासी ऊनखास ओनिया कोतवाली को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। कोतवाल ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य की पहचान की जा रही है। वर्तमान में जिले में धारा 144 प्रभावी है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।



ऊनखास मिश्रौलिया के लोगों ने अपर एसडीएम को ज्ञापन दिया। संवाद

## बेटे को फर्जी फंसाने का आरोप

**संतकबीरनगर।** अग्निपथ योजना को लेकर सोमवार को नेदुला चौराहे पर कुछ युवकों ने सड़क जाम कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने तीन नामजद समेत 60 अज्ञात युवकों पर केस दर्ज किया है। इस मामले को लेकर मंगलवार को एक व्यक्ति ने अपर एसडीएम को ज्ञापन देकर बेटे को फंसाने का आरोप पुलिस पर लगाया है। खलीलाबाद के ऊनखास मिश्रौलिया निवासी रविंद्र गौड़ ने ज्ञापन देकर कहा है कि उसके बेटे अजय गौड़ को अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन करने में झूठा फंसाया जा रहा है। बेटा घर से कहीं गया ही नहीं है। बेटे का मोबाइल सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन से सत्यता की जांच की जा सकती है। उन्होंने न्याय की मांग की है। संवाद



एचआर इंटर कॉलेज में योग करते प्रमुख सचिव नगर विकास, डीएम, एसपी, एडीएम, सीडीओ और अन्य। संवाद

# सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष समेत आठ पर केस

## पूर्व प्रधान के भतीजे और वर्तमान के बेटे के बीच विवाद का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

*धनघटा।* नाथनगर ब्लॉक मुख्यालय पर सोमवार को प्रधान के बेटे और पूर्व प्रधान के भतीजे के बीच विवाद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने प्रधान, सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष समेत आठ लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट कर बेहोश कर देने और अपशब्द कहने के आरोप में केस दर्ज किया है।

नोक्ता गांव निवासी अमर सिंह पुत्र रामदास का आरोप है कि ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के जरिए चकरोड कार्य नहीं कराया गया था। इसी तरह अन्य कार्यों में अनियमितता बरती गई थी। बड़े पिता रामनाथ यादव ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी थी। यह बात प्रधान को नागवार लगी। वह सोमवार को ब्लॉक पर गए थे।

आरोप है कि उसी दौरान ग्राम प्रधान चक्रधारी के साथ उनका बेटा अभिषेक उर्फ मंटू अपने अन्य सहयोगियों के साथ पहुंच गया। लोग उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लोग उसे मारपीट कर घायल कर दिए। पिटाई से वह बेहोश गया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि अमर सिंह की तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान चक्रधारी, उनके बेटे अभिषेक उर्फ मंटू, अश्वनी निवासी चंद्रौटी, सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद उर्फ रामा यादव निवासी परसाभारी, ओमप्रकाश, रमेश, मनोज उर्फ बजरंगी निवासी नोक्ता के खिलाफ बलवा और मारपीट कर बेहोश कर देने व अपशब्द कहने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

### गांव में तनाव की स्थिति

धनघटा। नाथनगर ब्लॉक मुख्यालय पर सोमवार को ग्राम पंचायत की सूचना मांगे जाने को लेकर पूर्व-प्रधान के भतीजे और वर्तमान प्रधान के बेटे के बीच विवाद हो गया था। इस घटना से वर्चस्व को लेकर गांव में देर रात दोनों पक्ष तीन बार आमने - सामने हुए। पुलिस मौके से पांच बाइक को कब्जे में ले लिया।

### एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप

धनघटा। प्रधान चक्रधारी ने पुलिस पर आरोप मढ़ा कि विवाद में इसके बेटे अभिषेक उर्फ मंटू को भी चोटें आई है, लेकिन पुलिस उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही है। पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है। वे उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाएंगे।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-06-2022

# अवैध खनन करने पर ट्रैक्टर ट्राली सीज की

धानेपुर। अवैध रूप से खनन की सूचना पर खनन विभाग की टीम ने छापेमारी कर मौके से मिली एक ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर धानेपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। वहीं एक ईट भट्ठा को सीज करने की कारवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि खनन निरीक्षक शिवदयाल सिंह की ओर से एक ट्रैक्टर ट्राली सुपुर्द किया गया है।

# पति ने रचाई दूसरी शादी, पत्नी पहुंची थाने, कार्रवाई की मांग

धानेपुर। पति के दूसरी शादी रचाने पर ग्राम पंचायत धानेपुर के जैनपुरवा गांव की महिला कामिनी चौहान थाना पहुंच गई। शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र के मुताबिक उसके चार बेटियां हैं। वह पिछले कुछ दिनों से मायके में रह रही थी। सोमवार को उसके पति ने दूसरी शादी रचाकर पत्नी को घर ले आया है। वहीं पति का कहना है कि उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद होने के बाद दूसरी शादी की है। पहली पत्नी ने पहले साथ रहने से इंकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# अग्निपथ को लेकर डीएम व एसपी से मिले पूर्व सैनिक

संसू, गोंडा: अग्निपथ के समर्थन में मंगलवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक एवं जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने डीएम व एसपी से मुलाकात की। पूर्व सैनिकों ने अग्निपथ को देश के विकास में सहायक बताया है। वहीं, अग्निपथ को लेकर नगर, स्टेशन व परसपुर बाजार में अतिरिक्त पुलिस बल को चौकसी के लिए लगाया गया है।

समिति के अध्यक्ष राम नरेश गोस्वामी, उपाध्यक्ष सूबेदार शत्रुहन मौर्य, नगर अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने डीएम डा. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को संबोधित समर्थन पत्र अधिकारियों को दिया गया। कहा कि सेना में भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निपथ योजना एक दूरगामी योजना है।


यह योजना युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के साथ ही आर्थिक रूप से सक्षम करने में सहायक सिद्ध होगी।

इधर प्रशासन ने सतर्कता के मद्देनजर गोंडा रेलवे स्टेशन के साथ ही चौक, आंबेडकर चौराहे पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की थी।

परसपुर बाजार में भी पुलिस सतर्कता करती दिखी।

# दो लोग गिरफ्तार

**संसू, आर्यनगर :** कौड़िया के परसिया रानी सिसई गांव निवासी राम प्रसाद व घिराऊ को मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस लाइंस मैदान में योग करते डीआइजी उपेंद्र अग्रवाल व एसपी संतोष कुमार मिश्र क्रमशः दाएं से ● जागरण

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-06-2022

# दुष्कर्म अभियुक्त को जेल

**ललिया** : ललिया पुलिस ने विवाहित के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त अशफाक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी ने बताया कि शनिवार की रात शौच को गई विवाहिता को अशफाक गन्ने के खेत में खींच ले गया था। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। आरक्षी सागर रावत, बालेंदु सिंह, नीरज कुमार के साथ मिलकर अभियुक्त को राजीपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संसू)

# केंद्रीय गृह मंत्री पदक पाकर निरीक्षक ने बढ़ाया गौरव



सोशल मीडिया सेल प्रभारी राम प्रकाश यादव को प्रशस्ति पत्र देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना दाएं ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सोशल मीडिया सेल में तैनात निरीक्षक राम प्रकाश यादव को अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से नवाजा गया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने निरीक्षक को प्रमाण पत्र देकर पदक धारण कराया। एसपी ने बताया कि अपराध अनुसंधान अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री भारत सरकार से यह पदक पाकर निरीक्षक रामप्रकाश ने जनपद पुलिस का गौरव बढ़ाया है।

# आला अफसरों से सम्मान पाकर मेधावियों के खिले चेहरे

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इसमें यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके प्रधानाध्यापकों को जिलाधिकारी श्रुति ने सम्मानित किया।

हाई स्कूल में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहजौरा की छात्रा कुमकुम देवी ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर जीएल यादव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयानगर रेहराबाजार की रोली वर्मा व तीसरे स्थान पर किसान इंटर कालेज सिंहमुहानी गैंसड़ी के विशाल वर्मा हैं। इंटरमीडिएट परीक्षा में बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कालेज के आनंद प्रताप सिंह ने प्रथम व दुर्गेश कुमार पांडेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एचआरए इंटर कालेज उतरौला के छात्र रामसजन भी दूसरे स्थान पर रहे। बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कालेज के अविनाश वर्मा व तुलसीपुर सिटी मांटेसरी इंटर कालेज की साक्षी त्रिपाठी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना व मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्राफी एवं प्रेरणादायक पुस्तक प्रदान की। सभी को उपहार स्वरूप एक-एक पौधा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किए गए मेधावियों के साथ डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना मध्य में ● फोटो सूचना विभाग

सभी मेधावी छात्रों के अभिभावक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्यों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि सभी छात्रों ने विषम परिस्थिति एवं संसाधनों के अभाव में भी कठिन परिश्रम करते हुए जो मुकाम हासिल किया है, वह काबिले तारीफ है। सभी छात्र मेहनत करते हुए आगामी सभी परीक्षाओं में ऐसे ही सफलता प्राप्त करें। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, अपर एसडीएम ज्योति गौतम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. रामचंद्र मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 4
लखनऊ, 22 जून, 2022
www.jagran.com





# गूंजे योग से निरोग रहने के मंत्र

## बलरामपुर जिले में शहर से लेकर गांव तक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस























लाभार्थियों को बुलाया गया है। शिविर में उद्यम पंजीकरण बदलने की भी सुविधा दी जाएगी। उद्यम रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक व चेक की कापी लाना अनिवार्य है। (संवाद)

# तमंचे के साथ अभियुक्त को दबोचा

**पेहर बाजार।** रेहरा बाजार थाने से जुड़े पेहर चौकी की पुलिस ने मंगलवार को देशी तमंचे के साथ एक अभियुक्त को धर दबोचा है। अभियुक्त टॉप-10 का अपराधी है। सीओ उतरौला उदयराज सिंह ने बताया कि मसीहाबाद ग्रंट गांव के पास बूधीपुर निवासी विपिन सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। (संवाद)

# 143 बोतल नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार

**बलरामपुर।** विशेष परिवर्तन अभियान के तहत डीएम श्रुति के निर्देश पर आबकारी विभाग की तरफ से अवैध कच्ची शराब के खिलाफ धर पड़ अभियान चलाया गया। टीम ने 143 शीशी नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने देहात कोतवाली के ग्राम बेला बेली, हरिहरगंज व सिसई, तुलसीपुर थाना के चैपुरवा, भानपुर व कहारनपुरवा, पचपेड़वा थाना क्षेत्र के कटियाभारी व गौरा भारी और रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के हरविलासगंज व रामनाथपुर गांव में दबिश दी गई। दबिश में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। दो तस्करों को 143 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तीन लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है। आबकारी दुकानों का निरीक्षण भी किया गया है। (संवाद)

परीक्षा 2022 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल,

साथ प्रदे
91.17

# बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर। जिले के सभी कोतवाली व थानों में तैनात एंटी रोमियों टीम ने अपने-अपने क्षेत्रों में मंगलवार को भ्रमण कर बेटियों व महिलाओं को जागरूक किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बेटियों व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। (संवाद)

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मेधा का सम्मान

## डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में यूपी बोर्ड मेधावियों को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

संवाद न्यूज एजेंसी



बलरामपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किए गए हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों के साथ मौजूद डीएम श्रुति व अन्य। -संवाद

**बलरामपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार ढंग से अंक अर्जित करने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को डीएम ने मेधावियों को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। अभिभावकों व प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया है।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डीएम श्रुति ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में विषम परिस्थिति व संसाधनों के अभाव में कठिन परिश्रम कर जो मुकाम हासिल किया है वह काबिले तारीफ है। डीएम के साथ एसपी राजेश कुमार सक्सेना, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, एडीएम राम अभिलाष, अपर एसडीएम ज्योति, डीआईओएस गोविन्द राम, बीएसए डॉ. रामचंद्र व डॉ. चंदन पांडेय ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2022 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्राफी, मेटिवेशनल बुक प्रदान कर सम्मानित किया। डीआईओएस ने कहा कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले का बेहतरीन परिणाम रहा है।

हाईस्कूल परीक्षा में 88.84 फीसदी के साथ प्रदेश में 13वां व इंटरमीडिएट परीक्षा में 91.17 फीसदी के साथ प्रदेश में 18वां स्थान रहा है। हाईस्कूल पथरीक्षा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहजौरा की छात्रा कुमकुम देवी को प्रथम, श्रीजीएल यादव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयानगर रेहरा बाजार की छात्रा रोली वर्मा को द्वितीय व किसान इंटर कालेज सिंहमुहानी गैसड़ी के छात्र विशाल कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया है।

इंटरमीडिएट में सीएमएस इंटर कालेज के छात्र आनंद प्रताप सिंह को प्रथम, सीएमएस इंटर कालेज के छात्र दुर्गेश कुमार पांडेय व एचआरए इंटर कालेज उतरौला के छात्र राम सजन को संयुक्त रुप से द्वितीय, सीएमएस इंटर कालेज बलरामपुर के छात्र अविनाश वर्मा व सीएमएस इंटर कालेज तुलसीपुर की छात्रा साक्षी त्रिपाठी को संयुक्त रुप से तृतीय स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में टाप टेन की सूची में आने वाले एमपीपी इंटर कालेज के छात्र मनीष यादव को डीएम ने सम्मानित किया है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य एमपीपी राकेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य सीएमएस केपी यादव, डॉ. शेहाब जफर, डॉ. इफ्तेखार, एजाज मलिक, अब्दुर्रहमान सिद्दीकी, कमरुल चौधरी, राजेन्द्र कृष्ण श्रीवास्तव, रमेश चंद्र, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश कुमार यादव व अमित कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# सभी को दिलाया संकल्प, करें योग रहें निरोग

## सार्वजनिक स्थलों और विद्यालयों व ग्राम पंचायतों में सामूहिक योग के बड़ी संख्या में उमड़े लोग



बलरामपुर के उतरौला में योगाभ्यास करते विधायम राम प्रताप वर्मा।-संवाद



स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास करतीं डीएम श्रुति व अन्य। -संवाद



तुलसीपार्क में योगाभ्यास करते सदर विधायक पल्टूराम व अन्य।-संवाद



बलरामपुर के तुलसीपुर में योगाभ्यास करते विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व अन्य।-संवाद



जिला कारागार में योगाभ्यास करते बंदी।-संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** आठवें विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले के लाखों लोगों ने योगाभ्यास कर निरोग रहने का संकल्प लिया। पार्कों, मैदानों के अलावा विद्यालयों, स्वयं सेवी संगठनों तथा ग्राम पंचायतों में लोगों ने धूमधाम से योगाभ्यास किया। सनातन संस्कृति के इस प्राचीन कला को लोगों ने आत्मसात किया और दूसरों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में डीएम श्रुति, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य तथा एडीएम राम अभिलाष के साथ सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास कर लोगों से नियमित रूप से अपनाने की अपील की। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। योग प्रशिक्षक डॉ. अमरजीत ने लोगों को योगाभ्यास कराया। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने जवानों के साथ पुलिस लाइन में योगाभ्यास कर चुस्त और दुरुस्त रहने का संकल्प लिया। सदर विधायक पल्टूराम ने तुलसीपार्क में एसएससी ग्रुप तथा योग गुरु वीर विक्रम सिंह के साथ योग कर लोगों को योगासन से होने वाले लाभ के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, डीपी सिंह, संजय शर्मा और बृजेंद्र तिवारी सहित शहर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने सरस्वती शिशु मंदिर तुलसीपुर में कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास कर नगरवासियों को योग की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने स्थानीय नगर में कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास कर लोगों को इसे जीवन में नियमित रूप से अपनाने के प्रति जागरूक किया। जिले के सभी 800 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों तथा परिषदीय विद्यालयों में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। स्वयं सेवी संगठनों ने भी योग कर लोगों से स्वस्थ रहने की अपील की।

एसएसबी 9वीं तथा 50वीं वाहिनी के जवानों ने अपने मुख्यालयों तथा एनसीसी कैडेटों ने एमपीपी इंटर कालेज में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

मनरेगा श्रमिकों ने सभी ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल पर योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। जिले के सभी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर सीएमओ डॉ. सुशील कुमार के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। पचपेड़वा के लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में लोगों ने पूर्व भाजपा विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। जिला कारागार में बंदियों को योगाभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि सिविल जज जूनियर डिवीजन अजय सिंह ने योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग गुरु डॉ. वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बंदियों को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में प्रभारी अधीक्षक बाल कृष्ण मिश्र, उप कारापाल जनमेजय सिंह, निर्भय सिंह, अधिवक्ता मुकेश सिंह व संतोष श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर में युवा प्रकोष्ठ की तरफ से योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, सतीश चंद्र मिश्र, शिव प्रसाद वर्मा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सुरेश वर्मा व सुनील कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। नगर स्थित जामिया अरबिया अनवारूल कुरान अरबी डिग्री कालेज में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने योग किया। एमएलके पीजी कॉलेज में प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

# इंस्पेक्टर राम प्रकाश को मिला केंद्रीय गृह मंत्री का पदक

**बलरामपुर।** जिले में तैनात इंस्पेक्टर राम प्रकाश यादव को केंद्रीय गृह मंत्री का पदक दिया गया है। एसपी ने पदक धारण कराकर इंस्पेक्टर को सम्मानित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपराध अनुसंधान में बेहतर सेवा के लिए पदक प्रदान किया है।



**एसपी ने पदक धारण कराकर इंस्पेक्टर को किया सम्मानित**

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर को पदक धारण कराते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। गृह मंत्री का पदक पाकर इंस्पेक्टर ने जिले का नाम रोशन किया है। सोशल मीडिया सेल में इंस्पेक्टर की तैनाती है। इस माध्यम से उन्होंने बेहतर सेवा दी है जिससे प्रभावित होकर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया है। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-06-2022

# गैंगरेप के मामले में तीन नामजद आरोपी गिरफ्तार

■ 11 दिन पूर्व एक शादी के दौरान हुई थी वारदात

■ तीसरे आरोपी ने छेड़छाड़ कर बनाई थी वीडियो

बहराइच, संवाददाता। खैरीघाट थाने की पुलिस ने 11 दिन पूर्व एक किशोरी के साथ हुए रेप मामले में रविवार को केस दर्ज कराया गया था। केस दर्ज होने के 16 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

खैरीघाट थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की 14 वर्षीय किशोरी गांव में ही 11 जून की रात एक घर में शादी समारोह में गई थी। वह लघुशंका गई जहां मौजूद एक युवक अपहरण कर उसे विद्यालय में ले गया। वहां पहले से दो युवक मौजूद थे। छतरपुर निवासी मुनान उर्फ प्रमोद कुमार व मिथुन ने किशोरी के साथ गैंग रेप किया। जबकि बकैना निवासी अमरजीत ने छेड़छाड़ की, और वारदात का वीडियो बना लिया। किशोरी के मुताबिक लगभग दो घंटे बाद उसे छोड़ा गया, तब वह सीधे घर पहुंची। दूसरे दिन अपनी मां को वारदात के बारे में जानकारी दी। 20 जून को पीड़िता ने मां के साथ थाने पहुंचकर अपने साथ हुई वारदात की नामजद तहरीर दी।

पुलिस ने इस मामले में छेड़छाड़, गैंगरेप, धमकी, पाक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर किशोरी को महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकल को भेजा। एसएचओ निखिल कुमार मिश्रा, सिपाही अजय यादव, श्यामजी यादव ने दबिश देकर आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# खाद का अवैध कारोबार करते मिले दो लोगों पर एफआईआर

## नेपाल में सरहद पर बलई गांव स्थित दो घरों में एकत्र 140 बोरी उर्वरक जब्त की गई

**कार्रवाई**

बहराइच, संवाददाता। जिले में धान की रोपाई के दौरान किसानों को खाद की उपलब्धता बनाए रखने व कालाबाजारी पर अंकुश को लेकर जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय व एसएसबी के अफसरों ने इण्डो-नेपाल सरहद पर संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान दो घर से 140 बोरी डम्प उर्वरक बरामद की गई। कारोबार में लिप्त दो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

कृषि महकमें के अफसरों व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मंगलवार को दोपहर मिहींपुरवा ब्लॉक के इण्डो-नेपाल सरहद के बलई गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लल्लन कुमार गुप्ता पुत्र मुद्रिका प्रसाद के घर में लगभग 95 बोरी डीएपी, यूरिया आदि उर्वरक व पौंडा गांव निवासी रिंकू कुमार पुत्र लल्लन प्रसाद के यहां 45 बोरी सहित कुल 140 बोरी उर्वरक बरामद हुई। इन को जब्त कर लिया गया है। अवैध कारोबार में लिप्त दोनों के विरुद्ध मोतीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी की भनक लगते ही चार दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गए।

> "बार्डर पर लगातार कृषि विभाग की ओर से छापेमारी की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सतीश कुमार पाण्डेय,** जिला कृषि अधिकारी बहराइच



मिहींपुरवा कस्बे में मंगलवार को उर्वरक दुकान का निरीक्षण करते डीएओ व अन्य

### आधार व खतौनी पर ही खाद उपलब्ध कराएं

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि दुकानदार लगातार अभिलेखों को दुरुस्त करते रहें। किसानों को आधार व खतौनी के हिसाब से ही उर्वरक की पीओएस मशीन से बिक्री करें। अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसान किसी भी परेशानी के लिए जिला कृषि कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## छापेमारी [illegible] पर दुकान[illegible]

बहराइच। कृषि विभाग की [illegible] बार्डर पर उर्वरक की बि[illegible] लाइसेंस नहीं जारी किए ज[illegible] इसके बावजूद कुछ लोग उर्व[illegible] अवैध कारोबार में लिप्त हैं। [illegible] विरुद्ध विभाग ने सख्त कार्रवा[illegible] की है। मंगलवार को बलई [illegible] गांव में छापेमारी के दौरान [illegible] लगने पर दुकान बंदकर फरा[illegible]

दुकानदार बलई गांव [illegible] अमन बीज भंडार, अंश[illegible] भंडार, बाबा कृषि बीज भं[illegible] अनीस बीज भंडार सहित च[illegible] बीज बिक्री का लाइसेंस निरस्[illegible] की कार्रवाई की जा रही है।



इंदिरा सटेडियम में योग करते जिलाधिकारी व अन्य।

# जिलाधिकारी ने योग कर लोगों को दिया निरोग रहने का संदेश

**बहराइच।** इंदिरा स्टेडियम में वनमंत्री केपी मलिक मौजूद रहे। उन्होंने योग जीवन की जीवटता के लिए जरूरी होने का संदेश दिया, तो डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने भी लोगों से योग साधना का आवाहन किया। यहां छह हजार लोगों ने योग में हिस्सा लिया।

एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी, एडीएम मनोज कुमार, एसपी केशव कुमार चैधरी, सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र मौजूद रहे।

# सूरज की आभा संग दिखा योग का नजारा

सुबह के पांच बज चुके थे। बदले पोशाकों में लोग योग साधना के लिए तैयार हो चुके थे। सूरज की आभा चमकने के साथ मानवता के लिए योग का संदेश देने के लिए लोग स्टेडियम व खुली जगहों पर पहुंच चुके थे। मंगलवार को भोर यह नजारा शहर ही नहीं गांवों में भी कुछ इसी तरह दिखा। योग की विभिन्न विधाओं ने आकार लेकर करें योग, हर कोई रहे निरोग का तराई की धरा से बड़ा संदेश दिया गया। इसमें 11.28 लाख लोगों ने हिस्सा लिया।

आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर से लेकर गांवों तक की आबोहवा योगमय रही। हर घर में योग साधना के साथ ओम के उच्चारण से मन, क्रम व वचन को शांति देने का प्रयास हुआ। इसी का नतीजा रहा कि जिले का लक्ष्य टूटा ही नहीं, वरन 11.28 लाख लोगों ने जिलेभर में हिस्सा लेकर भारतीय संस्कृति को जीवित रखने व स्वस्थ रहने के पथ प्रदर्शक योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प भी लिया।

पयागपुर तहसील परिसर में एसडीएम दिनेश कुमार के नेतृत्व में कर्मियों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रशिक्षकों ने योग से होने वाले फायदों के बारे में बताया तहसीलदार सुनील कुमार ने किया।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्रा, जितेंद्र कुमार ,कौशल त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला, आनंद कुमार,मयंकर शुक्ला मौजूद रहे। महसी तहसील के विभिन्न स्थानों, कार्यालयों व विद्यालयों में दि आर्ट ऑफ लिविंग के गुरुआचार्यों ने योग कराया। अनीता देवी, अमर नाथ, संदीप कुमार, शिक्षक नैमिष गिरि मौजूद रहे। मिहींपुरवा कस्बे के सर्वोदय इंटर कॉलेज में एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने योग शिविर में हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव, श्रवण कुमार मदेशिया, डॉ. उपेंद्र कुशवाहा, डॉ. कंचन, एसपी मौर्या, पुनीत मिश्रा, राजकुमार यादव, अक्षय कुमार मौजूद रहे।

विशेश्वरगंज में ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति के तत्वावधान में योग शिविर लगा। इसमें सदस्यों के अलावा ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। ग्राम पंचायत कंछर, सड़ागांव, खरिहा दाचौली, तकिया, उधरना सरहदी, बंजरिया, फतेहपुर, फतेहपुरवा, जमुनहा कला, पटना, परसिया में भी योग शिविर लगा।



इंदिरा गांधी स्टेडियम में योग शिविर में योग करते लोग।

## स्वयंसेवी संस्थाओं ने योग से निरोग का दिया संदेश

बहराइच। जन शिक्षण संस्थान, केजीबीवी बेगमपुर के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रथम यम द्वितीय-नियम तृतीय आसन चतुर्थ प्राणायाम पंचम प्रत्याहार षष्टम-धारणा सप्तम-ध्यान अष्टम समाधि योग से मनुष्य के शरीर में ऊर्जा मन शान्ति, सहज, सरल व एकता की भावना जागृत होना बताया गया। कालिका प्रसाद पांडेय व वार्डन इरफाना तसलीम योग शिक्षक ईशा श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, शुभी माथुर, सोनी मौर्या, सीमा सिंह मौजूद रहे। नारायण नेचुरोपैथी, योगा व विपश्यना सेंटर बख्शीपुरा में डॉ. अखिलेश कुमार ने योग, प्राकृतिक चिकित्सा व विपश्यना के सम्बंध में जानकारी दी और योगाभ्यास कराया।



भाजपा कार्यालय में आयोजित योग शिविर में जिलाध्यक्ष व अन्य

## भाजपा ने 421 शक्ति केंद्रों पर आयोजित किया योग

**योगाभ्यास**

बहराइच, संवाददाता। भाजपा के 421 शक्ति केंद्रों पर योग शिविर लगा। इसमें जिला, मोर्चों के पदाधिकारियों एवं मंडल के पदाधिकारियों ने 311 सेक्टरों पर उपस्थित रहकर प्राणायाम एवं योग किया। जिलाध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल योग कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राहुल राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पर भी योग शिविर का आयोजन हुआ।

इसमें अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. तौसीफ अहमद ने योग एवं प्राणायाम करवाया। जिलाध्यक्ष ने अवसाद, तनाव भरी जिंदगी से मुक्ति को योग का मंत्र दिया। सुषमा चौधरी,राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हे लाल लोधी, रणविजय सिंह, जय प्रकाश शर्मा, दीपक सत्या, सुनील श्रीवास्तव, हेमा निगम, हरिश्चन्द्र गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, प्रमोद पाण्डेय, चौधरी पूरन सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू , विपिन सक्सैना, उर्मिला शुक्ला, ज्योति सिंह, अभिलाषा वर्मा, मोहिनी सोनी, सुनीता वाल्मीकि ने योग किया।

मंजू निगम, पूनम अग्रवाल, एकता जायसवाल, अमित शर्मा, अखिलेश यादव गोले, हरी गुप्ता, पंकज केसट, अजीत प्रताप सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, पुष्पनाथ तिवारी, संजय जायसवाल, केके मिश्रा मौजूद रहे। बलहा ब्लॉक के ग्राम जरही में भाजपा की ओर से योग शिविर लगाया गया।

इसमें बलहा में विधायक सरोज सोनकर, आलोक जिंदल योग प्रशिक्षक विजयपाल, पंकज गिरि, मिथिलेश जायसवाल, नरेश श्रीवास्तव, राम नारायन मौर्य, शैलेश सिंह, मनीष वर्मा, शाहिद अली, शिवजी पोरवाल, अमित वाल्मीकि, राजेश गोयल योगाभ्यास में शामिल रहे।


## कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अम्बेडकर नगर

संख्या : 378/सा0प्रशा0/नीलामी/2022 दिनांक : 20 जून, 2022

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अम्बेडकर नगर जनपद के विभिन्न थानों में बकाया करो के अभियोग के अन्तर्गत निरुद्ध वाहनों की उ0प्र0करारोपण अधिनियम 1997 की धारा–22 (3) तथा उ0प्र0 कराधान नियमावली 1998 के नियम–9 (क) के अन्तर्गत सार्वजनिक नीलामी जहाँ है जैसी अवस्था में है के आधार पर कार्यालय परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या 551/ सा0प्र0/ 2022–08 टीआर/नीलामी/15 लखनऊ दिनांक 17 जून, 2022 की अनुमति के अनुपालन में **उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय अम्बेडकर नगर के प्रांगण में दिनांक 20.07.2022 को अपराह्न 12:30 बजे सम्पन्न की जानी है**। इच्छुक व्यक्ति प्रश्नगत वाहनों की वर्तमान स्थिति सम्बन्धित थानों में नीलामी के पूर्व देख सकते हैं, वाहनों का विवरण निम्न प्रकार है–

उक्त सार्वजनिक नीलामी के इच्छुक व्यक्तियों को उक्त नियम–9 (क) के अनुसार जमानत राशि तथा बोली स्वीकार

# मिलावटी शराब बरामद

**बहराइच :** आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार को फत्तेपुरवा, तमाजपुर, निम्बूवारी, जगीर गांव और बदलू भगत पुरवा में छापेमारी की। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। शराब बनाने के मामले में तीन मुकदमा भी दर्ज किया गया है। (संसू)

# चोरी के सामान संग दबोचा

**रिसियामोड़ :** रामगांव पुलिस ने चेकिंग के दौरान बहराइच-कटाहीघाट मार्ग पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। उसके पास से तीन जोड़ी चांदी की पायल बरामद हुई। उसकी पहचान रमवापुर निवासी दिलशाद के रूप में हुई है। एसओ संजय कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित को कोर्ट भेजा गया। (संसू)

# अभियान चला बाजारों व सड़कों से हटाया गया अतिक्रमण

**संसू, नानपारा/गजाधरपुर :** मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर बाजारों व सड़कों से अतिक्रमण हटाया। नोटिस भी दिया गया।

लोक निर्माण विभाग ने नानपारा नगर के इमामगंज बाईपास चौराहे पर सड़क से चार मीटर पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। यहां पर नानपारा-इमामगंज मार्ग की दोनों पटरियों पर अतिक्रमण कर रखा था। अवर अभियंता श्रीकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में बुलडोजर लगाकर पटरी पर रखी गुमटी व अन्य कब्जे को हटाया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व कैसरगंज तहसील प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में दल ने गजाधरपुर, फखरपुर, रुकनापुर बाजार में नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराया। नायब तहसीलदार विजय कुमार शुक्ल ने बताया कि दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी भी दी गई है।

**खुद हटाया अतिक्रमण-फखरपुर :** तहसीलदार विजय कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर बुलडोजर से बहराइच-लखनऊ हाईवे किनारे पटरियों से अतिक्रमण हटवाना शुरू किया। बुलडोजर चलता देख लोगों ने खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों पटरियां साफ हो गईं।

# खाद का किया अवैध भंडार, दो पर मुकदमा

**जासं, बहराइच :** सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के साथ कृषि विभाग की टीम ने मंगलवार को बलई गांव में छापा मारा। यहां बगैर लाइसेंस खाद की दो दुकानें चलती पाई गईं। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि बलई गांव में छापेमारी के दौरान लल्लन प्रसाद गुप्त व पौंडा निवासी रिंकू कुमार के यहां अवैध रूप से बड़ी मात्रा में उर्वरक का भंडार मिला। उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज करा दी गई है। दुकानें बंद कर भागने वाले अमन बीज भंडार, अंश बीज भंडार, अनीस बीज भंडार एवं फजुलरहमान बाबा कृषि बीज भंडार का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। मिहींपुरवा के भोला खाद भंडार, ज्योति एवं रोहित खाद भंडार को अप्रैल 2021 के मुकाबले इस बार ज्यादा खाद बेचने व उसका हिसाब न दे पाने पर नोटिस दिया गया है।

# खाद के अवैध धंधे में दो पर केस, चार के लाइसेंस निरस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध कराने व इसके अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में कृषि विभाग व एसएसबी की संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापे मारे। टीम मिहींपुरवा तहसील के बॉर्डर पर स्थित बलईगांव की बीज की दुकानों पर पहुंची।

**सीमा क्षेत्र में खाद के अवैध कारोबार को लेकर टीम ने मारा छापा**

यहां दो दुकानदार बीज के नाम पर खाद बेचते पाए गये। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं। वहीं, चार दुकानदारों टीम देखकर दुकान छोड़ दी। इनके लाइसेंस निरस्त किए गये हैं। भारत सरकार की ओर से सीमा के पांच किलोमीटर के दायरे में खाद बिक्री पर रोक है। इसके बावजूद कई दुकानदार बीज के लाइसेंस पर खाद का अवैध कारोबार करते हैं। ऐसे दुकानदारों को सबक सिखाने के लिए मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान लल्लन प्रसाद गुप्ता की बीज की दुकान से 97 बोरी अवैध यूरिया, डीएपी व एसएसपी बरामद हुई।

बीज विक्रेता रिंकू कुमार की दुकान से 40 बोरी अवैध खाद बरामद हुई। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई। वहीं, टीम को देखकर अनीस बीज भंडार, बाबा कृषि बीज भंडार, अमन बीज भंडार व अंश बीज भंडार के संचालक दुकान छोड़कर भाग गये। जिला कृषि अधिकारी ने सभी के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं।

■ ***दो दुकानदारों को नोटिस्*** : मिहींपुरवा स्थित ज्योति खाद भंडार व रोहित खाद भंडार पर खाद बिक्री में अनियमितता की शिकायत हुई थी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि छापे के दौरान दोनों दुकानों की जांच की गई, लेकिन विक्रेता उचित कागजात उपलब्ध नहीं करवा पाए। दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तय समय में दोनों सूचना उपलब्ध नहीं करवा पाए तो लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।



मिहींपुरवा में बीज की दुकान में छानबीन करती टीम। -संवाद

## छापा मारकर 65 लीटर शराब पकड़ी

**बहराइच।** अवैध शराब के उत्पादन व बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग अभियान चला रहा है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर छापा मारा जा रहा है। आबकारी कर्मियों की टीम ने मंगलवार को तहसील क्षेत्र नानपारा व महसी में छापा मारकर 65 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान तीन मुकदमे भी दर्ज किए गये। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि टीम ने नानपारा व महसी के फत्तेपुरवा, तमाजपुर, निंबुवारी, जगीर गांव और बदलू भगतपुरवा में छापा मारा। इस दौरान अलग-अलग स्थानों से 65 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए तीन मुकदमे दर्ज किए गये। अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के उत्पादन व बिक्री पर अंकुश लगाने के साथ ही पड़ोसी देश नेपाल से होने वाली शराब तस्करी के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पुलिस कर्मियों व एसएसबी जवानों की भी मदद ली जा रही है। संवाद



# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-06-2022

# तीमारदार की पिटाई, केस दर्ज

श्रावस्ती। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के वीरगंज में हिन्दुस्तान नाम से नर्सिंग होम संचालित है। जहां एक महिला का सीज़ेरियन ऑपरेशन हुआ था। महिला का ससुर मोल्हे अपनी पत्नी के साथ नर्सिंग होम के बाहर बैठा था। तभी नर्सिंग होम कर्मचारी मनोज वर्मा व अन्य एक व्यक्ति चौपहिया से आये जो शराब के नशे में थे। वे प्रसव पीड़िता के ससुर को गाली गलौज करते हुए बिना कुछ बताये जूतों से पीटने लगे।

जब तक कोई मौके पर पहुंचता तब तक दोनों मौके से भाग गए। पीड़ित ने मल्हीपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मनोज वर्मा व एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में दो लाख 42 हजार 181 लोगों ने किया योग, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी लिया भाग

# गांव से लेकर शहरों तक हर जगह योग की धूम

योग दिवस



इकौना में योग करते विधायक।

श्रावस्ती, टीम। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में योग कराया गया। शहरों से लेकर गांवों तक हर जगह सुबह योग शिविर आयोजित करके लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का तरीका बताया गया। योग शिविर में जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। योग दिवस पर करीब ढाई लाख लोगों ने योग किया।

जिला मुख्यालय स्तर पर स्टेडियम में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में जिला पंचायत दद्दन मिश्रा व विधायक भिनगा इन्द्राणी वर्मा ने दीप जलाकर योग शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिले के नोडल आयुक्त खाद्य एवं रसद सौरभ बाबू, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र भी मौजूद रहे। इस मौके पर दद्दन मिश्रा ने कहा कि प्राचीन काल से ही योग भारतवर्ष की संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा रहा है। सभी जनपदवासी योग को अपना लें तो दवाओं पर व्यय होने वाले रुपये को रोका जा सकता है। वहीं आयुक्त सौरभ बाबू ने कहा कि भाग दौड़ भरी जिन्दगी में योग का महत्वपूर्ण स्थान है। यदि हम सब प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास करें तो निश्चित ही स्वस्थ रहेंगे। आंकड़े के अनुसार जिले में दो लाख 42 हजार 181 लोगों ने योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

वहीं पुलिस लाइन में आयोजित योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक जितेन्द्र मिश्रा ने पुलिसकर्मियों को योग कराया। इस मौके पर एसपी अरविन्द कुमार मौर्य सहित सभी अधिकारियों व सिपाहियों ने योग किया। इकौना के जगतजीत इंटर कालेज इकौना में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय व एसडीएम आरपी चौधरी ने योग किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि योग करके शरीर को निरोग रखा जा सकता है। इसलिए योग को नियमित जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए। वहीं 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा तथा इसकी सीमा चौकियों में रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी कमान्डेंट के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के सभी जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर कमान्डेंट ने कहा कि योग से मन, मस्तिष्क एकाग्र होता है। इससे शरीर और मन को शक्ति मिलती है। इस मौके पर संदीप कुमार जेटली द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. अजीत उप कमान्डेंट (चिकित्सा), योगेंदर सिंह उप कमान्डेंट, निरीक्षक (संचार) सुरेश कुमार व अन्य कार्मिक मौजूद रहे। इसी तरह से गांवों में भी शिविर का आयोजन करके योग कराया गया।

# एसओ ने टीम के साथ मार्च किया

कटरा। सेना में भर्ती को लेकर केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का देश व प्रदेश में लगातार विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते जनपद श्रावस्ती में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है और नियमित भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल करने में जुटी हुई है।

# 19 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 19 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए।

# दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार, जेल भेजा

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को सोनवा पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित आरोपी पति विष्णु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

# दबोचा गया दहेज हत्यारोपित

**श्रावस्ती :** सोनवा पुलिस ने गश्त के दौरान लखाहीखास लक्ष्मननगर गांव से दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे लखाहीखास निवासी विशनू को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा गया है। (**वि.**)

# शांतिभंग में 12 पाबंद

**श्रावस्ती :** विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपितों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान विभिन्न 12 व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा गया। (**वि.**)

# शांतिभंग के आरोप में 12 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने अभियान के दौरान सोमवार रात 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इन लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। संबंधित लोगों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। बता दें कि इन दिनों एसपी के आदेश पर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। संवाद

# 2.41 लाख ने सेहत के लिए साधा योग

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जुटे लोग, जिलेभर में हुए कार्यक्रम, कस्बों से लेकर गांवों तक धूम

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में मंगलवार को दो लाख, 42 हजार, 181 लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भिनगा के स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। इस दौरान आयुक्त खाद्य एवं रसद सौरभ बाबू नोडल अधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर जिले के सभी गांवों व कार्यालयों में योगाभ्यास किया गया।

स्टेडियम में आयोजित योगाभ्यास के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के मैसूर पैलेस ग्राउंड से किया जिसका लाइव प्रसारण एलईडी वैन के माध्यम से किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्राचीन काल से ही योग भारतवर्ष की संस्कृति व सभ्यता का हिस्सा रहा है जिसे हम लोग भूल चुके थे।

अगर आम लोग योग को अपना लें तो दवाओं का खर्च बचाया जा सकता है। इसके लिए जन-जन को योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इस दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में योग का महत्वपूर्ण स्थान है। यदि हम सब प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास करें तो निश्चित ही स्वस्थ रहेंगे।



बौद्ध तपोस्थली में योगाभ्यास के लिए काफी संख्या में जुटे लोग। -संवाद





स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिनगा में योग कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला पंचायत अध्यक्ष साथ में डीएम और जिले के नोडल अधिकारी। -संवाद

■ **न्यायालय परिसर में भी जुटे कर्मचारी :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर न्यायालय परिसर में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने की। शिविर में न्यायिक अधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया।

## नियमित योग से शरीर रहता है स्वस्थ

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। नियमित योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। सीडीओ अनुभव सिंह ने कहा कि योग प्रतिदिन करना चाहिए जिससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है। जिला चिकित्सालय स्थित योग वेलनेस सेंटर में योग प्रशिक्षक अरुण कुमार ने योगाभ्यास कराया। साथ ही लोगों को प्रतिदिन योग करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सर्व शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। योगाभ्यास कार्यक्रम सभी ब्लॉक मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों, नगर निकायों, पंचायत भवनों व परिषदीय विद्यालयों में हुआ। इस मौके पर दो लाख 42 हजार 181 लोगों ने योगाभ्यास किया।

## पुलिस लाइन में भी लगा योग शिविर

पुलिस लाइन में एसपी अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। इस दौरान एएसपी केशव चंद्र गोस्वामी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी 62वीं बटालियन भिनगा में भी योगाभ्यास हुआ। इस मौके पर निरीक्षक रघुनाथ शर्मा ने लोगों को योग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक हेमराज, करुणा सिंधु चौहान, राकेश कुमार, अवधेश कुमार, राजकुमार महतो आदि मौजूद रहे। वहीं, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से संचालित जन शिक्षण संस्थान, भिनगा में भी योग कार्यक्रम हुआ। जगतजीत इंटर कॉलेज, इकौना में प्रधानाचार्य डॉ. भूटेश्वर पांडे ने छात्रों को योग सिखाया। इस मौके पर विधायक रामफेरन पांडे मौजूद रहे। कटरा में पुरातत्व विभाग की ओर से बौद्ध तपोस्थली में योग शिविर का आयोजन किया गया। मदरसा अनवारुल उलूम में आयोजित योगाभ्यास में मदरसे के मौलानाओं के साथ ही छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

# चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों के गांवों में शक्ति मोबाइल टीम में शामिल महिला आरक्षियों ने महिलाओं व युवतियों को गांव में एकत्र कर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत उनके कानूनी अधिकार के बारे में जानकारी दी। उन्हें आत्मरक्षा के तरीके, सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी भी दिया।

मंगलवार भिनगा कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मनपुर बाजार में महिला आरक्षी सोनी देवी व अर्जिता यादव ने महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090 व उनके अधिकार के बारे में बताया। वहीं महिला आरक्षी द्वारा महिलाओं को सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं व ग्रामीणों को पंफलेट भी बांटा। इसी क्रम में नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती, गिलौला, सोनवा थाना क्षेत्र में नारी सुरक्षा दल ने भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। संवाद

**विशेष बैंक जांच अभियान चलाया :** श्रावस्ती के जिला पुलिस की ओर से मंगलवार को विशेष बैंक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व इकौना ने थाना तथा चौकी प्रभारियों के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक, एटीएम व ग्राहक सेवा केंद्रों के आसपास जांच की। संवाद

# 19 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान मंगलवार को 19 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 30 हजार रुपये शमन शुल्क भी वसूला। संवाद

# दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मननगर के मजरा लखाहीखास निवासिनी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मायके वालों की तरफ से दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। वांछित विशनू पुत्र कैलाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। संवाद